

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
बिलासपुर, बुधवार, 4 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक –35 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



चिराग पासवान को आगामी विस चुनाव में उतरना चाहिए : अरुण — पृष्ठ 3
■ पहली बार हो रहा सेना का निर्लज्ज इस्तेमाल
■ आतंकवादविरोधी राष्ट्रीय सर्वानुमति कौन तोड़ रहा है? — पृष्ठ 4
■ आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटिश नेताओं का समर्थन
■ गाजा में मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 लोगों की मौत — पृष्ठ 9
इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधु ने नोजोमी ओकुहारा को हराया — पृष्ठ 10

विपक्षी दलों के 'इंडिया गठबंधन' ने की बैठक

# मोदी को लिखा पत्र, संसद सत्र बुलाने की मांग

- गठबंधन के 16 दलों ने लिया हिस्सा, आप व एनसीपी शरद ने किया किनारा
- पत्र पर 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए
- संजय राउत बोले, विपक्ष जनता की आवाज



जब अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की तो इसने सभी को चौंका दिया इसलिए देश जानना चाहता है कि आखिर ऐसा कैसे हुआ : दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस नेता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई रोकने में अपनी भूमिका को लेकर 15 दिनों में 13 बयान दिए और उनके बयानों से भारत की भावनाएं आहत हुई हैं। इन बयानों से पूरा राष्ट्र आहत है: मनोज झा, राष्ट्रीय जनता दल

पहलगाम हमले के बाद आतंकवादी ठिकानों पर हमला और फिर पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई हुई। उसमें हम कितना सफल हुए और आज हमारी स्थिति क्या है, किन देशों ने इस कार्रवाई के दौरान हमारा साथ दिया, यह यह देश जानना चाहता है: राम गोपाल यादव , समाजवादी पार्टी

**नई दिल्ली**, 3 जून (देशबन्धु)। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने पहलगाम हमला, आपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं।

इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतिनिधि मंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे इसकी जानकारी देश चाहता है। विपक्षी दलों ने कहा कि सांसदों का प्रतिनिधि मंडल लौट रहा है और इसमें दुनिया को समझाने में हम कितना सफल रहे इस बारे में सारी जानकारी संसद में दी जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि पूरी दुनिया को बताने के लिए सांसदों का प्रतिनिधि मंडल विदेशों में भेजा जाता है लेकिन अपनी संसद और उसके माध्यम से देश की जनता को कुछ नहीं बताया जाता है। संसद सत्र को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि विशेष सत्र बुलाकर सांसदों और देश को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देना जरूरी है। बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद देश जानना चाहता है कि पाकिस्तान को आतंकवाद के नाम पर दुनिया में अलग थलग करने तथा आतंकवाद को खत्म करने में हमारी कोशिश कितना सफल रही है। यह बात संसद में बताई जानी चाहिए इसलिए संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट था और कांग्रेस पार्टी तथा सभी विपक्षी दल अपने सशस्त्र बलों और सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की तो इसने सभी को चौंका दिया इसलिए देश जानना चाहता है कि आखिर ऐसा कैसे हुआ। विपक्ष सरकार से लगातार संसद सत्र का विशेष सत्र बुलाकर जानकारी साझा करने की मांग कर रहा है ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें। पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका से सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा तक की स्थिति पर संसद में बात होनी चाहिए और देश को बताया जाना चाहिए कि आतंकवाद को कैसे खत्म करना है और इस पर हमारी अगली रणनीति क्या है इसको लेकर संसद में ही व्यापक चर्चा होनी चाहिए।

**बैठक में ये दल हुए शामिल**

बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, शिवसेना उद्धव गुट, राजद, नेशनल कॉन्फ्रेंस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आईयूएमएल, आरएसपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित 16 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया।

# भूअर्जन मामले में बिलासपुर आरटीओ 5 साल पुराने केस में निलंबित, तब एसडीएम थे

## रायपुर के एक और अधिकारी निशाने पर

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। अभनपुर भारतमाला सड़क के भूअर्जन में 200 करोड़ से ज़्यादा का घपला अभी गर्म है। एडिशनल और डिप्टी कलेक्टर समेत कुछ अधिकारी फ़रार चल रहे हैं। उधर बिलासपुर में अरपा की एक नहर के लिए भूअर्जन में बड़ा घपला फूट गया है। करोड़ों के इस खेल में भी अफसर ही सरकार के निशाने पर आ गए हैं। इस मामले में सरकार ने बिलासपुर के सीनियर आरटीओ आनंदरूप तिवारी को निलम्बित कर दिया है। सवाल यह भी पैदा हो गया है कि जब इस अफ़सर का आलरेडी करोड़ों के घपले में नाम था तो उसे परिवहन विभाग में डेपुटेशन पर क्यों भेजा गया। आरटीओ किन लोगों ने बनवाया था। सिर्फ आनन्दरूप ही नहीं, नहर भूअर्जन स्कैम में राज्यसेवा के रायपुर में पदस्थ सीनियर अफसर, एक-दो तहसीलदार और जल संसाधन विभाग के अफसरों पर भी आईएएस सौरभ कुमार की रिपोर्ट में उँगलियाँ उठाई गई थीं, लेकिन अभी उन पर एक्शन बाक़ी है।



अरपा भैसाझार नहर के भूअर्जन के समय आनंदरूप तिवारी कोटा के एसडीएम थे। शासन से जारी आदेश में कहा गया है कि तिवारी के भूअर्जन प्रभारी अफसर रहते हुए इस नहर के लिए भूअर्जन में शासन को भारी नुकसान पहुचाया गया।

अफसर का यह कृत्य अपने कार्य के प्रति उदासीनता और गंभीर लापरवाही का द्योतक है। शासन ने आरटीओ तिवारी को सस्पेंड कर बिलासपुर कमिश्नर ऑफिस में अटैच किया है। शेष अफसरों पर कार्रवाई कब होगी, क्या यह स्कैम भी भारतमाला भूअर्जन स्कैम की तरह ईओडब्लू को सौंपा जाएगा, ये सवाल अफसरों के बीच चर्चा में हैं।

**सार संक्षेप**

### जी-7 सम्मेलन में शामिल नहीं होना कूटनीतिक विफलता : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि जी-7 यानी समूह सात के देशों के शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित किया जाता रहा है लेकिन पिछले छह साल में यह पहला मौका है जब भारत इस सम्मेलन में हिस्सा लेने नहीं जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों तथा जर्मनी के चांसलर का जी-7 शिखर सम्मेलन 15 जून से कनाडा में अल्बर्टा के कनानास्किस में हो रहा है। इस शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है।

### भारत ध्रुवीय अनुसंधान पोत बनाएगा, नॉर्वे के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** भारत पहली बार नार्वे के सहयोग से अपना पहला पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत (पीआरवी) बनाने जा रहा है तथा नार्वे की कंपनियों को भारत के पोतनिर्माण और पुराने पोतों को तोड़ने के कारोबार में निवेश बढ़ाने का निमंत्रण दिया है। नार्वे की यात्रा पर गए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में भारत के स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने नार्वे के कोंग्सबर्ग समूह के साथ सहयोग के करार पर हस्ताक्षर किए गए।

### भारत ने पाकिस्तान के 9 से अधिक ठिकानों को पहुंचाया नुकसान

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकियों के ठिकाने को ध्वस्त किया था। इसी बीच पाकिस्तान डोजियर ने भारत के हमले में हुए नुकसान को लेकर बड़ा कबूलनामा किया है। पाकिस्तान के ऑपरेशन 'बुनयान उन मार्सोस' पर आधिकारिक डोजियर में बताया गया है कि भारत ने कम से कम आठ अतिरिक्त ठिकानों पर हवाई हमला किया है। जिनका खुलासा भारत की तरफ से पहले नहीं किया गया था।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड का आदेश

# निकाह पढ़ाने के लिए ईमाम/मौलाना अब 11 सौ रूपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगे

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने समस्त वक्फ संस्थाओं (मस्जिद, मदरसा, दरगाह) के मुतवल्लीयों के लिए एक बड़ा आदेश जारी किया है जिसमें यह कहा गया है कि, छत्तीसगढ़ में अब निकाह पढ़ाने के लिए ईमाम/मौलाना द्वारा जो नजराना/उपहार लिया जाता है वह 11 सौ रूपये से अधिक नहीं ले सकेंगे।




डॉ.सलीम राज के पास विगत दिनों कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थी कि किसी एक इमाम/मौलाना ने निकाह पढ़ाने के लिए 5100 रूपये नजराना/उपहार न दिये जाने पर निकाह पढ़ाने से इनकार कर दिया और वहां से चले गये। इस प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डॉ.राज ने यह आदेश जारी किया है कि अब प्रदेश भर के इमाम/मौलाना निकाह पढ़ाने के लिए 11 सौ रूपये से अधिक नजराना/उपहार नहीं ले सकेंगे। इस्लाम में शरीयत का भी यह हुक्म है कि निकाह को आसान करें। पूरे प्रदेश में लगभग 800 से अधिक इमाम और मौलाना है जो निकाह पढ़ाने का काम करते हैं, यदि किसी इमाम या मौलाना द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है या किसी इमाम या मौलाना के विरूद्ध इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगा।

डॉ. सलीम राज ने कहा कि, यह फरमान जारी करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि, समाज के अति पिछड़ा वर्ग और गरीब वर्ग के लोग को सहूलियत दी जाये, चूंकि एक गरीब परिवार के लिए 5100 रूपये बहुत महत्व रखता है उसे कमाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष के इस फरमान से समाज में जो एक विसंगती पैदा हो गई थी वह दूर होगी और गरीब परिवार के लोगों को निकाह पढ़ाने के लिए कोई बड़ी रकम नजराना नहीं देना होगा।

डॉ. सलीम राज ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि गरीब का हक गरीब को मिले। तीन तलाक का कानून लागू होने से मुस्लिम तलाकशुदा महिला आज सुखी जीवन व्यतीत कर रही है। तलाक में आज 35 प्रतिशत की कमी आई है।

# कमल हासन को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार



**बेंगलुरु**, 3 जून (एजेंसियां)। कन्नड़ भाषा पर दिए कमल हासन के बयान को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता को कन्नड़ भाषा की उत्पत्ति पर उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि अपनी गलती के लिए वे पुलिस सुरक्षा क्यों मांग रहे हैं? कोर्ट ने कहा, 'अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं करना चाहिए।' न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी कमल हासन की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक के सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए सुरक्षा की मांग की थी। कमल हासन ने कहा था कि कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है, जिसके बाद कर्नाटक में उनके खिलाफ विरोध शुरू हो गया।

### हर दो घंटे में मिलेंगे मतदान के सटीक आंकड़े

**नई दिल्ली**, 3 जून (एजेंसियां)। मतदाता मतदान प्रतिशत को लेकर लगातार विपक्ष के आरोपों का सामना कर रहा निर्वाचन आयोग एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह अनुमानित मतदाता मतदान प्रतिशत डेटा समय पर मिल सके इसके लिए वह एक सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-आधारित प्रणाली शुरू कर रहा है। जिससे पहले की मैन्युअल रिपोर्टिंग विधियों से जुड़ी समय-देरी 'काफी हद तक' कम हो जाएगी।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस चलाएगी आंदोलन

**रायपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10463 स्कूलों को बंद करने के विरोध में कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने घोषणा किया, चार चरणों में आंदोलन होगा।



- बीईओ एवं डीईओ कार्यालय का घेराव
- बंद स्कूलों में पालको, विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा

पहले चरण में 5, 6 एवं 7 जून को जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता आयोजित होगा। जिसमें वरिष्ठ नेता मीडिया के माध्यम से इसका विरोध करेंगे।

दूसरा चरण में 9, 10 एवं 11 जून को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

तीसरा चरण 16 से 25 जून तक 3 से 5 किलोमीटर की जिला स्तरीय च्शिक्षा न्याय यात्राज्ञ निकालकर जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

चौथा चरण 1 से 10 जुलाई तक प्रत्येक ब्लाक में 5 से 10 बंद स्कूलों में पालको, विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नये सेटअप के नाम पर किये जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

# ट्रंप का फोन आया और बस सरेंडर



- इतिहास गवाह है, यही बीजेपी-आरएसएस का कैरेक्टर है
- कांग्रेस के शेर-शेरनियां कभी झुकते नहीं
- अमेरिकी धमकी के भी पाकिस्तान तोड़ा

**भोपाल**, 3 जून (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश दौरे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सीजफायर में ट्रंप के दावों का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार से सवाल पूछे। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, ट्रंप का एक फोन आया और नरेंद्र जी तुरंत सरेंडर हो गए। इतिहास गवाह है यही बीजेपी-आरएसएस का कैरेक्टर है, ये हमेशा झुकते हैं।

कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने कहा, भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पावर से लड़ते हैं और कभी झुकते नहीं हैं। इंदिरा गांधी के समय फोन कॉल नहीं सातवां बेड़ा आया था, लेकिन इंदिरा गांधी ने कहा मुझे जो करना है वो करूंगी। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है. महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल ये सरेंडर वाले लोग नहीं हैं, बल्कि सुपरपावर से लड़ने वाले लोग है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, एक तरफ कांग्रेस पार्टी है और देश का संविधान है। दूसरी तरफ बीजेपी-आरएसएस है, जो संविधान को खत्म करने में लगी है. जातिगत जनगणना को लेकर भी उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

**हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, हमने कह दिया कि हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे और लोकसभा में जातिगत जनगणना पास करवा के दिखाएंगे। इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोहन भागवत, नितिन गडकरी ने कई बातें कहीं, लेकिन इन पर थोड़ा सा दबाव पड़ा और ये सरेंडर कर गए। बीजेपी-आरएसएस के लोग दबाव में आकर जातिगत जनगणना की बात बोल गए हैं, लेकिन जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहते हैं। ये लोग देश में न्याय नहीं चाहते हैं।

**जिलाध्यक्षों की भूमिका बढ़ाएंगे**-उन्होंने आगे कहा कि जिलाध्यक्षों की भूमिका विधानसभा के उम्मीदवार से लेकर लोकसभा के उम्मीदवार के चयन में अहम होगी। जिलाध्यक्ष ताकतवर होंगे। पार्टी आने वाले समय में ब्लॉक स्तर पर जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में पार्टी ताकतवर है और उन्हें 55 नेताओं की जरूरत है। इसके लिए पार्टी बेहतर और ऊर्जावान लोगों की तलाश करेगी। यहां के नेताओं में भाजपा को हराने की क्षमता है मगर उनके हाथ बंधे हुए हैं। राहुल गांधी ने राज्य में सक्षम कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपे जाने की बात कही।

# आतंकी संबंधों के चलते तीन सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू**, 3 जून (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी गुटों के संबंध रखने के आरोपों के चलते तीन सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। इन तीनों का संबंध लश्करे तौयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन से बताया जाता था जबकि इन्हें संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) के तहत लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा द्वारा जारी किए गए आदेश के द्वारा नौकरियों से निकाल दिया गया। जानकारी के लिए यह अनुच्छेद राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में विभागीय जांच के बिना बर्खास्तगी की अनुमति देता है। बर्खास्त व्यक्तियों में मलिक इशफाक नसीर, एक पुलिस कांस्टेबल शामिल हैं, अजाज अहमद, एक सरकारी स्कूल शिक्षक

- लश्करे तौयबा व हिज्बुल से बताया जाता था संबंध

और वसीम अहमद खान, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में एक जूनियर सहायक है। तीनों वर्तमान में सलाखों के पीछे हैं। राज्य प्रशासन ने इन तीनों की बर्खास्तगी का ब्यौरा देते हुए बताया कि सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, 2007 में जम्मू कश्मीर पुलिस में शामिल होने वाले मलिक इशफाक नसीर ने लश्करे तौयबा के हैंडलर्स के साथ निकटता बढ़ाते हुए उसके साथ काम कर रहे थे और जम्मू क्षेत्र में हथियारों को ड्रोन से गिराने में की सुविधा प्रदान की थी। जांच से पता चला कि उन्होंने सीमा पार से जीपीएस-सक्षम हथियारों को कश्मीर तक पहुंचाने में मदद करने के लिए अपनी स्थिति का उपयोग किया और घाटी में सक्रिय आतंकवादियों को हथियारों को ले जाने में सहायता की।वर्ष 2011 से स्कूली शिक्षा विभाग में सेवा दे रहे अजाज ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# उप्र में पूर्व अग्निवीरों को पुलिस में मिलेगा 20 फीसदी आरक्षण

**लखनऊ**, 3 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में अग्निवीरों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट बैठक में फैसला लिया गया कि अब यूपी पुलिस और पीएसी में भर्ती के दौरान अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन्हें आयु सीमा में भी विशेष छूट दी जाएगी।

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुडसवार और फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा।

भर्ती घोटाला — चयनित उम्मीदवारों और चयन समिति के लोगों के कॉल डिटेल की हो जांच

# शहीद महेंद्र कर्मा विवि में दो और अभ्यर्थियों ने अनुसूचित जनजाति आयोग में की शिकायत

**जगदलपुर, 3 जून (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के कुलपति आरोपो का सीधा सीधा जवाब देने की बजाए यूजीसी नियम का हवाला देकर सबको गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।**

*बस्तर के वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता उमाशंकर शुक्ल ने कुलपति द्वारा मीडिया के समक्ष कही गई बातों को गलत ठहराते हुए कहा है कि कुलपति यह क्यों नही बता रहे हैं कि शैक्षणिक पदो की भर्ती में छत्तीसगढ़ के आरक्षण रोस्टर नियम का अक्षरशः पालन किया गया है या नहीं। श्री शुक्ल ने कहा कि कुलपति को यह भी स्पष्ट करना चाहिए था कि जब आपने अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करते हुए विज्ञापन निकाला जिसका प्रमाण यह है कि आपने इंटरव्यू में अधिकतम आयु सीमा के लोगों को अवसर दिया, तो यह भी बताए कि अधिकतम आयु सीमा को शिथिल करने का संशोधित विज्ञापन या शुद्धि पत्र कब और किस माध्यम से प्रकाशित किया गया। इस बात का जवाब देने की बजाय बार बार यूजीसी नियम की आड़ लेकर खुद को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।*




■ उमाशंकर शुक्ल ने की जांच की मांग

*जिस यूजीसी रेगुलेशन 2018 की बार बार आड़ ले रहे कुलपति यह बताए कि यूजीसी नियम में कहाँ नाट फाउंड सुटेबल का प्रावधान परिभाषित किया गया है। कुलपति यह ना समझे कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के लोगों को यूजीसी रेगुलेशन और नियम की जानकारी नहीं है। श्री शुक्ल ने कहा कि कुलपति ने यह भी झूठ कहा है कि एक केंडिडेट होने पर नाट फार सुटेबल किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार मैनेजमेंट विषय में एसोसिएट प्रोफेसर के लिए 6 उम्मीदवार आए थे तो फिर आपने छह के छह उम्मीदवारों को क्यों नॉट फाउंड सुटेबल कर दिया और प्रेस वार्ता लेकर झूठा वक्तव्य दिया।*

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# रजिस्ट्री कार्य को सरल, सुगम, सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने 10 क्रांतिकारी बदलाव

**जिले के प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ता, व्यापारी, मीडिया और अधिकारियों को दी गई जानकारी**






**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 03 जून (देशबन्धु)। संपत्तियों की रजिस्ट्री कार्य को सरल, सुगम, सुविधाजनक और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार द्वारा 10 क्रांतिकारी बदलाव-सुधार किए गए हैं। इस बदलाव की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यशाला में विधायक प्रणव कुमार मरपची सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ता, व्यापारी, मीडिया एवं अधिकारियों को आमंत्रित कर रजिस्ट्री में किए गए क्रांतिकारी बदलाव के बारे में वीडियो प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तार से बताया गया।

कार्यशाला में मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और पंजीयन विभाग के मंत्री ओ पी चौधरी के प्रयासों से रजिस्ट्री से संबंधित विसंगति को दूर कर क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव को समझने के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया है। आप सभी के माध्यम से इस बदलाव की जानकारी जनमानस तक पहुंचाना है।

रजिस्ट्री में हुए क्रांतिकारी बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने मीडिया से उन आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पारिवारिक बटवारे में पैतृक संपत्ति का रजिस्ट्री में बड़ी दिक्कत होती थी। अब सिर्फ 500 रूपए में रजिस्ट्री हो जाएगा। रजिस्ट्री के साथ पेड़ों के दाम भी बनते थे, अब जिओ टेग से स्पष्ट होने पर पेड़ की कीमत शून्य कर दिया गया है। उन्होंने नामांतरण में पटवारियों की भूमिका पर कहा कि आज का समय हाईटेक हो गया हैस्र। रजिस्ट्री में क्रांतिकारी बदलाव से समय भी बचेगा और विसंगतियां भी नहीं होगी।

विधायक प्रणव कुमार मरपची ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री को सरल किया है। इस प्रक्रिया को सभी ने वीडियो के माध्यम से देखा है। यह अच्छी सुविधा है, लोग इसका फायदा उठायेंगे। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्री कार्य को सरलीकृत एवं डिजिटलीकरण किया गया है। उन्होंने कार्यशाला से लाभान्वित होने और इसका लाभ लेने कहा। मास्टर ट्रैनर उप पंजीयक योगेन्द्र पटेल ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से रजिस्ट्री कार्य में हुए क्रांतिकारी बदलाव की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतिकारी बदलाव- फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन, रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड, ऑनलाइन भार मुक्त प्रमाण पत्र, स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेश भुगतान, व्हॉट्सअप सेवाएं, डिजीलॉकर सेवायें, रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वत: निर्माण, घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण, घर बैठे रजिस्ट्री और रजिस्ट्री के साथ स्वत: नामांतरण की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद गौरेला श्री मुकेश दुबे, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मरवाही श्रीमती मधु गुप्ता, जनपद अध्यक्ष गौरेला शिवनाथ बघेल, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जिला रजिस्टार बिलासपुर राजू स्वर्णकार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिवक्ता, व्यापारी, मीडिया और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस निगरानी में हुई काउंसलिंग



### शिक्षक संगठन ने लगाया तानाशाही का आरोप

**मुंगेली** 03 जून (देशबन्धु)। जिले में अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में भारी पुलिस सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई। प्राथमिक शाला के 164 सहायक शिक्षक और 1 प्रधानपाठक की पदस्थापना प्रक्रिया के दौरान जिला प्रशासन ने त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की थी। मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर और जवानों की तैनाती के साथ केवल सूचीबद्ध शिक्षकों को ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। हालांकि, इस दौरान शिक्षक साझा मंच के प्रदेश सह-संचालक संजय उपाध्याय और मोहन लहरी सहित अन्य शिक्षक नेताओं को काउंसलिंग स्थल में प्रवेश नहीं दिया गया, जिससे नाराज शिक्षकों ने जिला प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना करते हुए काउंसलिंग की गई है। शिक्षक नेताओं का आरोप है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत दर्ज बच्चों की संख्या को दरकिनार कर अतिशेष शिक्षकों की सूची बनाई गई। वहीं शासन के नियमानुसार दिव्यांग शिक्षकों को अतिशेष की सूची से बाहर रखा जाना चाहिए, लेकिन एक दिव्यांग महिला व्याख्याता को सूची में शामिल किया गया, जिसकी आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके अलावा वरीयता सूची में भी कई विसंगतियां पाई गईं, जिन पर दावा-आपत्ति के बाद सुधार किया जाना था, लेकिन प्रशासन ने इन आपत्तियों की अनदेखी की। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर शिक्षक साझा मंच ने विरोध प्रदर्शन किया और मामले को उच्च न्यायालय में ले जाने की चेतावनी दी है।

विरोध में जिला संचालक दीपक वेंताल, बलराज सिंह, लक्ष्मीकांत जडेजा, रमन शर्मा, बलजीत सिंह कांत, नेमी चंद भास्कर, मनोज कश्यप, मनोज अंचल, अखिलेश शर्मा, शैलेंद्र ध्रुव, विश्वनाथ राजपूत, जितेंद्र धृतलहरे सहित साझा मंच के सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। साझा मंच ने इस प्रक्रिया को राज्य में प्रशासनिक तानाशाही का उदाहरण बताया और शिक्षक हितों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही है।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री और कलेक्टर ने अस्पताल परिसर कोटमी में किया वृक्षारोपण



**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 03 जून (देशबन्धु)। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटमी में एक्सरे मशीन की शुभारंभ के बाद परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर आम के पौधे का रोपण किया। इसी तरह कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने भी परिसर में अमरूद के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद गौरेला मुकेश दुबे, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नपा अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने माता की प्रथम पुण्यतिथि पर भागवत कथा का आयोजन किया

**मुंगेली** 03 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला द्वारा अपनी पूज्य माता की प्रथम पुण्यतिथि (वार्षिक श्राद्ध) के पावन अवसर पर एक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक आयोजन 4 जून से आरंभ होकर 11 जून तक चलेगा। यह पुण्य कार्य वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास बाल व्यास गौरव दास महाराज के श्रीमुख से संपन्न होगा, जिनकी कथाओं में भक्ति, श्रद्धा और गूढ़ आध्यात्मिक ज्ञान का अद्भुत समागम देखने को मिलता है। इस भागवत कथा की विशेष बात यह है कि इसके माध्यम से कोरोना महामारी के दौरान दिवंगत हुई 50 आत्माओं को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। श्री शुक्ला ने बताया कि यह आयोजन केवल एक पारिवारिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि सामूहिक संवेदना और पुण्य समर्पण का माध्यम है, जिसमें समाज के उन सभी लोगों को याद किया जाएगा जो कोविड काल में असमय इस दुनिया को अलविदा कह गए।भागवत कथा के आयोजन स्थल और समय की विस्तृत जानकारी शीघ्र ही आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। नगरवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर इस आध्यात्मिक आयोजन में सहभागी बनें और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करें।

### जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मुंगेली,** 03 जून (देशबन्धु)। मानसून के आगमन के साथ संभावित बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु मुंगेली जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी कर ली है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर जिला कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 116 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इस नियंत्रण कक्ष का उद्देश्य बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में तात्कालीक राहत उपाय सुनिश्चित करना है। यह कक्ष तहसील स्तर पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्षों से जानकारी संकलित कर उसे संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाएगा, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07755-264440 है, जिस पर आम नागरिक आपदा की स्थिति में संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने अतिरिक्त कलेक्टर श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी (मो. नं. 9827986654) को इस नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है, जिससे 24 घंटे सतत निगरानी की जा सके। तहसील स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी एवं उनके संपर्क सूत्र इस प्रकार हैं- मुंगेली- प्रभारी तहसीलदार कुणाल पाण्डेय - मो. नं. 8103537727, पथरिया- तहसीलदार श्रीमती छाया अग्रवाल - मो. नं. 9584756761, लोरमी- तहसीलदार शेखर पटेल - मो. नं. 7999582081, जरहागांव- तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार - मो. नं. 7987417595, लालपुर थाना- तहसीलदार महेत्तर प्रसाद कौशिक - मो. नं. 9893120779, सरगांव- तहसीलदार श्री अतुल वैष्णव - मो. नं. 7000730700 जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि आपदा या बाढ़ की स्थिति में घबराएं नहीं, बल्कि तत्काल बाढ़ नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर जानकारी दें, ताकि समय पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**युक्तियुक्तकरण के विरोध में...**

कर दिये जायेंगे। जिससे प्रदेश में लगभग 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। शिक्षकों के साथ-साथ स्कूल में कार्यरत रसोईयों, भृत्य, स्वीपर महिला समूहों के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा व रोजगार के रास्ते बंद हो जायेंगे। राज्य के इस रोजगार विरोधी नीति के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी द्वारा (शिक्षा न्याय) आंदोलन किया जा रहा हैं।

**आतंकी संबंधों के चलते ...**

अहमद ने कथित तौर पर पूनच में हिज्ब-उल-मुजाहिदीन संचालकों के साथ सक्रिय संपर्क बनाए रखा। नवंबर 2023 में उनके आतंकवादी लिंक सामने आए जब पुलिस ने एक नियमित जांच के दौरान उनके वाहन को रोक दिया और अपने टोयोटा फारचूनर के अंदर हथियारों, गोला -बारूद और हिज्ब के पोस्टर पाए गए।

इसी तरह से 2007 से जीएमसी श्रीनगर के एक कर्मचारी वसीम अहमद खान पर आतंकवादी रसद को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया गया है। विशेष रूप से, सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें 2018 में पत्रकार शुजात बुखारी और उनके पुलिस गार्डों की हत्या से जोड़ा है। जांचकर्ताओं का कहना है कि खान ने लक्षित हमलों के बाद आतंकवादियों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया और सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस कर्मियों पर कई हमलों की सुविधा प्रदान की।

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि से बर्खास्तगी उन तत्वों की पहचान करने और हटाने के लिए एक व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं जो सिस्टम के भीतर से खतरा पैदा करते हैं।

**शहीद महेंद्र कर्मा विवि में...**

यदि किसी विषय में एक उम्मीदवार भी थे तो उस प्रतिभाशाली दिव्यांग उम्मीदवार को इतनी दूर क्यों बुलाया गया।

कुलपति जिस यूजीसी नियम 2018 का हवाला बार बार दे रहे हैं उसका असल कारण यह है कि इस रेगुलेशन में साक्षात्कार पर आधारित चयन का प्रावधान है परंतु यूजीसी ने यह नहीं कहा है या नियम में यह नहीं लिखा है कि कुल आए आवेदकों में मेरिट में आए सबसे पीछे के उम्मीदवार को 17-17 सालो के अनुभवी और गोल्ड मेडलिस्ट उम्मीदवारों से साक्षात्कार में बढ़त दिलाकर अवैधानिक रूप से चयन करा दिया जाए। जब ऐसे संदेहास्पद चयन को लेकर सभी आवेदकों ने चयन पूर्व ही कुलपति, कुलसचिव को सूचित कर दिया गया था तो इसकी जानकारी कार्य परिषद को क्यों नही दी गई। इसका साफ साफ मतलब है कि कुलपति ने कार्य परिषद को अंधेरे में रखकर लिफाफा खोला।। जहां तक पारदर्शिता की बात है तो साक्षात्कार प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग क्यों नहीं कि गई इन सारी बातों से स्पष्ट हो रहा है कि इस भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है।।

उमाशंकर शुक्ल ने कहा है कि चूंकि बहुत से महिला,दिव्यांग, आदिवासी उम्मीदवारों और गोल्ड मेडलिस्ट उम्मीदवारों ने खुद आगे आकर अनूसूचित जनजाति आयोग, महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग, कुलाधिपति और समाजिक अधिकारिता मंत्रालय में शिकायत की है और लगातार इस भर्ती को लेकर मीडिया में खबरें आ रही हैं। ऐसे में तत्काल प्रशासन और शासन को इंटरव्यू रोककर स्वत-संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर जांच करवानी चाहिए। जो संदेही चयनित हुए है उन सभी के बैंक खातों सहित कुलपति और इस भर्ती में शामिल सभी चयन समिति के सदस्यों के मोबाइल नंबर के काल डिटेल निकाले जाने चाहिए।

**दो अन्य अभ्यर्थियों ने भी की शिकायत-**

सहायक प्राध्यापक ग्रामीण प्रौद्योगिकी के पद के लिए यहां साक्षात्कार दे चुके दो गोल्ड मेडलिस्ट अभ्यर्थियों डॉ नीलम भगत और संजीव भगत ने भी खुद को नॉट फाउंड सुटेबल करार दिए जाने के बाद राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के समक्ष शिकायत करते हुए जांच की मांग की है।

## पीएम श्री सेजेस जे एम पी तखतपुर में समर कैंप का समापन समारोह

**तखतपुर** 03 जून (देशबन्धु)। पीएम श्री सेजेस जे एम पी तखतपुर में समर कैंप का समापन समारोह का कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि जिला स्त्रोत समन्वयक ओम पांडे और विशिष्ट अतिथि एस एम डी सी अध्यक्ष संकेत सैमुएल, एपीसी समग्र शिक्षा श्री अमित श्रीवास्तव की उपस्थिति में रखा गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती का दीपमाला कर सरस्वती वंदना किया गया। फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, नृत्य पश्चात समर कैंप के दौरान बच्चों के द्वारा बनाए गए खिलौने, पेंटिंग का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में व्याख्याता सुजीत कश्यप के द्वारा 15 दिवसीय समर कैंप का प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया गया। उत्कृष्ट बच्चों को पुरुस्कृत कर सहभागिता हेतु सार्टिफिकेट दिया गया। पुरस्कार वितरण के बाद प्राचार्य द्वारा ट्रेनरों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सार्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम के दौरान समर कैंप का महत्व बताते हुए श्रीमती मौसमी रॉबिंसन ने कहा कि हम स्कूल में शिक्षा को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि हम छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को भी विकसित करने का प्रयास करते हैं। हमारे स्कूल में, हमने कई नई गतिविधियों और कार्यक्रमों की शुरुआत की है, जैसे कि कला और शिल्प प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, खेल के आयोजन, और सांस्कृतिक कार्यक्रम। इन गतिविधियों से हमारे छात्रों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर मिला है। हमारे स्कूल में, हमने छात्रों के लिए एक सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया है। हमारे शिक्षक छात्रों को व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हैं और उनकी मदद करते हैं ताकि विद्यार्थी अपनी क्षमता को पहचानें और उसे विकसित करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती श्वेता पांडे, श्रीमती अंतरा मैत्री, श्रीमती सोहिनी गांगुली, श्रीमती नेहा सिंह, श्रीमती रीता सिंह, सुश्री मीनाक्षी साहू, सुश्री सुमन वर्मा, के साथ ही महेश दत्त पाठक, सुजीत कश्यप, आकाश शर्मा, संजय वैष्णव, पंकज कुमार सिंह, परमेश्वर कुर्रे, रितेश राजपूत, श्री राजेश बंजारे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन सुजीत कश्यप के द्वारा किया गया।

## निधन

### केजहीन बाई साहू

**तखतपुर।** ग्राम बरछा निवासी केजहीन बाई साहू 80 वर्ष का 2 जून को निधन हो गया। वे जगराम साहू, गजरतन साहू की मां, नथेला साहू के भाभी, नाथु साहू, नकुल साहू के मामी एवं पिल्लूराम के बुआ थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बरछा में किया गया।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय**
**कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग कोटा**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र. 3**

निविदा सूचना क्र. 05/व.ले.लि./ 2025-26, कोटा, दिनांक 01.05.2025, निविदा सिस्टम नं. 167742 (प्रथम आमंत्रण) जी नम्बर- 252601098/02 दिनांक 24.05.2025 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1. | Online Tenders are invited up to 09.06.2026, 17:30 Hour |
| 2. | Bid Open Date and Time 10.06.2025 at 11:30 Hours. |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग
कोटा (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-252601334/2

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**
**जोन क्रमांक 07**
जय साभ चौक डाकघर के सामने पुराना मुख्यालय मालवीय रोड रायपुर

क्रमांक 16/जोन क. 07/न.पा.नि/2025 रायपुर, दिनांक 02/06/2025

**संसोधन सूचना**

**जोन क्रमांक 07 द्वारा जारी निविदा क्रमांक 15/जोन क. 07/न.पा.नि/2024 रायपुर, दिनांक 29/05/2025 को निविदा आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्र देशबन्धु में प्रकाशित दिनांक 31.05.2025 में उल्लेखित कार्य कमांक 01 से कार्य कमांक 09 तक के डी.डी. की राशि को 5000 रूपये ना मानते हुये 2000 रूपये माना/पढ़ा जावे।**

आयुक्त
जोन आयुक्त जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम रायपुर

घरो से निकले सूखा और गीला कचरे को सफाई भिन्त्र ( वाहन ) को देवें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई- निविदा**

**क्रम सं (1): ई- निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-56-2025-26, दिनांक: 27.05.2025** **कार्यः** बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता / ब्रजराजनगर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत हिमगीर डिपो में रेलवे भूमि के बाहर से रेलवे के विनिर्देश अनुसार 101,000 घन मीटर 50 मिमी गेज का मशीन द्वारा तोड़े गए ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ती सुपुर्दगी तथा ढेर लगाना एवं रेलवे वैगन में लदान करना, **निविदा मूल्य (रु):** 18,68,50,000/-, **अमानत राशि (रु):** 10,84,300/-, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 10 माह, **निविदा जमा की आरंभ तिथी:** दिनांक : 06.06.2025, **निविदा जमा की अंतिम तिथी:** दिनांक : 20.06.2025 के 11.00 बजे तक, उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)**
**CPR/10/PR/82** **द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल- 700091
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज़दार- नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और ज़मानतदार- करण राणा, अनुज राणा, अनिता राणा और बंधककर्ता- अनुज राणा, रीता राणा और नीलकंठम सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और अनिता राणा/ निदेशक अनुज राणा द्वारा प्रतिनिधित्व, बी-15, दीनदयाल मार्केट पीएच रोड, छत्तीसगढ़, कोरबा- 495677/ 035351000007/ 035355000003/ 035355000010/ 028205007101 | खाता नंबर 143/4, मौजा पदीमार, पी.एच. नंबर 8, आर.एन.एम. एवं तहसील कोरबा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ (0.25 एकड़)/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 29/05/2025 | 15/01/2025 रु. 10,41,30, 645.15/- | कोरबा |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी ।

दिनांक : जून 04, 2025, स्थान : कोरबा भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक
20250531020206/B-121/2024-25
ग्राम- साकिन ठूठी पोस्ट ठठारी, थाना व तहसील जैजैपुरा

**// ईश्तहार //**

आवेदक अमन कुमार उम्र-24 वर्ष पिता श्री निखाद राम निवासी ग्राम ठूठी पोस्ट ठठारी थाना व तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका ज्योति उम्र-24 वर्ष पति श्री अमन कुमार निवासी ग्राम ठूठी पोस्ट ठठारी थाना व तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.)

**विरूद्ध**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम ठूठी पोस्ट ठठारी, थाना व तहसील जैजैपुर को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक अमन कुमार उम्र-24 वर्ष पिता श्री निखाद राम निवासी ग्राम ठूठी पोस्ट ठठारी थाना व तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका ज्योति उम्र-24 वर्ष पति श्री अमन कुमार निवासी ग्राम ठूठी पोस्ट ठठारी थाना व तहसील जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1964 की धारा-15 के तहत अनुष्ठापित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया गया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 09.12.2018 को ग्राम चरौदा तहसील अड़भार जिला-सक्ती (छ.ग.) में हुआ है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 27.06.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.05.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील **विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHOK BAGGA S/O GOBIND LAL BAGGA resident of H.NO.118 PANJABI MOHALLA WARD NO.2 BILHA BILASPUR (C.G) 495224 have changed my old name ASHOK BAGGA S/O GOBIND LAL BAGGA so in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR BAGGA S/O GOBIND LAL BAGGA in all Government and other documents.

**ASHOK KUMAR BAGGA**
H.NO.118 PANJABI MOHALLA
WARD NO.2 BILHA
BILASPUR (C.G) 495224

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम जरीना खान पति हफिज अहमद खान अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम जरीना अहमद खान पति हफिज अहमद खान निवास हाउस नं. 32, वार्ड नं. 23, रोहानी विहार फेस 02, बिलासपुर छ.ग. 495001 रख ली हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम जरीना अहमद खान पति हफिज अहमद खान नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

**जरीना अहमद खान**
हाउस नं. 32, वार्ड नं. 23, रोहानी विहार फेस 02, बिलासपुर छ.ग. 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम वेद राम साहू (VED RAM SAHU) पिता महेश राम (MAHESH RAM) अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम बेदराम (BED RAM) पिता महेश राम (MAHESH RAM) निवासी ग्राम नगोई, पोस्ट ढनढन, तखतपुर, बिलासपुर (छ.ग.) 495330 रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम बेदराम (BEDRAM) पिता महेश राम (MAHESH RAM) से जाना एवं पहचाना जाये।

**बेदराम** (BEDRAM)
ग्राम नगोई, पोस्ट ढनढन, तखतपुर, बिलासपुर (छ.ग.) 495330

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला- सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 211/
दिनांक 23.05.2025
ग्राम- कटारी पोस्ट सोनादूला, तहसील-मालखरौदा

**// ईश्तहार //**

आवेदक सत्येन्द्र कुमार पिता प्रेमलाल उम्र 27 वर्ष जाति सतनामी, ग्राम कटारी पोस्ट सोनादूला, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. उमा सोनी पिता महादेव उम्र 22 वर्ष जाति सोनार, निवासी ग्राम कटारी पोस्ट सोनादूला, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)

**विरूद्ध**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम कटारी पोस्ट सोनादूला थाना व तहसील मालखरौदा जिला-सक्ती (छ.ग.) को एकद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्येन्द्र कुमार पिता प्रेमलाल उम्र 27 वर्ष जाति सतनामी, ग्राम कटारी पोस्ट सोनादूला, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. उमा सोनी पिता महादेव उम्र 22 वर्ष जाति सोनार, निवासी ग्राम कटारी पोस्ट सोनादूला, थाना व तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 27.06.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील **विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक208/ अ-20(1)/ 2024-25
पक्षकार- रितेश केशरवानी पिता स्व. श्री प्रेमलाल केशरवानी............................आवेदक

**विरूद्ध**

छत्तीसगढ़ शासन ................ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितेश केशरवानी पिता स्व. श्री प्रेमलाल केशरवानी निवासी तेलीपारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज शीट नंबर 33 प्लाट नंबर 52/84 रकबा 780 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके .... नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 1960 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिए उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 18/06/2025 को स्वतः/अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात् तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 26/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 98/ब-121/ 2023-2024
ग्राम- किरारी ड, प.ह.नं. 26
तहसील-डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

आवेदक गोविन्दशरण पटेल पिता स्व. रेशमलाल पटेल जाति अघरिया, निवासी ग्राम किरारी ड, तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा अपने स्वयं के जन्म दिनांक 09/08/1971 को स्थान किरारी ड, तहसील-डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) में जन्म होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अन्तर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ-पत्र, अनुलपब्धता एवं अन्य दस्तावेज सहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/06/2025 तक दावा/ आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार डभरा जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**कार्यालय प.ह.नं. 60 उसलापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सीमांकन सूचना //**

प्रति,
1. श्री सुशील खलखो पिता जोसेफ खलखो, 2. रूपवती प्रधान, 3. हेमलता कंवर 4. कर्मचारी गृह निर्माण समिति अध्यक्ष/ सदस्य, 5. अन्य संबंधित / समीपस्थ भूमिस्वामी।
विषय:- सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बावत्।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति.तह./ ना.तह.सकरी के ज्ञापन दिनांक 13/02/2025

संदर्भित विष्यांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उसलापुर प.ह.नं 60 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 156/3 रकबा 0.040 हे. भूमिस्वामी सुशील खलखो पिता जोसेफ खलखो निवासी...... के द्वारा सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण दिनांक 09/06/2025 को लगभग 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे।

अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत:सूचना जानें।
**टीप:-** विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ बटांकन/ स्थल निरीक्षण तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**पटवारी**
**ह.नं.60**
**तह. व जिला**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

# देश

उवाच



हेमंत सरकार मेरे और मेरे परिवार, मेरे करीबियों पर हमला करने केलिए अपराधियों को सुपारी दे रही। मैं प्रदेश में केवल नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नहीं, बल्कि उन लाखों झारखंडवासियों की आवाज बनकर उपस्थित हुआ हूं जो भ्रष्टाचार, दमन और भय की राजनीति से पीड़ित हैं।

-बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32° | 27° |
| मुंबई | 31° | 27° |
| कोलकाता | 33° | 28° |
| चेन्नई | 34° | 29° |

# आतंक के खिलाफ एकजुट हों सभी देश : ओम बिरला

## ब्राजील में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक को किया संबोधित

**नई दिल्ली/लिस्बन,**3 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से पालन करता है और सभी देशों को इस वैश्विक लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। उन्होंने इस

- **लोकसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल पुर्तगाल पहुंचा**

बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति, स्थिरता और मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने के लिए सभी प्रगतिशील देशों को मिलकर संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए। जम्मू और कश्मीर में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि यह हमला भारत की प्रगति और सामाजिक सद्भाव में बाधा डालने के उद्देश्य से किया गया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने अपने साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता से इन दुर्भावनापूर्ण इरादों को विफल कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य अभियान के अंतर्गत भारत ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर इस खतरे का सफलतापूर्वक मुकाबला किया। बिरला ने यह टिप्पणियां लिस्बन, पुर्तगाल में पुर्तगाल गणराज्य की असेंबली के प्रेसिडेंट, जोस पेड्रो अगुइर ब्रैंको के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कीं। श्री बिरला वर्तमान में 3-6 जून 2025 को ब्राजीलिया, ब्राजील में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग ले रहे भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।



भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से पालन करता है और इस वैश्विक लड़ाई में सभी देशों को एकजुट होना चाहिए : ओम बिरला

### तकनीक-आधारित पहलें कर रही भारत की संसद

लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने यह जानकारी दी कि भारत की संसद आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक-आधारित पहलें कर रही है। उन्होंने कहा एआई कि मदद से भारत की विधायी प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी, कुशल और जन-केन्द्रित हुई हैं। बिरला ने यह भी कहा कि डिजिटल संसद टेक्नोलॉजी आधारित प्लेटफॉर्म है जिसने भारत की संसद को आधुनिक रूप दिया है। इससे सांसद, नागरिक, मंत्रालय और सभी हितधारक एक-दूसरे के साथ जुड़े हैं तथा कार्य संचालन त्वरित, पारदर्शी और सुविधाजनक हुआ है। इससे विधायी कार्यवाही में जनता की भागीदारी भी बढ़ी है। उन्होंने आगे कहा कि एआई की मदद से पुराने संसदीय अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिससे भारत की विधायी विरासत का संरक्षण हो रहा है और इससे जुड़ी जानकारी व्यापक रूप से सुलभ हो रही है। भारत की विशालता और विविधता के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए, संसद एआई टूल्स की मदद से संसदीय कार्यवाही लोगों को उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि इन टूल्स के माध्यम से संसद की कार्यवाही को भारत की 22 संवैधानिक भाषाओं में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे संसद के कार्यों में लोगों की भागीदारी अधिक प्रभावी हुई है।

### भारत-पुर्तगाल के संबंध पांच सौ वर्षों से भी अधिक पुराने : लोस अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत और पुर्तगाल के संबंध 500 वर्षों से भी अधिक पुराने हैं। यह ऐतिहासिक संबंध व्यापार और वाणिज्य तक ही सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के नागरिकों के बीच भी गहरा जुड़ाव है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों में हमारे द्विपक्षीय संबंध और अधिक मजबूत हुए हैं। आज भारत और पुर्तगाल हमारी सांझा सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने और परस्पर लाभकारी विकास की दिशा में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों की लोकतांत्रिक मूल्यों, शांति, बहुलतावाद और मानवाधिकारों के प्रति समान प्रतिबद्धता है और इसलिए दोनों देशों वैश्विक मंचों पर एक दूसरे के भागीदार हैं। बिरला ने यह भी कहा कि दोनों देश के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं और संवाद से हमें वर्तमान वैश्विक संदर्भ में मिलकर कार्य करने की प्रेरणा मिली है। बिरला ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक भागीदारी भी निरंतर बढ़ रही है और हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत पुर्तगाल को एक विश्वसनीय और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था मानता है। नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल टेक्नोलॉजी और रक्षा विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।

# विकसित राष्ट्र की परिवर्तन यात्रा में पीछे न रह जाए कमजोर वर्ग : मुर्मु

## देश के नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों से किया आह्वान



**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों का मंगलवार को आह्वान किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि हाशिए पर पड़े कमजोर वर्ग एक विकसित राष्ट्र की परिवर्तन की यात्रा में पीछे न रह जाएं। विभिन्न राज्य सिविल सेवाओं से शामिल किए गए और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी (एलबीएसएनएए) में 127वें प्रेरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सिविल सेवाओं के अधिकारियों के रूप में उनके प्रयास राज्य-विशिष्ट प्राथमिकताओं पर आधारित होने चाहिए। उन्हें जमीनी स्तर पर लोगों की भलाई और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए और सीधे स्थानीय समुदायों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को निपटाना चाहिए। आगे भी वे इन मुद्दों के लिए जिम्मेदार होंगे लेकिन उनकी भूमिका और जिम्मेदारियां दायरे और जटिलता में और बढ़ेंगी। वे अब केवल एक क्षेत्र के प्रशासक नहीं हैं। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर शासन के मानकों का पालन करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनके काम को विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप होना चाहिए। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि समावेशी विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण हो सकता है। उनके प्रयासों को विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि हाशिए पर पड़े और कमजोर वर्ग एक विकसित राष्ट्र में राष्ट्र के परिवर्तन की यात्रा में पीछे न रहें। उन्होंने कहा कि जब गरीब और वंचित लोग विकास और समृद्धि का अनुभव करेंगे तभी हम एक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने के करीब पहुंचेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी और नवाचार अपने कार्य करते समय निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सेवा वितरण में सुधार से लेकर डेटा-संचालित निर्णय लेने को सक्षम करने तक, डिजिटल उपकरण कुशल, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल शासन प्रणालियों के निर्माण में मदद कर सकते हैं।

## सार संक्षेप

### चंडीगढ़ व हिमाचल प्रदेश का दैरा करेंगे धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पांच जून से सात जून तक चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के दौरान धनखड़ की पत्नी और डॉ. सुदेश धनखड़ भी साथ होंगी। उप राष्ट्रपति हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से भी संवाद करेंगे।

### डॉ. मोहन यादव ने आम महोत्सव का किया शुभारंभ

**पचमढ़ी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी के राज भवन परिसर में 'आम महोत्सव' का शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने मणि प्रभा एवं बॉम्बे ग्रीन किस्म के आम का स्वाद भी लिया। आम का रसास्वादन कर उन्होंने आम की मिठास और स्वाद की सराहना की। उन्होंने प्रदर्शनी में लाए गए देशी आम भी चखे। प्रदर्शनी में जम्बो केसर, सुंदरजा, कृष्ण भोग, लंगड़ा आम, गजरिया, मालदा आदि किस्मों की सराहना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेंद्र शुक्ला के साथ-साथ लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह और मंत्रीगण ने भी आम का स्वाद चखा।

### स्टालिन ने की करुणानिधि की पुष्पांजलि अर्पित

**चेन्नई।** द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) संरक्षक एवं तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि को मंगलवार को उनकी 102वीं जयंती पर मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने याद किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसे शास्त्रीय भाषा दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों, सांसदों, विधायकों, जिला सचिवों व पार्टी पदाधिकारियों तथा द्रमुक कार्यकर्ताओं सहित वरिष्ठ नेताओं के साथ इस अवसर पर मरीना बीच पर करुणानिधि और द्रमुक संस्थापक एवं दिग्गज नेता सी एन अन्नादुरई की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### मुंबई में संपत्ति विवाद को लेकर महिला पर हमला

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने संपत्ति विवाद को लेकर 38 वर्षीय महिला पर चाकू से हमला करने और दुष्कर्म की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पीड़िता गोरेगांव ईस्ट में तीन अन्य महिलाओं के साथ रहती है और आरोपी उसका चाचा है। दोनों के बीच एक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। उसके चाचा ने अन्य परिवार के सदस्यों की सहमति के बिना संपत्ति का स्वामित्व अवैध रूप से अपने नाम पर स्थानांतरित कर लिया था, जिसके बाद दोनों में तीखी बहस हुई तथा रविवार को आरोपी ने कथित तौर पर उस पर चाकू से हमला किया और दुष्कर्म की धमकी दी।

# कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे मोदी

**जम्मू,** 3 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले गत 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं। दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, शक्तिशाली चिनाब ब्रिज, जम्मू कश्मीर में खड़ा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक का हिस्सा। प्रकृति की सबसे कठिन परीक्षाओं को झेलने के लिए बनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। नए भारत की ताकत और दूरदर्शिता का गौरवपूर्ण प्रतीक। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खाद रेल पुल का उद्घाटन करेंगे और माता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।



रेप पीड़िता लड़की की मौत मामले में बिहार सरकार की बड़ी कार्रवाई

# पीएमसीएच के प्रभारी उपाधीक्षक अभिजीत को पद से हटाया

**पटना,** 3 जून (देशबन्धु)। मुजफ्फरपुर रेप पीड़िता लड़की की मौत मामले में सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में दोषी पाए गए पीएमसीएच के प्रभारी डीएस को सरकार ने पद से हटा दिया है तो वहीं मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच की डॉक्टर को सस्पेंड कर दिया है। विपक्ष के भारी दवाब के बाद सरकार ने यह कार्रवाई की है। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि एक जून को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि प्रभारी उपाधीक्षक, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल द्वारा अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया, जो उनकी प्रशासनिक विफलता का परिचायक है। ऐसे में डा. अभिजीत सिंह, प्रभारी उपाधीक्षक, पीएमसीएच, पटना को तत्काल प्रभाव से प्रभारी उपाधीक्षक, पीएमसीएच, पटना के पद से मुक्त किया जाता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में तैनात डॉक्टर कुमारी बिभा को सस्पेंड कर दिया है। विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि एक जून को नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की हुई मृत्यु का मामला संज्ञान में आया है। इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि अधीक्षक, कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर द्वारा रेफरल पॉलिसी का अनुपालन नहीं किया गया एवं अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन नहीं किया गया है। साथ ही पीड़िता के इलाज में घोर संवेदनहीनता बरती गई है। इन तथ्यों के आलोक में डा. कुमारी बिभा को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2005 के नियम-9 के संगत प्रावधानों के तहत् तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है। जांच प्रतिवेदन के आलोक में अलग से आरोप पत्र गठित करने की कार्रवाई की जाएगी।




- एसकेएमसीएच की महिला डॉक्टर पर भी गिरी निलंबन गाज
- विपक्ष के भारी दवाब के बाद सरकार ने लिया निलंबन का फैसला

### डॉक्टरों की लापरवाही को लेकर मचा बवाल

जब पीएमसीएच में असंवेदनशील व्यवहारऔर डॉक्टरों की लापरवाही को लेकर बिहार में सत्ताधारी एनडीए गठबंधन के भीतर ही बवाल मचा तो स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने उच्चस्तरीय कमिटी का गठन करने की बात कही और इस पूरे मामले पर सफाई भी दी। बता दें कि इसके पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और एनडीए के राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने इस मुद्दे को उठाया था। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार प्रदर्शन कर रही है और मामले में पीएमसीएच की लापरवाही और असंवेदनशीलता को लेकर सवाल उठा रही है।

# चिराग पासवान को आगामी विस चुनाव में उतरना चाहिए : अरुण

## चिराग पासवान को बताया बिहार की राजनीति का सच्चा नेता

**पटना,** 3 जून (देशबन्धु)। बिहार की राजनीतिक गरमाहट बढ़ती जा रही है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान को आगामी विधानसभा चुनाव में उतरना चाहिए। उन्होंने चिराग पासवान को बिहार की राजनीति का सच्चा नेता बताया और उनकी तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के नारे को अपनी राजनीति की नींव बनाया है। अरुण भारती ने बताया कि चिराग पासवान ने केंद्रीय मंत्री रहते हुए बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें मखाना बोर्ड की स्थापना, जातीय जनगणना को केंद्र की मंजूरी दिलाना और बायर-सेलर मीट के माध्यम से किसानों को देशभर से सीधा लाभ पहुंचाना शामिल है। उन्होंने कहा कि चिराग बिहार के हर वर्ग के नेता हैं और जनता चाहती है कि वे जनरल सीट से चुनाव लड़ें ताकि वे बिहार के व्यापक तबकों का प्रतिनिधित्व कर सकें। अरुण भारती ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में पलायन और अपराध को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जंगलराज को खत्म कर सुशासन स्थापित किया है। हालांकि, अब वक्त आ गया है कि बिहार को एक नई युवा शक्ति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाए।



### सीट शेयरिंग पर बातचीत जल्दबाजी

सीट शेयरिंग को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने कहा कि अभी इस मुद्दे पर बातचीत करना जल्दबाजी होगी और इस विषय पर फैसला गठबंधन के भीतर ही लिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पद की दावेदारी के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने कहा कि पद पर बैठने से व्यक्ति नहीं, बल्कि पद की गरिमा बढ़ती है।

# केरल में कोविड-19 के मामले बढ़े

**तिरुवनंतपुरम,** 3 जून (एजेंसियां)। केरल में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी होने पर स्वास्थ्य विभाग ने नए दिशा-निर्देश (प्रोटोकॉल) जारी करने का फैसला किया है। करीब 1,435 लोगों के संक्रमित होने के साथ, केरल में देश में सबसे ज्यादा कोविड-19 के मामले हैं। अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि बुखार से पीड़ित सभी मरीजों का कोविड-19 टेस्ट किया जाए। कोविड के नए मामले आने शुरू होने के बाद से अब तक 8 संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है। बुखार के लक्षण वाले मरीजों का पहले एंटीजन टेस्ट किया जाएगा और अगर रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो आरटी-पीसीआर टेस्ट कराया जाएगा। सलाह दी गई है कि जिन्हें कोई भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या है, उन्हें मास्क पहनना चाहिए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के आसपास मौजूद लोगों को मास्क पहनना जरूरी होगा, और सभी कोविड पॉजिटिव मरीजों को अलग वार्ड में रखा जाएगा।

**जांच की संख्या बढ़ाने का जारी हुआ निर्देश**

# झारखंड के रांची में ग्रामीणों ने पुलिस पर बोला हमला

## थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मी घायल



**रांची,** 3 जून (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मुद्दे को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। हमले में लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव सहित दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए रांची लाकर एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हमले में कुछ अन्य पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना पाकर रांची से ग्रामीण एसपी सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। बताया गया कि लापुंग थाना क्षेत्र के कोईनारा गांव में एक जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद है। इसे सुलझाने के लिए ग्रामीणों की सभा चल रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि सभा में कुछ असामाजिक तत्व मौजूद हैं, जो गड़बड़ी फैला सकते हैं। लापुंग थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ जैसे ही गांव पहुंचे, भीड़ ने उन पर हमला बोल दिया। थाना प्रभारी संतोष यादव सिर में चोट लगने से जख्मी हो गए। इस घटना की जानकारी के बाद ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर सहित कई अधिकारी पहुंचे। तनाव को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस पर हमला करने वालों की पहचान की जा रही है। बता दें कि इसके पहले शनिवार की रात को रांची के बेड़ो थाने में करीब 300 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया था। इस दौरान भीड़ ने थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की थी।

चुनौती — *युद्ध का मोर्चा होगा भारतीय सेना के लिए इस वर्ष की पवित्र अमरनाथ यात्रा*

# पहलगाम नरसंहार व ऑपरेशन सिंदूर के बाद मंडरा रहा खतरा

- **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 3 जून (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा की सकुशलता की खातिर सेना ने पहलगाम से लेकर गुफा तक के 45 किमी लम्बे यात्रा मार्ग को अपने कब्जे में लेना आरंभ किया है। हजारों की संख्या में सैनिक इस मार्ग पर तैनात किए जाने लगे हैं। इनकी तैनाती के लिए हेलिकाप्टरों की सेवाएं भी ली जा रही हैं।**

रक्षाधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है कि यात्रा मार्ग पर छेड़े गए तलाशी अभियान में लड़ाकू हेलिकाप्टरों ने भी साथ दिया है। आतंकियों तथा विस्फोटक सामग्री की तलाश में यह अभियान छेड़ा गया है। इसी प्रकार जम्मू के भगवती नगर के आधार शिविर में तलाशी और सतर्कता बढ़ा दी गई है। इस बार सूचनाएं कहती हैं कि आतंकी इस शिविर को निशाना बना सकते हैं। दरअसल इस बार पहलगाम नरसंहार और ऑपरेशन सिंदूर के बाद खतरा सिर चढ़कर मंडरा रहा है। 3 जुलाई से इन हजारों सैनिकों की परीक्षा की घड़ी आरंभ होने वाली है जिन्हें जम्मू-कश्मीर के प्रवेश द्वार लखनपुर से लेकर अनंतनाग जिले में स्थित अमरनाथ गुफा तक तैनात किया जा रहा है।



- **पहलगाम से लेकर पवित्र गुफा तक हजारों की संख्या में सैनिक तैनात**

कितने सुरक्षाकर्मी तैनात होंगें कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है लेकिन सूतों के अनुसार, सिर्फ 25000 सुरक्षाकर्मी पहलगाम से लेकर गुफा तक और 18000 सुरक्षाकर्मी बालटाल से लेकर गुफा तक के मार्ग पर तैनात हो चुके हैं। इनमें सेना भी शामिल है। इस प्रकार यार्ता की सुरक्षा के लिए तैनात किए जाने वाले सुरक्षाकर्मियों की संख्या डेढ़ लाख के करीब बताई जा रही है। असल में आधिकारिक तौर पर 3 जुलाई से आरंभ होने जा रही अमरनाथ यात्रा इस बार भी इन सुरक्षाकर्मियों के लिए किसी युद्ध के मोर्चे से कम नहीं है जिनके कांधों पर यार्ता की सुरक्षा का भार है। नतीजतन हजारों की संख्या में तैनात सुरक्षाकर्मियों की चिंता का कारण आतंकी गतिविधियां हैं जो यात्रा के आरंभ होने से पूर्व ही यार्ता पर खतरे के रुप में मंडरा रही हैं। 'इस बार खतरा अधिक है। ड्रोन के साथ ही स्टिकी बम सबसे बड़ा खतरा बने हुए हैं जिनके लिए नर्म लक्ष्य अमरनाथ यात्रा हो सकती है। अतः हम कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहते हैं, यात्रा की सुरक्षा में जुट रहे एक सेनाधिकारी का कहना था। दूसरे शब्दों में वह सेनाधिकारी इस मोर्चे की तुलना युद्ध के मोर्चे से करता है। इस बार उम्मीद 7 से 8 लाख से अधिक के इसमें शामिल होने की है। हालांकि सरकार अभी तक कहती रही थी कि वह डा. नीतिन सेन गुप्ता समिति की सिफारिशों को लागू करते हुए यात्रा को बाधा व दुर्घटना रहित बनाने की खातिर कुछ लाख से अधिक लोगों को अनुमति नहीं देना चाहती है। और अब आप ही वह 8 लाख लोगों के आने की उम्मीद लगाए बैठी है। सच कहा जाए तो सरकार इस बार परेशानी का कारण आप ही पैदा कर रही है।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 4 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# चिड़ियाघर पर भी निजी क्षेत्र का कब्जा!

खबर है कि दिल्ली चिड़ियाघर को जल्द ही निजी हाथों के जिम्मे सौंपा जा सकता है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के बीच इस संदर्भ में कई बैठकें हो चुकी हैं, जिसमें गुजरात के जामनगर में स्थित वनतारा परियोजना की तर्ज पर दिल्ली चिड़ियाघर को आधुनिक रूप देने की योजना पर चर्चा हुई है। नई योजना के तहत चिड़ियाघर में वन्यजीवों को उनकी प्राकृतिक जीवनशैली के करीब वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिनमें वातानुकूलित चिकित्सा केंद्र, आधुनिक पुनर्वास केंद्र आदि शामिल होंगे। जानवरों को खुले जंगल जैसी आज़ादी देने की भी योजना है ताकि वे अपनी प्राकृतिक प्रवृत्ति के अनुसार जीवन बिता सकें।

जानवरों को बेहतर परिस्थितियों में रखना, उनके इलाज की उत्कृष्ट व्यवस्था और लुप्तप्राय प्राणियों के संरक्षण का प्रयास, यह सब सुनने में काफी अच्छा लगता है। मगर गौर करें तो इसमें निजीकरण का बड़ा षड्यंत्र दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 214 एकड़ में फैला दिल्ली चिड़ियाघर एशिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में से एक है। यहां अलग-अलग महाद्वीपों से लाए गए पशु- पक्षियों की लगभग 22 हजार प्रजातियां और 200 प्रकार के पेड़ हैं। एक पुस्तकालय भी है, जहां वन्यजीव, जैव विविधता आदि पर ढेरों पुस्तकें हैं। कहने का आशय यह कि इतने उम्दा चिड़ियाघर को और बेहतर बनाने की मंशा अगर सरकार की है तो उसके लिए दीर्घकालिक योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से उसे लागू किया जा सकता है। अब तक जिस तरह वन्य जनजीवन पर पूरी तरह सरकार का नियंत्रण रखकर संरक्षण-संवर्धन किया जाता रहा है, वही सिलसिला जारी रखने में आखिर अब क्यों अड़चन आ रही है, क्यों चिड़ियाघर के आधुनिकीकरण के नाम पर निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोले जा रहे हैं।

इसका जवाब सरकार अच्छे से जानती है, लेकिन शायद कार्पोरेट पूंजी का दबाव इतना बढ़ चुका है कि अब सरकार के लिए किसी भी बात पर ना कहना संभव नहीं रहा। पूंजीवाद का मुंह सुरसा की तरह बढ़ता जा रहा है और इसमें जितने भी निवाले चले जाएं, सब कम ही पड़ेंगे। तीन-चार दशक पहले जब बोतलबंद पानी की बिक्री शुरु हुई तो सवाल उठे थे कि प्रकृति की इस अनुपम देन पर सौदेबाजी कैसे की जा सकती है, क्या कल को हवा भी बिकेगी। और देखिए कि अब पानी भी बिकता है, प्राणवायु यानी ऑक्सीजन भी बिकती है, इसे न्यू नॉर्मल मान लिया गया है। छत्तीसगढ़ में नदी और तालाब बिकते सबने देखा है। निजीकरण का दायरा बढ़ता गया तो विमानतल, रेलवे, दूरसंचार, खनिज संपदा से भरी खदानें, बंदरगाह, सब बिक गए। शिक्षा और स्वास्थ्य तो पहले ही निजी हाथों के हवाले हो चुके हैं। एक तरह से देखा जाए, तो मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं, बुनियादी सुविधाओं से लेकर जीवन को बेहतर बनाने वाले हर क्षेत्र में व्यापार का शिकंजा कस गया। यह सब अकेले कारोबारियों के बस की बात नहीं थी, अगर ऐसा तो पुराने जमाने में सेठ-साहूकार ही सरकार चलाते। लेकिन जब तक लोकतंत्र और सत्ता का इकबाल बुलंद था, तब तक कारोबारियों, उद्योगपतियों को मुनाफाखोरी की खुली छूट नहीं मिली थी। उन्हें अपनी पीठ पर हाथ रखने की इजाज़त न किसी प्रधानमंत्री ने दी, न किसी मुख्यमंत्री ने दी। लेकिन अब यह सब पूरी निर्लज्जता के साथ होता है। अब सरकारी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का भूमिपूजन या शिलान्यास प्रधानमंत्री करते हैं, और जनता को बताते हैं कि आपको सौगात दे रहा हूं। उसके बाद वह बना या नहीं बना, इसकी चर्चा नहीं होती। सौगात सरकारी फाइलों में बंद हो जाती है। लेकिन निजी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का उद्घाटन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों के हाथ होता है और समाज सवाल भी नहीं करता कि इनकी मुनाफाखोरी में आप हिस्सेदार हैं या नहीं, क्योंकि आखिर उसे पढ़ने, इलाज करने, आवागमन, वार्तालाप करने सबके लिए निजी क्षेत्रों पर निर्भर रहने की मजबूरी हो गई है। जबकि इन बुनियादी सुविधाओं के लिए वह भारी शुल्क अदा करता है और सरकार को कर चुकाता है, वह अलग।

जब इंसानी ज़िंदगी के नाम पर इतना मुनाफा निजी क्षेत्र कमा रहे हैं, तो फिर जल, जंगल, जमीन, जानवर क्यों बख्शे जाएं।

लिहाजा अब दिल्ली चिड़ियाघर के निजीकरण की सुगबुगाहट चल रही है। अगर यह योजना वाकई सफल हो जाती है, तो दिल्ली के पुराना किले के पास की इतनी बड़ी जमीन पर मनमाने खेल करने की छूट उस कंपनी को मिल जाएगी, जिसके पास चिड़ियाघर का मालिकाना हक हो जाएगा। जामनगर में बना वनतारा बनने की हकीकत तो देश देख ही चुका है। खुद प्रधानमंत्री उसका उद्घाटन कर आए। प्राणिविशेषज्ञ सवाल करते रह गए कि किस तरह दुनिया भर के वन्यजीवों को इस तरह लाने और निजी जंगल में पालने की अनुमति दी गई। बीमार जानवरों की देखभाल की आड़ में अगर कोई अवैध कारोबार हो रहा होगा, तो उसकी जवाबदेही कैसे तय होगी, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला। जानवरों की खाल, नाखून, सींगों समेत उनके अंदरूनी अंगों की वैश्विक बाजार में बड़ी मांग है। दवा, वस्त्र, सौंदर्यप्रसाधन आदि में इनका इस्तेमाल होता है। ऐसे में क्या गारंटी है कि पशु संरक्षण की आड़ में अवैध कारोबार नहीं होता, न आगे होगा। वनतारा के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री पहुंचे तो फिल्म, खेल और मीडिया जगत के तथाकथित सितारों ने भी उसकी तारीफ की। उनसे पूछा जाना चाहिए कि आप किस हैसियत से निजी जंगल और वहां पल रहे जानवरों की हिमायत कर सकते हैं, क्या वे वन्यजीव संरक्षण के जानकार हैं। अगर नहीं तो फिर इस प्रचार से उन्हें कौन सा लाभ मिल रहा है, यह पूछा जाना चाहिए।

वनतारा की तर्ज पर दिल्ली चिड़ियाघर को विकसित करने की खबर सावधान करने के लिए काफी है कि निजीकरण कैसे केवल इंसानों नहीं बल्कि प्रकृति को भी अपनी जद में लेता जा रहा है। फिलहाल लोकतंत्र में आवाज़ उठाने के लिए कुछ स्वतंत्र मंच बचे हैं, लेकिन कहीं चिड़ियाघर के बाद इन मंचों की भी बारी आ गई तब क्या होगा, यह सोचकर ही डर लगता है।

# पहली बार हो रहा सेना का निर्लज्ज इस्तेमाल

जम्मू-कश्मीर के कारगिल में भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में मई से जुलाई के बीच तीन महीने तक सैन्य संघर्ष चला था, जिसमें भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना को अपनी जमीन से खदेड़ने में कामयाब रही थी। उससे पहले केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार गिर चुकी थी, जिसकी वजह से लोकसभा के मध्यावधि चुनाव होने वाले थे। भारतीय जनता पार्टी के उत्साही कार्यकर्ताओं ने चुनाव के मद्देनजर कारगिल की लड़ाई में भारतीय सेना की कामयाबी को वाजपेयी सरकार की उपलब्धि के तौर पर प्रचारित करने के लिए दिल्ली में कुछ स्थानों पर पोस्टर लगाए थे, जिनमें वाजपेयी के साथ ही भारत के तीनों सेना प्रमुखों को भी दिखाया गया था। भारत के पूर्व थल सेनाध्यक्ष वेद प्रकाश मलिक ने अपनी किताब 'कारगिल' फ्रॉम सरप्राइज टु विक्ट्री' में खुलासा किया है कि उन्हें जब ऐसे पोस्टरों की जानकारी मिली तो उन्होंने इस बारे में प्रधानमंत्री वाजपेयी से शिकायत की और कहा कि यह नहीं होना चाहिए। वाजपेयी ने उन्हें आश्वासन दिया कि ऐसा नहीं होगा और फिर वाकई ऐसा नहीं हुआ।

इससे पहले भी पाकिस्तान को भारतीय सेना 1965 और 1971 के युद्ध में धूल चटा चुकी थी। यही नहीं, बहुत कम लोगों को जानकारी है कि भारत का चीन के साथ 1962 के बाद 1967 में एक सीमित युद्ध भी सिक्किम के सीमांत में हुआ था, जिसमें भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से चीन को उसकी सीमा में धकेलने में कामयाबी हासिल की थी। तब भी सेना की इस कामयाबी का तत्कालीन सरकारों ने चुनावों में कभी भी राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया। इसके अलावा पिछले 27 वर्षों के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मर्तबा सर्जिकल स्ट्राइक की है, जिनमें से 9 सर्जिकल स्ट्राइक 2014 के पहले तक और दो बार 2014 के बाद हुई। 2014 के पहले तक किसी भी सरकार ने भारतीय सेना के पराक्रम का चुनावी इस्तेमाल नहीं किया।

इधर पिछले एक दशक से सरकार ने सेना की हर कार्रवाई को अपने राजनीतिक कार्यक्रम का हिस्सा और सेना को प्रकारांतर से सत्तारूढ़ दल का एक मोर्चा संगठन जैसा मान लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी हर चुनाव में सेना के नाम का खुलकर इस्तेमाल करती है, उसके किसी भी कारनामे को अपनी उपलब्धि बता कर वोट मांगती है। चुनावी रैलियों के मंच पर लगे बैनर-पोस्टरों में प्रधानमंत्री की तस्वीर के साथ सैन्य प्रतीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यही नहीं, कभी-कभी तो सरकार की ओर से सेना के अफसरों को भी अपने प्रवक्ता की तरह काम करने के लिए मजबूर कर दिया जाता है।

चूंकि चुनाव आयोग का चरित्र भी अब पूरी तरह बदल चुका है, लिहाजा वह भी यह सब खामोश रहकर देखता रहता है। मीडिया पूरी तरह सरकार और सत्तारूढ़ दल के प्रचार तंत्र का हिस्सा बन चुका है, इसलिए वह सेना के इस बेजा इस्तेमाल पर कोई सवाल नहीं उठाता। न्यायपालिका का रवैया भी इस मामले में कमोबेश चुनाव आयोग और मीडिया जैसा ही रहता है। कुल मिलाकर कोई भी सक्षम संवैधानिक संस्था सेना के इस तरह राजनीतिकरण किए जाने की कोशिशों के खतरों को समझते हुए उन कोशिशों पर अंकुश लगाने की अपनी भूमिका निभाती नहीं दिखती।



अनिल जैन

**चुनाव आयोग का चरित्र भी अब पूरी तरह बदल चुका है, लिहाजा वह भी यह सब खामोश रहकर देखता रहता है। मीडिया पूरी तरह सरकार और सत्तारूढ़ दल के प्रचार तंत्र का हिस्सा बन चुका है, इसलिए वह सेना के इस बेजा इस्तेमाल पर कोई सवाल नहीं उठाता। न्यायपालिका का रवैया भी इस मामले में कमोबेश चुनाव आयोग और मीडिया जैसा ही रहता है।**

इस समय भी यही सब कुछ हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि कश्मीर के पहलगाम में हुए पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के संरक्षण में आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना ने एक बार फिर अपने पराक्रम का सटीक प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान में उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को नष्ट करने किया है। लेकिन लक्ष्य पूरा होने से पहले ही भारतीय सेना की कार्रवाई अचानक क्यों और किसके दबाव में रोक दी गई, इस सवाल का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। यह सवाल विपक्षी दलों के अलावा, भारतीय सेना के कई पूर्व अधिकारी, सामरिक मामलों के जानकार, वैकल्पिक मीडिया के पत्रकार और सोशल मीडिया में आम लोग भी पूछ रहे हैं। यह सवाल उन हलकों को भी बेचैन और निराश किए हुए हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा और उसमें भी विशेष रूप से पाकिस्तान से जुड़े मसले पर हमेशा सत्ताधारी राजनीतिक समूह के नजरिये से इत्तफाक रखते हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी को भारत का ही नहीं बल्कि समूचे विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय, दूरदर्शी और शक्तिशाली नेता मानते हैं।

युद्ध छोटा हो या बड़ा, दोनों पक्षों को कुछ न कुछ नुकसान उठाना ही पड़ता है और दोनों पक्ष एक दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा भी करते हैं। इसलिए पाकिस्तान का यह दावा करना स्वाभाविक है कि उसने भारत के कई लड़ाकू विमानों नुकसान पहुंचाया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत के साथ सैन्य संघर्ष के बाद पाकिस्तान में लोगों ने जश्न मनाया है और 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद यह भी पहली बार हुआ है कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिक्रिया का भारतीय सेना द्वारा बहादुरी से जवाब देने के बावजूद भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के चौथे दिन दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम का सबसे पहले ऐलान करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब तक 11 मर्तबा यह दावा कर चुके हैं कि दोनों देशों को उन्होंने ही संघर्ष विराम के लिए मजबूर किया ताकि परमाणु युद्ध को टाला जा सके। वे कश्मीर मसले पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने की बात भी कह चुके हैं, जो कि भारत की स्थापित और सुविचारित विदेश नीति के खिलाफ है। प्रधानमंत्री मोदी इन सारे सवालों का जवाब देने के बजाय सेना की आड़ में छिपते दिख रहे हैं।

सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े अन्य संगठन देश भर में सैन्य वर्दी में प्रधानमंत्री की तस्वीरों वाले पोस्टर और होर्डिंग्स के जरिये पाकिस्तान को सबक सिखाने का प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, सेना के जरिये भी झूठे वीडियो जारी कराए जा रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री देश भर में रैलियों के माध्यम से 'घर में घुस कर मारूंगा', 'ठोंक दूंगा', 'मिट्टी में मिला दूंगा', 'रोटी खाओ और चैन से रहो, नहीं तो मेरी गोली खाओ' जैसे सस्ते फिल्मी डॉयलॉगों के जरिये लोगों को बहलाने का प्रयास कर रहे हैं। हर जगह एक जैसी भाषा और एक जैसा चिंघाड़ता हुआ अंदाज।

दरअसल प्रधानमंत्री के पास सवालों के जवाब नहीं हैं, इसलिए उनकी सरकार के किसी मंत्री या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं के पास भी जवाब होने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए उनकी पार्टी के प्रवक्ता टीवी चैनलों की डिबेट में विपक्षी पार्टी के प्रवक्ताओं को उनके सवालों का जवाब देने के बजाय मां-बहन की गालियां दे रहे हैं और चैनल के एंकर-एंकरनियां उन्हें गालियां देते देख मुदित होते हुए देख रही हैं।

ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करते हुए सत्तारूढ़ दल की योजना तो देश भर में महिलाओं के लिए घर-घर सिंदूर पहुंचाने की भी थी। उसके प्रवत्ताओं की ओर से टीवी चैनलों पर बाकायदा इसका औचित्य भी बताया जा रहा था, लेकिन इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री के निजी जीवन पर उठते तीखें सवालों ने सत्तारूढ पार्टी को इस योजना पर अपने कदम पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया।


मोदी की हताशा इस बात से भी समझी जा सकती है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मलिन हो चुकी छवि को चमकाने के लिए उन्हें कांग्रेस के उसी नेता यानी शशि थरूर का सहारा लेना पड़ा जिसे नीचा दिखाने के लिए उन्होंने एक बार उनकी पत्नी को 'पचास करोड़ की गर्ल फ्रेंड' बताने जैसा भद्दा फिकरा कसा था और उन्हीं शशि थरूर ने मोदी को 'शिवलिंग से लिपटा बिच्छू' करार दिया था। प्रधानमंत्री ने थरूर सहित पक्ष-विपक्ष के कई सांसदों और पूर्व सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भारत का पक्ष रखने के लिए भेजने की जो कवायद की थी, वह भी बेमतलब साबित हुई है।

कुल मिलाकर पूरा सूरत-ए-हाल यह बता रहा है कि प्रधानमंत्री सहित पूरा सत्तापक्ष जिस राष्ट्रीय सुरक्षा और जिस राष्ट्रवाद के मुद्दे को वह अपना तुरुप का इक्का समझता था, उसका कथानक अब उसके हाथ से फिसल चुका है। ऐसा पिछले 11 साल में पहली बार हुआ है। इसीलिए अब वह सेना के पीछे छिपने की भौंडी कोशिश करता दिख रहा है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# आतंकवादविरोधी राष्ट्रीय सर्वानुमति कौन तोड़ रहा है?

पहलगाम की दरिंदगी और उसके बाद के घटनाक्रम पर, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर भी शामिल है, राष्ट्रीय सर्वानुमति की मियाद पूरी हो गयी लगती है। और यह विपक्ष के बावजूद और मुख्य रूप से सत्ताधारी संघ-भाजपा की, इस घटनाक्रम से उठी देश की चिंताओं व भावनाओं को, अपने राजनीतिक/ चुनावी लाभ के लिए भुनाने की हड़बड़ी की वजह से हो रहा है। और इस मुहिम का नेतृत्व सबसे बढ़कर खुद प्रधानमंत्री मोदी और उनके नंबर-दो माने जाने अमित शाह और भाजपा के अन्य सभी शीर्ष नेता कर रहे हैं। यह सिलसिला उस मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां स्वयं प्रधानमंत्री की सभा में, 'अब ऑपरेशन सिंदूर की तरह प. बंगाल में ऑपरेशन बंगाल चलाने' के आह्वान किए जा रहे हैं! कहने की जरूरत नहीं है कि यह आह्वान प. बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए किया जा रहा था, जो अगले साल के शुरू के महीनों में होने हैं। तभी असम, केरल, तमिलनाडु तथा पुदुच्चेरी की विधानसभाओं के भी चुनाव होने हैं। इसी बीच, बिहार में जहां चुनाव अब कुछ ही महीने दूर रह गए हैं, खुद प्रधानमंत्री ने अपनी व्यावहारिक मायनों में चुनावी सभाओं में याद दिलाना जरूरी समझा है कि पहलगाम के बाद बिहार की धरती पर उन्होंने जो आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का वादा किया था, उसे उन्होंने पूरा कर दिया है! जाहिर है कि पहलगाम की दरिंदगी के बाद उठे आतंकवादी-विरोधी भावनाओं के ज्वार और 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी के दावों को, अपने चुनावी राजनीति के थैले में बंद करने की मोदीशाही की हड़बड़ी ही है जो, राष्ट्रीय सर्वानुमति के टुकड़े करने पर आमादा है।



राजेन्द्र शर्मा

**इंडिया गठबंधन के माध्यम से विपक्ष अगर अब, इस पूरे घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए, संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की आग्रहपूर्वक मांग करना जरूरी समझ रहा है, तो यह न सिर्फ बहुत ही जरूरी है बल्कि वास्तव में कुछ देरी से ही आ रही मांग है। याद रहे कि पहलगाम की घटना के लिए जिम्मेदार सुरक्षा चूक से लेकर, ऑपरेशन सिंदूर के हानि-लाभ तक, तमाम सवाल अब तक अनुत्तरित ही बने हुए हैं।**

वास्तव में, पहलगाम की घटना के बाद से सामने आयी राष्ट्रीय सर्वानुमति में और खासतौर पर इस सर्वानुमति में विपक्ष की हिस्सेदारी में, एक प्रकार का इकतरफापन शुरूआत से ही था। एक ओर लगभग समूचे विपक्ष ने न सिर्फ पहलगाम की दरिंदगी की दो-टूक स्वर में निंदा की थी, आतंकवादियों तथा उनके आकाओं के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के लिए भी आम तौर पर अपने समर्थन का ऐलान किया था। इसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' का आमतौर पर समर्थन भी शामिल था। यह समर्थन, पहले पहलगाम की घटना के तीसरे दिन और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में बुलायी गयी, सर्वदलीय बैठकों के मंच से किया गया था। यहां तक कि बाद में इस समर्थन का अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विस्तार करते हुए, विपक्ष ने सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिन्हें आतंकवाद तथा उसके लिए पाकिस्तान के समर्थन के मुद्दे पर भी भारत का पक्ष रखने के लिए, करीब तीन दर्जन देशों की राजधानियों में भेजा गया है, जो कार्यक्रम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी चल ही रहा था।

इतना ही नहीं, इस इकतरफापन को और भी गहरे रंग में रंगते हुए, विपक्ष ने आम तौर पर सत्ताधारियों से असुविधाजनक सवाल करने से भी परहेज किया था। मिसाल के तौर पर पहलगाम की घटना के पीछे 'सुरक्षा चूक' के लिए जवाबदेही का सवाल गंभीरता से उठाने से प्राय: परहेज किया गया। यह इसके बावजूद था कि हालात के दबाव में, सर्वदलीय बैठक के बाद सरकार के प्रवक्ता के रूप में मंत्री किरण रिजिजू ने खुद कुछ 'चूक' होने की बात स्वीकार की थी, हालांकि बाद में सरकार ने इस 'स्वीकृति' से पीछा छुड़ाने की तमाम कोशिशें की थीं। यहां तक कि सर्वदलीय बैठक से प्रधानमंत्री के अनुपस्थित रहने और बाद में बिहार में मधुबनी में जनसभा में पहुंचकर प्रधानमंत्री के 'मिट्टी में मिलाने' के ऐलान करने पर भी, गंभीरता से सवाल उठाने से आम तौर पर बचा ही गया। ऐसा ही एक बार फिर हुआ जब ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में हुई सर्वदलीय बैठक में, एक बार फिर प्रधानमंत्री ने अनुपस्थित रहना ही पसंद किया।

इतना ही नहीं, न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर से लेकर उसकी सफलता के दावों तक पर किसी भी तरह के गंभीर सवालों से आम तौर पर बचा गया बल्कि 10 मई की शाम से अचानक शस्त्र विराम किए जाने के तर्क और यहां तक शस्त्र विराम कराने के श्रेय के लिए अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार दोहराए जा रहे दावों पर, सवाल उठाने से भी प्राय: इसकी चिंता से बचा गया कि इससे कहीं राष्ट्रीय सर्वानुमति कमजोर न पड़ जाए। और तो और विदेश भेजे जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के लिए सत्ताधारी पार्टियों से इतर, अन्य पार्टियों के सांसदों के चयन में मोदीशाही की मनमानी पर भी कोई बलपूर्वक विरोध नहीं जताया गया। यह इसके बावजूद था कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, कांग्रेस से चार नाम मांगने के बाद, उसके दिए नामों में से एक प्रतिनिधि के लिए ही मंजूरी दी गयी, जबकि प्रतिनिधिमंडलों के लिए उसके तीन अन्य नेता सत्ताधारी पार्टी ने खुद ही चुन लिए।

बहरहाल, हद तो तब हो गयी जब मोदीशाही ने आतंकवाद के विरुद्ध जनाक्रोश को अपने राजनीतिक/ चुनावी प्रचार की ओर मोड़ने की खुल्लमखुल्ला कोशिशें शुरू कर दीं। शीर्ष पर खुद प्रधानमंत्री मोदी ने, बीकानेर के सरकारी कार्यक्रम के अपने चुनावनुमा भाषण से इसकी शुरूआत कर दी, जिसे उसके फौरन बाद गुजरात में प्रधानमंत्री के ही रोड शो तथा आम सभाओं के जरिए, भाजपा के और भी खुले राजनीतिक प्रचार के साथ सीधे-सीधे जोड़ दिया गया। और उसके बाद से इसे इस तरह के आयोजनों का आम स्वर ही बनाया जा चुका है। इसी दौरान, संघ-भाजपा ने सैन्य पोशाकों में विभिन्न मुद्राओं में प्रधानमंत्री मोदी के बड़े-बड़े कटआउटों तथा बैनरों आदि के जरिए, आतंकवादविरोधी कार्रवाई को प्रधानमंत्री 'मोदी की निजी वीरता' के मिथक का हिस्सा बनाने की कोशिशें की हैं।

इसी सिलसिले को शीर्ष तक पहुंचाने के लिए, संघ-भाजपा ने मोदी सरकार के स्थापना दिवस, 7 जून से ऑपरेशन सिंदूर का संदेश घर-घर ले जाने के लिए, 'घर-घर सिंदूर' अभियान की कल्पना की थी, लेकिन इसकी संभावित प्रतिक्रियाओं का पूर्वानुमान कर, इसे फेक न्यूज ही बताकर, जल्दी-जल्दी में इस विचार से ही पीछा छुड़ाने की कोशिश की गयी है। यहां यह ध्यान दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि 'घर-घर सिंदूर' के ख्याल से पीछा छुड़ाने की हड़बड़ी के पीछे भी कोई इसकी चिंता नहीं थी कि इस तरह ऑपरेशन सिंदूर को संघ-भाजपा के राजनीतिक प्रचार का हिस्सा बनाए जाने का, इस पूरे दौर में सामने आयी राष्ट्रीय सर्वानुमति पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस ख्याल से पीछा छुड़ाने के पीछे तो सिर्फ इसी की चिंता थी कि 'सिंदूर दान' के सांस्कृतिक प्रतीक के संदर्भ में, घर-घर सिंदूर भेजना उल्टा पड़ सकता था। बहरहाल, 'घर-घर सिंदूर' योजना भले खटाई में पड़ गयी हो, पहलगाम और उसके बाद के घटनाक्रम का क्षुद्र राजनीतिकरण अब मुकम्मल हो चुका है।

इसी पृष्ठभूमि में इंडिया गठबंधन के माध्यम से विपक्ष अगर अब, इस पूरे घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए, संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की आग्रहपूर्वक मांग करना जरूरी समझ रहा है, तो यह न सिर्फ बहुत ही जरूरी है बल्कि वास्तव में कुछ देरी से ही आ रही मांग है। याद रहे कि पहलगाम की घटना के लिए जिम्मेदार सुरक्षा चूक से लेकर, ऑपरेशन सिंदूर के हानि-लाभ तक, तमाम सवाल अब तक अनुत्तरित ही बने हुए हैं। बेशक, सत्ताधारी संघ-भाजपा की ओर से इन प्रश्नों के उत्तरों की हरेक मांग को, इस मामले में राष्ट्र के पक्ष को कमजोर करने की ही मांग बताया जा रहा है। लेकिन, यह सिर्फ सत्ताधारियों का सुविधा का तर्क है। वास्तव में इन प्रश्नों को और टाला नहीं जा सकता है। इसका पता सीडीएस यानी सेना प्रमुख के सिंगापुर के एक साक्षात्कार में ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत में भारतीय 'विमानों को नुकसान' पहुंचने की स्वीकृति से लगता है, हालांकि ऐसे विमानों की संख्या उनके अनुसार छ: से कम ही थी।

इस सब का एक ही अर्थ है कि बाकी सारी दुनिया तक तो किसी न किसी तरह सारी जानकारी पहुंच रही होगी, लेकिन भारतीयों को ही तमाम आधिकारिक जानकारियों से वंचित रखा जाएगा, जिससे राष्ट्र के अस्तित्व से जुड़े सवालों पर भी, वे जानकारियों के आधार पर कोई राय नहीं बना सकें। और यह सब सिर्फ इसलिए किया जा रहा होगा ताकि सत्ताधारी संघ-भाजपा के लिए, लोगों की वैचारिक रूप से अंधी भावनाओं का राजनीतिक/ चुनावी दोहन करना, आसान बना रहे। यह जनतंत्र के न्यूनतम तकाजों का निषेध है, जिसकी अब और इजाजत नहीं दी जा सकती है। विपक्ष को स्पष्ट रूप ये यह कहना होगा कि मोदीशाही ही है जो इस मामले में राष्ट्रीय सर्वानुमति को तोड़ रही है और विपक्ष पर ही इस सर्वानुमति को तोड़ने का आरोप लगाने की उसकी बंदर घुड़की में, विपक्ष अब और नहीं आने वाला है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

## आपके पत्र

### सत्ता और नैतिकता में विरोधाभास क्यों?

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। इसके अलावा प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि 'मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत हैज्ञ भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है, किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। राजनीति धीरे धीरे सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है, और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे, पत्नी, बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है।

-संजीव ठाकुर



## ललित सुरजन की कलम से

### इस्लाम बनाम आतंकवाद

*'पिछले तीन दशक में मुजाहिदीन, तालिबान, लश्कर-ए-तैयबा, अलकायदा, बोको हराम इत्यादि संगठनों की करतूतें विश्व समाज ने देखी और भोगी हैं। यहां ध्यान रखना चाहिए कि इन क्रूर कठमुल्लों के निशाने पर गैर-मुस्लिम ही नहीं, मुस्लिम बहुल देश भी रहे हैं। इसमें कोई शक नहीं कि ऐसे अमानुषिक कृत्यों का पुरजोर विरोध होना चाहिए तथा इन्हें जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हर संभव उपाय किए जाना चाहिए। यह काम कैसे हो? इक्कीसवीं सदी के विश्व को जो किसी अतीत की गुफा में ले जाना चाहते हों उनकी मानसिकता क्या है? वे प्रेरणा कहां से पाते हैं? अपने हिंसक इरादों को अमल में लाने के लिए उन्हें हथियार और रसद कहां से मिलते हैं? उनके शरणस्थल कहां हैं? उनका प्रशिक्षण कहां होता है? वे कौन सी ताकतें हैं जो उन्हें उकसा रही हैं? इन सब बातों को जाने बिना आईएस और उस जैसे अन्य संगठनों से कैसे लड़ा जाए?'*

**( देशबन्धु में 15 नवंबर को प्रकाशित विशेष संपादकीय का परिवर्द्धित रूप )**

**( अक्षर पर्व दिसंबर 2015 अंक की प्रस्तावना )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/12/blog-post_13.html

## पावन प्रसंग

### जीवन को नहीं, मृत्यु को भी उद्देश्यपूर्ण बनाएं

मृत्यु इस जीवन का अंतिम सत्य है, एक अकाट्य तथ्य है, फिर भी इसे सामान्यतया स्वीकार नहीं किया जाता, हृदयंगम नहीं किया जाता, बल्कि इसके प्रति इतना भय रहता है कि सामान्य इनसान मृत्यु पर विचार करने तक से कतराता है, इसका सामना करने का साहस भी नहीं कर पाता।

विरले ही इस पर गंभीर विचार कर इसका सामना करने व इसके पार निकलने की युक्ति पर चिंतन-मनन का दुस्साहस कर पाते हैं और शाश्वत जीवन के अधिकारी बनते हैं। फिर अपनी मृत्यु के बारे में विचार नहीं कर पाना भी इस अस्तित्व का एक कटु सत्य एवं शाश्वत आश्चर्य है। जब पांडवों से यक्ष ने प्रश्न किया था कि इस संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य क्या है? तो इसका उत्तर देते हुए धर्मराज युधिष्ठिर ने कहा था कि संसार का सबसे बड़ा आश्चर्य यह है कि नित्यप्रति दूसरों को मरते हुए देखकर भी मनुष्य अपनी मृत्यु पर विश्वास करने को तैयार नहीं। उसे लगता है कि और कोई भले ही मर जाए, पर वह स्वयं सदा-सर्वदा इस धरती पर बना रहेगा साथ ही मृत्यु को जीवन का सबसे बड़ा भय माना गया है; जिसके कई कारण हैं। प्रमुख कारण तो देह के प्रति आसक्ति का भाव है। अपनों के प्रति मोह तथा अर्जित संपदा के प्रति लोभ इसके दूसरे कारण हैं, जिनके खोने-छिनने का भय सदा बना रहता है।

मृत्यु में तो उसे सब कुछ यहीं पीछे छूटता दिखता है। फिर मृत्यु से जुड़े कष्ट का कल्पित भय भी उसकी आत्यंतिक दुविधा का एक बड़ा कारण रहता है साथ ही यह सोच भी रहती है कि हम नहीं रहेंगे तो घर-परिवार, समाज-संसार का काम कैसे चलेगा, हमारे बिना आश्रितों का क्या होगा। यह सत्य है कि आश्रितों की चिंता स्वाभाविक है और उनके लिए उचित व्यवस्था करना पावन कर्त्तव्य है, लेकिन स्वयं को सृष्टि का कारण मानना भी एक बड़ा भ्रम है। दूसरों के लिए अपने को सब कुछ समझना दंभ है; क्योंकि सृष्टि मूलत: ईश्वरीय संकल्प एवं इच्छा से चल रही है। जब हम नहीं थे, तब भी संसार का सारा काम चल रहा था और जब नहीं रहेंगे, तब भी सब काम चलता रहेगा। संसार का कोई काम किसी के न रहने से रुकने वाला नहीं। कितने शूरमा, विभूतियां, महापुरुष और अवतारी पुरुष आए और मृत्यु को प्राप्त हुए, लेकिन समाज एवं सृष्टि की व्यवस्था अपनी गति से चल रही है और अपने गंतव्य की और बढ़ रही है। इस तरह मृत्यु ईश्वर के अटल विधान का हिस्सा है और इस सृष्टि के शाश्वत सौंदर्य का एक अभिन्न अंग भी, जिसके पीछे प्रकृति मां के करुणा विधान को काम करते हुए देखा जा सकता है, जिसे कई उपमाओं से परिभाषित किया गया है।

कुछ इसे महानिद्रा की संज्ञा देते हैं। दिन भर कठिन श्रम करते हुए जब हमारा शरीर थक जाता है, तो रात को सोना एक तरह से इस थकावट को मिटाने की प्रक्रिया है। रात को पूरी नींद लेने के बाद फिर हम अगले दिन के लिए तरोताजा एवं स्वस्थ होकर तैयार हो जाते हैं। नई शक्ति , स्फूर्ति और चेतनता के साथ दिन भर शाम तक अथक श्रम करते हैं।

मृत्यु भी जीवात्मा के लिए ठीक ऐसी ही स्थिति है। जीवन भर की थकावट मृत्यु की गोद में जाकर ही दूर होती है। ऐसे में अगले जीवन के लिए शक्तिदायिनी स्थिति का नाम ही मृत्यु है। इस तरह से विचार करें तो फिर मृत्यु से भय कैसा? जबकि मृत्यु के उपरांत हमें नया जीवन, नई चेतना और नई स्फूर्ति प्राप्त होने वाली है। इस तरह देखा जाए तो मृत्यु ईश्वरीय योजना का एक करुण विधान है।

दार्शनिक बेकन के शब्दों में, मृत्यु से नया जीवन मिलता है, केवल वहीं से जहां मनुष्य मृत्यु की गोद में सोता है, पुनरुत्थान का शुभारंभ होता है। विचारक कोल्टन के शब्दों में मृत्यु उन्हें मुक्त कर देती है, जिन्हें स्वतंत्रता भी मुक्त नहीं कर सकती। यह उनकी प्रभावशाली चिकित्सा है, जिन्हें औषधियां ठीक नहीं कर सकीं। यह उनके लिए आनंद और शांति की विश्रामस्थली है, जिन्हें समय सांत्वना नहीं दे पाता।

मृत्यु मानो एक लंबी छुट्टी पर जाने जैसा है। लोग अपने काम से छुट्टी लेकर किसी सुरम्य क्षेत्र में नदी, सागर के तट पर भ्रमण के लिए निकल पड़ते हैं। मृत्यु के द्वारा भी हम अनंत-जीवन के समुद्र में गोता लगाने, एक सुरम्य प्रदेश की यात्रा में निकल पड़ते हैं।

**- अखण्ड ज्योति**

उल्टा पुल्टा

पिता- पढ़ ले नालायक, कभी तूने अपनी कोई बुक खोलकर भी देखी है.
बेटा- हां पापा देखी है, बल्कि रोज देखता हूं उसे.
पिता- कौन सी बुक पढ़ने लगा है तू?
बेटा- फेस बुक।

## संपादकीय

### नशे और अपराधों में फंसते नाबालिग

*छत्तीसगढ़ के युवा जिस तरह से विभिन्न तरह के नशों का शौक पूरा करने के लिये अपराधों की ओर मुड़ रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है। वैसे तो यह स्थिति कमोवेश देश भर की है, लेकिन प्रदेश जो पहले से ही बहुत सम्पन्न नहीं है और यहां शिक्षा का स्तर भी अत्यंत असंतोषजनक है, यदि यहां के नाबालिग व युवा इसकी गिरफ़्त में आकर बड़े पैमाने पर अपराधों की दुनिया में प्रवेश करते हैं तो यह कानून-व्यवस्था के साथ कई सामाजिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसलिये सरकार और स्वयंसेवी संगठनों को चाहिये कि नाबालिगों-युवाओं को छोटे-बड़े नशों से दूर रहने के लिये जागरूक करें जो कि बहुत से अपराधों की जड़ है।*

*इस समस्या की तह में जाएं तो पाते हैं कि बड़ी संख्या में युवाओं की न तो शिक्षा में रुचि रह गयी हैं और न ही वे रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। विशेषकर अल्प शिक्षित नौजवान जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, उनकी दिलचस्पी कृषि कार्यों में भी नहीं रह गयी है। कई बार वे शहरों या कस्बों में चले जाते हैं परन्तु उन्हें कोई काम नहीं मिलता तो वे अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये अपराध करने लगते हैं। इसकी शुरुआत अक्सर छोटी-मोटी वस्तुओं की चोरियों से होती है जो बाद में मोटर साइकल, मोबाइल, जेवर आदि चोरी में तब्दील हो जाती हैं। इनमें एक वर्ग रहता है जो नाबालिगों का होता है। वे अपने से बड़े अपराधियों के मार्गदर्शन और संगत में अधिक गम्भीर अपराधों की ओर बढ़ जाते हैं। ज्यादातर अपराधियों का रूझान नशीले पदार्थों की सेवन की ओर होता है। गांजा-शराब से लेकर नशे के इंजेक्शनों से टेबलेटों का सेवन तक इसमें शामिल है।*

*नाबालिगों का एक और वर्ग होता है जो मोबाइल, बाइक आदि के शौक पूरा करने के लिये चोरी-डकैती करते हैं। कई बार मित्रों की टोलियां बनाकर ये अवयस्क किशोर जेब काटने, दुकानों या घरों से उठाईगिरी करने लग जाते हैं। जेबों से मोबाइल, पैसे या बटुवे निकाल लेना, बस-ट्रेनों या भीड़-भाड़ वाली जगहों से चारी कर वे अपने न केवल शौक पूरा करते हैं बल्कि नशे के पदार्थ खरीदते हैं। इस तरह देखें तो नशे और अपराधों का निकट का सम्बन्ध होता है। नशे की लत इतनी अधिक होती है कि वे उसके लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं।*

*पिछले दिनों खरोरा में हुई डकैती में तक कुछ नाबालिग शामिल थे। अब रायगढ़ में जो वारदात हुई है वह बतलाती है कि नाबालिग नशे के लिये कहां तक जा सकते हैं। रविवार की रात नशे के आदी तीन किशोरों और एक युवक ने एक ट्रेलर को देहजरी गांव के पास रोका। चालक का मोबाइल तथा 26 रुपये नगद छीन लिये। ट्रेलर लेकर भी वे फरार हो गये। हालांकि पकड़ लिये गये।*

# रेल्वे ने बाउंड्री वाल खड़ा कर किया रास्ता बंद,जनदर्शन में पहुंचा आवेदन

### कलेक्टर ने एसडीएम आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश

### कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया गया। साप्ताहिक जनदर्शन में 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिसके त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

साप्ताहिक जनदर्शन में आज रतनपुर नगर पालिक परिषद के वार्ड क्रमांक 05 के पार्षद ने शासकीय प्राथमिक शाला रानीपारा स्कूल मैदान में समतलीकरण एवं फिलिंग कराने संबंधी आवेदन दिए। उन्होंने बताया कि स्कूल मैदान में गड्ढे होने के कारण प्रवेश गेट के सामने 2-3 फीट पानी भर जाता है जिससे स्कूली बच्चों को स्कूल परिसर के अंदर जाने में परेशानी होती है।

कलेक्टर ने सीएमओ रतनपुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सिरगिट्टी निवासियों ने निस्तारी के लिए रास्ता दिलाने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिए। उन्होंने बताया कि रेल्वे द्वारा बाउंड्री वाल खड़ा कर रास्ता बंद कर दिया गया है इस रास्ते से ही 3000 से अधिक परिवारों के आवाजाही का रास्ता बंद हो गया है स्कूली बच्चों के लिए यह एकमात्र रास्ता था। इस मामले को कलेक्टर ने एसडीएम बिलासपुर को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कोटा ब्लॉक के ग्राम आमागोहन निवासी राजेन्द्र गुप्ता ने उनके निजी भूमि को शासकीय भूमि घोषित कर अवैध प्लॉटिंग करने संबंधी शिकायत कलेक्टर से की।

कलेक्टर ने एसडीएम कोटा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 04 सिद्धी विनायक फेस 2 निवासियों ने मोहल्ले में मूलभूत सुविधाएं प्रदान कराने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिए। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में पानी, नाली और बिजली संबंधी समस्याएं है।

कलेक्टर ने आवेदन नगर निगम कमिश्नर को आवश्यक कार्यवाही के लिए दिए। जूनी लाईन निवासी कुंज बिहारी सोन्थलिया ने अरपा नदी के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराने एवं पुराना बस स्टैण्ड और तेलीपारा से सिटी बस संचालित कराने संबंधी आवेदन दिए। कलेक्टर ने आवेदन नगर निगम कमिश्नर को देते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नूतन चौक सरकण्डा निवासी राजेश द्वारा ताइक्कांडो खेल के नियमित प्रशिक्षण के लिए राजा रघुराज सिंह स्टेडियम स्थित इंडोर हॉल की अनुमति देने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिए। कलेक्टर ने आवेदन नगर निगम कमिश्नर को देते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### श्याम लाल हरवानी बने आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर के अध्यक्ष

**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर के अध्यक्ष आंनद लालवानी का वर्ष 2023-2025 का कार्यकाल पूरा होने के बाद 01-जून-2025 को समाज की आम बैठक पूज्य पंचायत भवन जूना बिलासपुर में रखी गई , जिसमें पंचायत के पंच गण एवं पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति मे पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर के अध्यक्ष आंनद लालवानी ने पूज्य पंचायत के संरक्षक प्रेम चंद गंगवानी, मोहन लाल चंदवानी को अपने कार्यकारणी समिति सहित अपना त्यागपत्र इस्तीफा एवं दो वर्षो का आय व्यय का ब्यौरा सौंप दिया । तत्पश्चात आम बैठक में सभी पंचों की सहमति से श्याम लाल हरियानी को हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया।



विगत वर्ष 2021-2023 में भी श्याम लाल हरियानी - हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर के अध्यक्ष पद पर आसीन हुए थे और एतिहासिक समाजिक कार्यों को पूरा किया था, इन्हीं आशाओं के साथ श्याम लाल हरियानी को पून: यह जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में उपस्थित समाज के उपस्थित लोगों ने अपनी अपनी सहमति दी उपस्थित समाज में गोवर्धन मोटवानी, *पुरषोत्तम हरिरामानी, श्री चंद टहिल्यानी, बलराम हरियानी, गुरबख्श जसवानी, सुरेश टहिल्यानी, नंद लाल पूरी, लव सिदारा, रमेश कुमार सिदारा, हीरा लाल सिदारा, कन्हैयालाल मोटवानी, सहित अन्य समाज ने उपस्थिति दर्ज कराई। उपरोक्त जानकारी हाईटेक आदर्श पूज्य सिंधी पंचायत जूना बिलासपुर के पूर्व कार्यकारी कोषाध्यक्ष मनोहर आहूजा ने दी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम 5 को

**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को शहर स्थित राघवेन्द्र सभा भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पर्यावरण जागरूकता हेतु स्कूली बच्चों तथा आम नागरिकों के लिए चित्रकला, निबंध आदि प्रतियोगिताएं रखी गई है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं फोटोग्राफी हेतु उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों, विद्यार्थियों एवं संस्थानों को पर्यावरण रत्न, पर्यावरण मित्र एवं छत्तीसगढ़ छायाकार रत्न, छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

### सहायक जिला समन्वयक पद पर भर्ती के लिए दावा आपत्ति 13 तक

**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत जिला स्तर पर स्वीकृत सहायक जिला समन्वयक एडीपीएम-आरजीएसए के संविदा पदों की भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों को वेबसाईट में डालकर आवेदकों से दावा आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु 10 दिन का समय दिया गया हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों को जिला बिलासपुर के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त सूची में किसी प्रकार का दावा या आपत्ति करना हो तो आवेदक 13 जून 2025 तक कार्यालयीन दिवस में सवेरे 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम से पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट अथवा कार्यालय जिला पंचायत बिलासपुर में उचित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत दावा आपत्ति के प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

# 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव ,स्कूलों में समुचित व्यवस्था के निर्देश

**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशासनुसार छात्र-छात्राओं को स्वच्छ व सुंदर वातावरण में गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने स्कूल शिक्षा विभाग लगातार कार्य कर रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 16 जून 2025 से प्रत्येक स्तर पर किया जाना है। शाला प्रवेश उत्सव की प्रारंभिक तैयारी के साथ-साथ पर्याप्त प्रचार-प्रसार के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश जारी किया गया है।

जारी दिशा-निर्देश अनुसार समस्त स्कूलों में शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व शाला भवन परिसर, अध्यापन कक्षों की साफ-सफाई एवं मरम्मत कराने कहा गया है। शाला को आकर्षक एवं परिसर में प्रिन्ट-रिच वातावरण बनाने, मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत 10 जून 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शाला प्रवेश उत्सव का जोर-शोर से एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा यथासंभव बैनर-पोस्टर लगाने, रैली निकाली संबंधी निर्देश दिए। गांवों में तथा शहरी वार्डों में मुनादी कराई कराने, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शाला विकास समिति एवं पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित करने कहा गया है। शाला स्तर, संकुल स्तर, ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर शाला प्रवेश उत्सव मनाया जावे ताकि सत्र के प्रारंभ से ही अध्ययन-अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार हो सके, इसके लिए जिला स्तर पर आवश्यक रूप रेखा तैयार कर ली जाये। विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी पहले से ही संधारित कर ली जावे। कक्षा पहली के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र से बच्चों की सूची प्राप्त कर तथा प्रवेश देने की कार्यवाही करने के साथ ही शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित कर शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़ने निर्देशित किया गया है।

**■ व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा यथासंभव बैनर-पोस्टर लगाने, रैली निकाली संबंधी निर्देश दिए**

# आरटीओ आनंद रूप तिवारी निलंबित

### अरपा भैंसाझार सिंचाई योजना में मुआवजा वितरण में गड़बड़ी का आरोप

**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार ने अरपा भैंसाझार परियोजना में सरकार और किसानों को करोड़ो का चूना लगाने के मामले में बिलासपुर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद रूप तिवारी को निलंबित कर दिया है।



श्री तिवारी पर बिलासपुर में अनुविभागीय अधिकारी रहते हुए अरपा भैंसाझार परियोजना के तहत चकरभाटा क्षेत्र में नहर निर्माण के लिए की गई भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में गंभीर गड़बड़ी करने का आरोप है। इस मामले में कलेक्टर और कमिश्नर की जांच कमेटी ने तत्कालीन कोटा एसडीएम और वर्तमान में बिलासपुर आरटीओ श्री तिवारी समेत जलसंसाधन विभाग और राजस्व विभाग के 11 अफसरों और कर्मचारी को दोषी पाने की रिपोर्ट शासन को भेजा था, इसके बावजूद एक पटवारी को निलंबित कर मामले को ठंडा करने तत्कालीन कोटा एसडीएम को बिलासपुर में आरटीओ बनाकर बिठा दिया गया। मामले के लगातार प्रकाश में आने और गड़बड़ी की चर्चाओं के बीच राज्य सरकार ने आर टी ओ श्री तिवारी की निलंबित कर उन्हें जिला मुख्यालय में संलग किया गया है।

# केन्द्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिलासपुर में 51 31 मई से 6 जून तक भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि है, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव की तरह भी मनाया जा रहा है।




इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रमाकांत कौशिक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में भाषाओं का विशेष स्थान है। भारत विविधताओं का देश है, और यहाँ की भाषाई विविधता इसकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। इसी भावना को प्रोत्साहित करने हेतु विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विदित हो कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप इसे आयोजित किया जा रहा है। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की विभिन्न भाषाओं से परिचित कराना, भाषाई विविधता का सम्मान करना, और भाषाओं के माध्यम से सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित करना है। समर कैंप में विद्यार्थियों ने उड़िया और मराठी भाषा की मूलभूत जानकारी दी गई। प्रत्येक भाषा के लिए अलग-अलग सत्र रखे गए, जिनमें उस भाषा की लिपि, उच्चारण, सामान्य शब्दावली और लोकगीतों का अभ्यास कराया गया। कक्षा छठवीं की प्रियांशी ने ओड़िया में मनमोहक वार्तालाप किया। वहीं विद्या सचिन माली ने मराठी में वार्तालाप के माध्यम से इस भाषा की सुंदरता और सांस्कृतिक छवि को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक चित्रकला से भाषाई विविधता में एकता को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने इस कैंप में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई 2 को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। प्रतिभागी छात्र विनीत एवं नव्या ने बताया कि यह उनके लिए एक अद्वितीय अनुभव जैसा है। यह न केवल शैक्षणिक बल्कि सांस्कृतिक विकास का भी माध्यम बना। कार्यक्रम समन्वयक सुनील पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन निश्चय ही विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को सुदृढ एवं विकसित करते हैं। अंत में संगणक शिक्षक दीपक कुमार ने सबका धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रदर्शन किया।

# भारतीय मजदूर संघ ने मनाया महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती

### राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित करने की मांग

**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ जिला बिलासपुर के द्वारा आज कल्याण भवन विद्युत मंडल कार्यालय तिफरा मैं पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती महिला दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हमारे लोकप्रिय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा श्रीनारायण तिवारी पूर्व श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ , श्रीमती रश्मि द्विवेदी प्रांत संयोजिका राष्ट्र सेविका समिति, शंख ध्वनि बनाकर प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ उषा साहू प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ सुरेश तिवारी भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ आर के श्रीवास्तव अखिल भारतीय महामंत्री राज्य कर्मचारी संघ, पृथ्वीपाल सहगल अखिल भारतीय उपाध्यक्ष इस्पात मजदूर महासंघ, संजय तिवारी जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ, बिजली के यूनियन के पदाधिकारी मनीष क्षत्री शशि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंद कुमार कुशवाहा जयप्रकाश दुबे भागचंद साहू सुतीक्ष्ण पटेल दुकालू राम साहू रामावतार श्रीवास रूपेश जायसवाल साधुराम मानिकपुरी रामेश्वरी सागर किरण सिंह ठाकुर अनीता कश्यप आरती ध्रुव अंजली यादव अनीता साहू पार्वती केवट रितु वैष्णव संजय निर्मलकर राज्य कर्मचारी संघ से रमेश द्विवेदी सोमवार प्रकाश सिंह सुरक्षा गार्ड मजदूर संघ के अशोक शुक्ला, रामदास टंडन, मुकुंद आर्य, श्रीवास पाठक रुक्मणी रजक आशा साहू मेलाराम टंडन अटल गोदी लाल शाहिद भारी संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित रहे सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा भारत माता सम्माननीय ठेगड़ी एवं पुण्य स्लोका अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




दीप प्रज्जवलन के तुंरत बाद तेजस्विनी छात्रावास की बालिकाओं द्वारा आकर्षक समूह गीत और घोष वादन से महारानी अहिल्या बाई को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित किया।मंच पर अतिथियों का स्वागत तुलसी का पौधा के साथ शाल एवं पुष्प देकर किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री श्रीमती उषा साहू ने किया।वक्ताओं के क्रम में सर्वप्रथम भारतीय मजदूर संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं श्रम कल्याण मंडल (छ.ग.) के पूर्व अध्यक्ष एस एन तिवारी ने अहिल्या बाई के जीवन की प्रमुख घटनाओं के बारे में बताया।मुख्य वक्ता श्रीमती रश्मी द्विवेदी ने महारानी अहिल्या बाई के इतिहास की जानकारी देते हुए उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि अपने परिवार और समाज में महारानी के बताये रास्ते पर चलते हुए उच्च संस्कारों का पालन करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बताया कि देश भर में पूरे वर्ष सरकार के साथ साथ समाज के सभी वर्गों द्वारा अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर नारी सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया है और उनके नाम पर सरकार द्वारा डाक टिकट भी जारी किया गया है। महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने एक न्यायप्रिय, सशक्त और जनहितैषी शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भी पूरे देश में मंदिरों का जीर्णोद्धार, कुओं , जलाशयों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया तथा एक कुशल प्रशासक के रूप में प्रसिद्ध हुई। कार्यक्रम के अंत में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर विभाग प्रमुख शंखध्वनि सिंह बनाफर ने कहा कि भारतीय मजदूर इस वर्ष अपने सत्तर वें स्थापना दिवस पर समाज में पंच परिवर्तन का लक्ष्य लेकर सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण, कुटुबं प्रबोधन, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य के पालन को लेकर वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।इसी प्रकार से संघ द्वारा सभी जिलों में महारानी अहिल्या बाई होल्कर जयंती को महिला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। तथा संघ द्वारा सरकार से यह मांग की गई है कि 31 मई महारानी अहिल्या बाई होल्कर जयंती को राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया जाऐ।

# सिंचित जमीन अर्जित की और कम मुआवजा मिला, विरोध में चक्काजाम

## नेशनल हाइवे पर हुई समस्या

कोरबा-पाली, 03 जून (देशबन्धु)। मुनगाडीह में मंगलवार सुबह नेशनल हाईवे 130 पर स्थानीय किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। प्रभावित किसानों का आरोप है कि उनकी सिंचित जमीन को नेशनल हाईवे निर्माण के लिए अधिग्रहित किया गया, लेकिन मुआवजा असिंचित जमीन के हिसाब से निर्धारित किया गया, जिससे उन्हें उचित राशि नहीं मिली।

प्रदर्शन के कारण सड़क पर दोनों दिशाओं में वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और छोटे-बड़े वाहनों के साथ एंबुलेंस भी जाम में फंस गईं। प्रदर्शनकारी किसानों ने बताया कि उनकी जमीन पिछले वर्षों में हाईवे निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई थी। हाईवे बनने के बाद लाखों वाहन इस मार्ग से गुजर चुके हैं और टोल प्लाजा से शुल्क भी वसूला जा रहा है। इसके बावजूद मुआवजे का मसला अब तक अनसुलझा है। किसानों ने कई बार नेशनल हाईवे प्राधिकरण और जिला प्रशासन से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आश्वासनों से तंग आकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस व पाली तहसीलदार सूर्यप्रकाश केशकर के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या को उचित मंच पर उठाया जाएगा और जल संसाधन विभाग के माध्यम से जांच कराई जाएगी। लगभग दो घंटे की वार्ता के बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त



किया। किसानों ने मांग की है कि मुआवजे के मामले की जांच बिलासपुर कमिश्नर कोर्ट में चल रही है। लोग चाहते हैं कि जल संसाधन विभाग भी जांच करें। तहसीलदार सूर्यप्रकाश केशकर ने बताया कि प्रभावितों की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है और अगली कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों से दिशा-निर्देश लिए जाएंगे। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे भविष्य में और उग्र आंदोलन करेंगे।

### आर्बिटेशन में हैं मामला

प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि मुनगाडीह में जमीन अर्जन और मुआवजा को लेकर विसंगति की जानकारी है। यह मामला आर्बिटेशन की प्रक्रिया में कमिश्नर के यहां लगा है। इसके अंतर्गत बीच का रास्ता निकालने की व्यवस्था होना है। इसे पंच निर्णय भी कहा जाता है। इस दौरान जो निर्णय होगा वह दोनों के लिए बाध्यकारी भी होगा। खबर के अनुसार लंबे समय से मामला अटका हुआ है इसलिए भी लोगों की नाराजगी है। इसके पहले भी मुनगाडीह में मुआवजा को लेकर लोग प्रदर्शन कर चुके हैं।

# ध्वनि प्रदूषण : 13 बुलेट चालकों पर 29 हजार की पेनाल्टी



कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। ट्रैफिक पुलिस ने तय किया है कि ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ नियमों से खिलवाड़ करने वाले वाहन चालकों के साथ कोई मुरौव्वत नहीं होगी। पुलिस की टीम ने अपने अभियान के अंतर्गत 23 बुलेट गाड़ियों को दबोचा। ऐसे सभी मामलों में कुल मिलाकर 29900 की पेनल्टी की गई।

पुलिस की ओर से इस कार्रवाई को असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रामनारायण राट्रे, ईश्वरी लहरे, मनोज राठौर, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, कुमारी नीतू श्रीवास्तव, सुभाष, आशीष, पवन, लखन, मेहमान कुर्रे, राम पाटिल, जितेश, लीलाधर चंद्र और अरुण दिलेश्वर ने पूरा किया। बताया गया कि ट्रैफिक इंचार्ज आईपीएस रविंद्र मीणा के मार्गदर्शन में इस अभियान को संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। बताया गया कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई के दौरान 23 बुलेट चालक पकड़े गए जिनकी गाड़ियों में परिवर्तित साइलेंसर लगाया गया था और इसके जरिए रास्ते पर चलने वाले लोगों समेत अन्य वाहन चालकों की परेशानी बढ़ाई जा रही थी। बुलेट के साइलेंसर से निकलने वाली आवाज ध्वनि प्रदूषण का कारण भी बन रही है। इससे उत्पन्न खतरों को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अभियान चलाया है और ऐसे प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चालकों के खिलाफ पेनल्टी की गई। मौके पर ही उनकी गाड़ियों से ऐसे मॉडिफाई साइलेंसर निकलवाने के साथ जप्त कर लिए गए। साफ तौर पर कहा गया है कि दुपहिया कंपनी निर्माण की प्रक्रिया में जो स्टैंडर्ड साइलेंसर उपलब्ध करा रही हैं उसे ही रहने दे और उसका ही उपयोग करना है। किसी भी चालक के द्वारा अगर मनमानी की जाती है तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी और आने वाले दिनों में जानकारी लेने के साथ उनके खिलाफ भी एक्शन होगा जो इस प्रकार के मॉडिफाई साइलेंसर रखने के साथ स्टेबल कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### लक्ष्य पूरा करें वरना तहसीलदारों पर होगी कार्रवाई



कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को कहा है कि अपने अनुविभाग के तहसीलदारों की बैठक लेने के साथ उनके माध्यम से राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों की बैठक लेते हुए राजरूव प्रकरणों की समीक्षा करें। यह काम करने के लिए जल्द ही शेड्यूल भी बनाना होगा।

मंगलवार को कलेक्टर अजीत वसंत ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी राजस्व प्रकरणों को लंबित न रखे। संबंधित का पक्ष सुने और निर्णय लेकर आदेश दें। नक्शा, बटांकन कार्य में इस माह के अंत तक 80 प्रतिशत तक प्रगति भी लाई जाए। जो भी तहसीलदार लक्ष्य पूरा नहीं करेंगे उन पर कार्यवाही होगी। सिंगल ट्रांजेक्शन वाले प्रकरणों में आगामी 15 दिवस के भीतर और एक से अधिक लोगों के ट्रांजेक्शन वाले प्रकरणों पर 31 जुलाई के भीतर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कोटवारी भूमि को शासन के रिकार्ड में दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी कहा गया कि जिले में अविवादित नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों में तेजी लाई जाए। बैठक में अन्य संबंधित विषयों पर भी बातचीत हुई और दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, मनोज कुमार बंजारे, सभी एसडीएम, प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख, अधीक्षक भू-अभिलेख, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### 11 विद्युत कर्मी रिटायर, एचटीपीएस ने दी विदाई




कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम से मई माह में 11 विद्युत कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। एक कार्यक्रम में इन्हें विदाई दी गई। इन विद्युतकर्मियों में वरिष्ठ पर्यवेक्षक शिवप्रसाद, कनिष्ठ पर्यवेक्षक दिलहरण लाल, ललित मोहन नायक, लक्ष्मी कुमार चंद्रा, समेलाल गोड़, बड़वंत राव, गुरूचरण चंद्रा, शिव कुमार साहू, लोकनाथ चंद्रा, सिविल परिचारक श्रेणी-दो जगत राम राठौर और कक्षसेविका लक्ष्मी बाई यादव शमिल हैं। मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव ने इन सभी कर्मियों के काम को सराहा और उन्हें स्मृतिचिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, पीके स्वैन और एससी पाठक की उपस्थिति रही। श्रम कल्याण केंद्र में आयोजित दीर्घ सेवा सम्मान समारोह में मुख्य अभियंता एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ व सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। पूर्व कर्मियों ने अपनी बात रखी।

### सरकारी जमीन पर बनाया किचन गार्डन, निगम ने तोड़ा



कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के दर्री जोन अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल नगर क्षेत्र में शासकीय जमीन पर लंबे समय से किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ तहसीलदार बजरंग साहू ने सख्त कार्रवाई की है। सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर घर और बाड़ी (किचन गार्डन) बना लिए थे। इसके बाद तहसीलदार बजरंग साहू ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया गया और जेसीबी मशीन की मदद से अवैध ढांचों और बाड़ी को हटाया गया। इस कार्रवाई से शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि शासकीय संपत्ति पर अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है और प्रशासन से ऐसी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने की मांग की है।

# कोविड अलर्ट, अस्पतालों में सर्दी-खांसी की जांच के साथ डेटा संकलन शुरू

## संभावित मरीजों को अलग रखने पर फोकस

कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। जिले में कोविड-19 के बढ़ते मामलों की आशंका के बीच स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार जिले में कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जा रहा है। लोगों से अपील की गई है कि सर्दी-खांसी जैसे लक्षणों को हल्के में न लें और तुरंत जांच कराएं। सभी अस्पतालों में जांच की सुविधा दी गई है। लोगों से कहा गया है कि कुछ खास लक्षण होने पर उपेक्षा न करें और चिकित्सक से परामर्श लें।

भले ही कोरबा जिले में कोरोना के नए खतरे की दस्तक नहीं हुई है लेकिन दूसरे इलाकों में जो तस्वीर बनी है उससे स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। इसी के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में सर्दी-खांसी से संबंधित मरीजों की जांच और डेटा संकलन शुरू कर दिया है। कोविड पॉजिटिव पाए गए मामलों की पुष्टि के लिए सैंपल एम्स रायपुर भेजे जाएंगे। कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर मरीजों के लिए विशेष वार्ड तैयार किया गया है। साथ ही, मेडिकल कॉलेज सहित सभी अस्पतालों में जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने बताया कि संभावित मरीजों को अलग रखने और



उनसे दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। लोगों से पैनिक न करने की अपील की गई है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के उप-स्वास्थ्य केंद्रों में कर्मचारियों और मितानिनों को प्रशिक्षण दिया गया है। मितानिन घर-घर जाकर कोविड से बचाव की जानकारी देंगी और संदिग्ध मामलों की सूचना लेंगी। पॉजिटिव मामलों की पुष्टि के बाद मरीजों को एम्स रायपुर रेफर किया जाएगा।

### दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है जिले में

जिला मेडिकल कॉलेज में दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, और शहर व ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में भी दवाएं भेजी जा रही हैं। पांच साल पहले कोविड की पहली और दूसरी लहर के दौरान कोरबा में भारी नुकसान हुआ था, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। स्वास्थ्य विभाग और भारत सरकार की वैक्सीन ने स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुराने अनुभवों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने की अपील की है।

# बस स्टैण्ड बना लाखों में, बसें चल रही बजरंग चौक से

## कांग्रेस नेता दिलीप सिंह ने व्यवस्था ठीक करने की मांग की




कोरबा-दीपका, 03 जून (देशबन्धु)। दीपका में राज्य सरकार द्वारा वर्षों पहले निर्मित प्रतीक्षा बस स्टैंड और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स उपयोग के अभाव में खाली पड़ा है। अधोसंरचना विकास के तहत भारी राशि खर्च कर बनाए गए इस बस स्टैंड से अब तक यात्री बसों का संचालन शुरू नहीं हो सका है, जिसके कारण सड़कों पर जाम और अन्य समस्याएं बनी हुई हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दीपिका में बजरंग चौक को ही अब तक बस स्टैंड के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जहां विभिन्न मार्गों से आने वाली बसें खड़ी होती हैं। इससे न केवल जाम की स्थिति बनती है, बल्कि आसपास के कारोबार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

बस स्टैंड के निर्माण का उद्देश्य यात्रियों को सुविधा प्रदान करना और स्थानीय व्यवसायियों को रोजगार के अवसर देना था, लेकिन यह सुविधा अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने इस मुद्दे पर कलेक्टर से जल्द से जल्द बस स्टैंड का संचालन शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि नया बस स्टैंड चालू हो जाए, तो जाम की समस्या कम होगी और यात्रियों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। नागरिकों ने भी प्रशासन से इस दिशा में त्वरित कार्रवाई की मांग की है ताकि इस सुविधा का लाभ जनता को मिल सके।

# भाजपा ने बिहार चुनाव के मद्देनजर प्रवासी कामगार सम्मेलन किया

## कार्यसमिति सदस्य हेमंत झा हुए शामिल

कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तरह से एक्टिव है। कोरबा जिले के उपनगरीय क्षेत्रों में बिहार के प्रवासी नागरिकों व कामगारों का भरोसा जीतने भाजपा ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत दीपका नगर के ब्रह्मर्षि समाज भवन में कार्यक्रम किया। नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में यह आयोजन हुआ।



कार्यक्रम के संयोजक राधेश्याम सिंह, स्थानीय इकाई के संयोजक अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमंत झा, जिला संयोजक डॉ. राजीव सिंह, सह संयोजक दीपक ठाकुर, नगर पालिका के वरिष्ठ पार्षद अरुणिश तिवारी, पूर्व पार्षद रोहित जयसवाल, गोपाल दादा, मीना सिन्हा सहित बिहार के अन्य प्रवासी कामगार के साथ बिहार चुनाव के बारे में सार्थक जनसंपर्क कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाजपा अपने एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के जरिए देश भर में बिहार के प्रवासी कामगारों से सक्रिय रूप से जुड़ रही है। पार्टी 150 जिलों में बिहारी मतदाताओं की मैपिंग कर रही है, जिसका लक्ष्य उन्हें अपने घर वापस अपने परिवारों को प्रभावित करने के लिए प्रोत्साहित करके समर्थन जुटाना हैं। कार्यक्रम का संचालन द्वारिका शर्मा ने किया। इस अवसर पर मिन्टू शर्मा, बीरेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, प्रभात सिंह, संतोष गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, विकास सिन्हा, सियाराम सिंह, सुरेंद्र सिंह, शियाराम शर्मा, अजीत सिह, सुनील कुमार, संतोष सिंह, शैलेश सिंह, रमेश सिंह, शंकर दयाल, लल्लन यादव, अजय कुमार, धनन्जय सिंह, मृत्युंजय चौबे, अवनीश कुमार, गिरजेश कुमार, अज्जू, गोपाल कुमार, अमरेन्द्र सिंह, शैलेश कुमार, हेमन्त, राजेश कुमार, धनंजय सिंह, सौरभ शर्मा, दीपक कुमार दुबे उपस्थित रहे।

# गजराजों ने मूंगफली और कई फसलों को तहस-नहस किया

## गायब हुआ दिन का चैन, रातों की नींद



कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। गजराजों की समस्या कोरबा के लिए आफत बनती जा रही है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के बनिया जंगल में विचरण कर रहे 10 हाथियों का दल बीती रात केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में पहुंच गया। कई इलाकों में हाथियों ने किसानों की फसलों को खाने के साथ तहस-नहस कर दिया। उनके डर से लोगों की नींद गायब हो गई है।

हमारे सूत्रों ने बताया कि गजराजों के समूह को खडफ़ड़ीपारा के पास जंगल में देखा गया, जिसके बाद वन विभाग ने इसकी सूचना मिलते ही निगरानी तेज कर दी है। इसके अलावा, केंदई रेंज के कापानवापारा सर्किल के रोदे जंगल में 11 अन्य हाथी विचरण कर रहे हैं। राहत की बात यह है कि इन हाथियों ने अभी तक कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। हालांकि, कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के गीतकुंआरी और गुरमा क्षेत्र में 13 हाथियों के दो झुंड सक्रिय हैं। गुरमा क्षेत्र में बीती रात इन हाथियों ने खेतों में घुसकर तीन ग्रामीणों की रबी फसलों, धान और मूंगफली, को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया। प्रभावित ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचित किया, जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रहा है। वन विभाग लगातार हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रहा है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग का कहना है कि वे स्थिति को नियंत्रित करने और नुकसान को कम करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों में हाथियों के कारण भय का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि दो दशक से समस्या बनी हुई है और वन विभाग नई-नई योजनाएं लांच करने तक ही सीमित है। समझ नहीं आता कि इनके परिणाम कब आएंगे।

# एसईसीएल की कालोनियों में समस्याएं अपार, कल्याण समिति हुई हैरान

## कर्मियों ने कहा-हर तरफ केवल परेशानियां

कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा, सुराकछार, और बलगी क्षेत्रों में स्थित एसईसीएल कॉलोनी का क्षेत्रीय कल्याण समिति ने निरीक्षण किया, जहां कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी और जर्जर अवस्था की शिकायतें सामने रखीं। निरीक्षण दल को कॉलोनी में सड़कों की खराब हालत, गंदगी, जर्जर क्वार्टर, और अपर्याप्त व्यायामशाला जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा।

एसईसीएल कर्मी रमेश कुमार ने बताया कि बांकीमोंगरा में लगभग 300 क्वार्टर हैं, लेकिन केवल दो कर्मचारी ही वहां रह रहे हैं। कॉलोनी में सड़कें जर्जर हैं, गंदगी का आलम है, और बरसात में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कर्मी राजेश कुमार ने अपने क्वार्टर की बदहाल स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि दीवारों से पानी रिस रहा है और पहली बारिश में ही कई दिक्कतें हुईं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कर्मी जगदीश कुमार ने व्यायामशाला की जर्जर स्थिति और अपर्याप्त सुविधाओं की शिकायत की। स्थानीय कर्मचारियों ने बताया कि पहले भी कई बार समस्याओं को उठाया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। समिति ने स्टाफ ऑफिसर (सिविल) और क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। स्टाफ ऑफिसर (सिविल) ने कहा कि इन मामलों में संज्ञान लिया जाएगा। निरीक्षण दल में क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के.पी. सिंह, स्टाफ ऑफिसर (सिविल) श्री पटेल, कार्मिक प्रबंधक श्री शुक्ला, उपक्षेत्रीय अभियंता श्री शर्मा, और कल्याण समिति के सदस्य सूर्यकांत, शैलेंद्र सिंह, समारु टंडन, माधव सिंह, गौतम चटर्जी, जय मुखर्जी, मनोज कटारिया, कृष्ण कुमार, और वीरभान जे. गिरी शामिल थे।

# लेमरू में बनेगा विद्युत उप केन्द्र बस्ती-टोलों को करेंगे रौशन

कोरबा, 03 जून (देशबन्धु)। कोरबा जिले के रिमोट एरिया के लोगों को आगामी कुछ समय में बहुत सारी समस्याओं से छुटकारा मिल सकेगा। कारण यह है कि सुदूर लेमरू में नया विद्युत उप केन्द्र तैयार होगा। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत ऐसे पारा, बस्ती अथवा टोला, जहां 10 या अधिक परिवार निवास कर रहे हैं और अब तक बिजली सुविधा से वंचित हैं, वहां प्राथमिकता से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।



मंगलवार को प्रशासन के द्वारा समय-सीमा की बैठक में इसी पर फोकस किया गया। सीएसईबी को कहा गया है कि जल्द ही इस दिशा में काम किया जाए। कलेक्टर अजीत वसंत ने कटघोरा विकासखंड के ललमटिया बस्ती में 25 परिवारों के बिजलीविहीन होने पर सुविधा देने को कहा। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए तथा अधिकारियों से अपने अधीनस्थ कार्यालयों में भी यह कार्य सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसी भी योजना या कार्य के क्रियान्वयन में सर्वेक्षण कार्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अतः इसे गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को विवादरहित, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने पर भी उन्होंने जोर दिया। जनपद सीईओ को कहा गया कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, मनोज कुमार बंजारे सहित सभी एसडीएम एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

# एक पेड़ मां के नाम के तहत बड़े पैमाने पर होगा पौधरोपण

### धरती आबा अभियान के तहत 15 जून से लगेंगे शिविर




**कोरिया,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में 'आवा पानी झोंकी अभियान' के तहत किसानों को खेती में 5 प्रतिशत मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस मॉडल के तहत खेत की 5 प्रतिशत भूमि में सीढ़ीनुमा गड्ढा बनाकर वर्षा जल को संरक्षित किया जाएगा, जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा और फसल की उत्पादकता में वृद्धि होगी। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इस वर्ष भी बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। वन विभाग, उद्यानिकी, जल संसाधन सहित सभी विभागों के अधिकारियों से कहा है कि बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की तैयारी करें।

कलेक्टर ने सभी विभागों को 'धरती आबा' अभियान के तहत 15 जून से प्रारंभ होने वाले शिविरों की तैयारी करने के निर्देश दिए है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं और जनहितकारी कार्यक्रमों का लाभ सभी अनुसूचित जनजाति गांवों व वहां निवास करने वाले वास्तविक हितग्राहियों को लाभ मिले यह सुनिश्चित हो।

### आवारा मवेशियों पर नियंत्रण, स्नैक एंटीवेनम बड़ी मात्रा में रखे

पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गए कि आवारा और घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर शीघ्र शिफ्ट किया जाए तथा सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमवाड़ा पर पशु मालिकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा है कि जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्नैक एंटीवेनम बड़ी मात्रा में रखे ताकि सांप के काटने से मरीजों को समय पर उपचार मिल सके।

### नालियों की नियमित सफाई हो एवं टूट-फूट पाइप को शीघ्र मरम्मत करें

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकाय एवं पंचायत निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि नियमित रूप से नालियों का सफाई कराएं। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों की साफ-सफाई नियमित हो और टूट-फूट पाइप को मरम्मत करें ताकि बरसात के दिनों में रहवासियों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना न पड़े।

### लंबित राजस्व प्रकरणों का करें त्वरित निराकरण

कलेक्टर ने राजस्व संबंधित कार्य जैसे नामांतरण, बटवारा, नक्शा आदि का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए, उन्होंने सभी तहसीलदारों से कहा है कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से करें।

### जनदर्शन में मिले आवेदन

आज आयोजित जनदर्शन में कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, डी.डी. मंडावी सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# किसानों को मिल रही वैज्ञानिक खेती की जानकारी




कोरिया, 3 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की संकल्पना से प्रेरित विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराने हेतु विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसान, अनुसंधान और विज्ञान को एक मंच पर लाकर खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाना है।

जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के मार्गदर्शन में एक 3 सदस्यीय कृषि वैज्ञानिकों की टीम गठित की गई है। यह टीम 29 मई 2025 से प्रतिदिन जिले के विभिन्न क्लस्टर गांवों में जाकर खरीफ मौसम के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी किसानों को दे रही है।

अब तक जिले के 36 क्लस्टर गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 74 गांवों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हो चुके हैं। कार्यक्रमों के दौरान किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत कास्त तकनीक, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरक प्रबंधन, नवीन कृषि यंत्रों का उपयोग, ड्रोन प्रदर्शन, जल संरक्षण तकनीक, बीज उपचार एवं समन्वित कीट प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

अभियान में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य विभाग के अधिकारी शामिल हैं। अभियान की एक खास बात यह है कि गांवों के प्रगतिशील किसान भी अपने अनुभव साझा कर अन्य किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

# एकलव्य विद्यालय प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों को अंतिम कॉउंसलिंग का अवसर

**एमसीबी,** 3 जून (देशबन्धु)।जिले में संचालित एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु वर्ष 2025-26 के लिए चयनित विद्यार्थियों की अंतिम मेरिट सूची के आधार पर कॉउंसलिंग 16 मई से 17 मई 2025 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पोड़ीड़ीह, विकासखण्ड खड़गवां, जिला एमसीबी के ऑडिटोरियम कक्ष में आयोजित की गई थी। इस कॉउंसलिंग में जो विद्यार्थी उपस्थित नहीं हो सके थे, उन्हें एक और अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

ऐसे विद्यार्थियों की कॉउंसलिंग 5 जून एवं 6 जून को आयोजित की जाएगी, जिसमें खड़गवां विकासखण्ड के विद्यार्थियों की कॉउंसलिंग एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीड़ीह में तथा भरतपुर विकासखण्ड के विद्यार्थियों की कॉउंसलिंग एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान में संपन्न होगी। जिन विद्यार्थियों की पूर्व में उपस्थिति नहीं हो सकी थी, यदि वे इस अवसर पर भी अनुपस्थित रहते हैं, तो उनकी रिक्त सीटों की पूर्ति प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की कॉउंसलिंग के माध्यम से की जाएगी।

# बारिश के बाद जलाशयों में जल प्रबन्धन के व्यापक उपाय किए जाएं

## जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न, स्वास्थ्य मंत्री ने लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने विद्युत विभाग को दिये निर्देश

**एमसीबी,** 3 जून (देशबन्धु)। जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, चिरमिरी महापौर रामनरेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और जिला अधिकारियों की उपस्थिति रही।



बैठक में कुल 261 कार्यों को प्रस्तावित किया गया, जिनमें उच्च प्राथमिकता के 181 तथा अन्य प्राथमिकता के 80 कार्य शामिल हैं। इन कार्यों पर लगभग 2,712.43 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। बैठक में उच्च प्राथमिकता के तहत पेयजल आपूर्ति से संबंधित 20 कार्यों को स्वीकृति दी गई, जिनमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं कन्या छात्रावासों में ओएचटी मोटर, सोलर पंप, नलकूप खनन, पाइपलाइन स्थापना जैसे कार्य कराए जाएंगे। स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में 9 कार्यों को स्वीकृत किया गया है, जिनमें पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी की संविदा अवधि में वृद्धि, इलेक्ट्रिकल केबल व पैनल इंस्टॉलेशन, लैब, टेक्नीशियन, दंत चिकित्सक, सोलर पावर प्लांट तथा डॉर्मेट्री निर्माण जैसे कार्य सम्मिलित हैं। पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए 2 कार्यों को मंजूरी दी गई है जबकि सतत् जीविकोपार्जन के लिए 7 कार्यों को स्वीकृत किया गया है। स्वच्छता क्षेत्र के 10 कार्यों में सामुदायिक भवन, शौचालय, बिजली कार्य, जीर्णोद्धार, महतारी सदन और एसबीएम ग्रामीण पेयजल व्यवस्था जैसी योजनाएं सम्मिलित हैं। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 28 कार्यों की योजना बनाई गई है, जिनमें मनरेगा के तहत डबरी निर्माण, सामुदायिक मुर्गी पालन, बकरी पालन, सामुदायिक कुआं निर्माण, सामुदायिक बकरी शेड, सूअर पालन केंद्र, पोल्ट्री शेड, बकरी आश्रय शेड, चेक डेम, स्टॉप डेम की मरम्मत तथा पशु संवर्धन के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान हेतु तरल नत्रजन एवं सीमेन स्ट्रॉ जैसी गतिविधियां शामिल हैं। महिला एवं बाल कल्याण के अंतर्गत 2 कार्य योजनाएं बनाई गई हैं, जिनमें स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली व्यवस्था और महिला क्लस्टर संगठन हेतु सामुदायिक भवन निर्माण का कार्य सम्मिलित है। कौशल विकास एवं रोजगार के लिए 1 कार्य को स्वीकृति दी गई है। शिक्षा विभाग के लिए 102 कार्ययोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं जिनमें प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, कक्ष मरम्मत, शौचालय निर्माण, कॉलेज व स्कूलों की छज्जा एवं खिड़कियों की विशेष मरम्मत, जीर्णोद्धार, पीएलसी बैठक कक्ष, शिक्षकों का प्रशिक्षण, कंप्यूटर कक्ष एवं लैब टेबल की स्थापना जैसी योजनाएं शामिल हैं। अन्य प्राथमिकता कार्यों के अंतर्गत ऊर्जा और जल विभाजक विकास के लिए 21 कार्यों की योजना है, जिसमें आईटीआई भवन और बालक छात्रावासों में रिवायरिंग, विद्युतीकरण, इन्वर्टर प्रदाय, स्थापना निर्माण, एरिया लाइटिंग, नेटवर्किंग और रिचार्जेबल एलईडी शामिल हैं। सिंचाई के लिए 12 कार्यों की योजना बनाई गई है। जिसमें नालों में चेक डैम, पक्के चेक डेम और एनीकट निर्माण का समावेश किया गया है। भौतिक अधोसंरचना के लिए 46 कार्यों की योजना में धान खरीदी केंद्रों पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण, शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, सिटी परियर लाइब्रेरी, शेड, साइकिल व कार स्टैण्ड, गोदामों का जीर्णोद्धार, मीटिंग हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंस, चेन लिंक फेंसिंग, और गोदाम निर्माण शामिल हैं। प्रशासनिक व्यवस्था सुधार हेतु भी विशेष कार्ययोजना बनाई गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि बारिश के बाद जलाशयों में जल प्रबंधन के व्यापक उपाय सुनिश्चित किए जाएं ताकि फसलों के लिए जल की उपलब्धता बनी रहे।

उन्होंने स्कूलों के युक्तियुक्तिकरण की प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने, विद्युत विभाग को लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण हेतु विस्तार की योजना तैयार करने और एसईसीएल क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने भरतपुर क्षेत्र में हो रही अवैध वनों की कटाई पर रोक लगाने के निर्देश दिए तथा मुख्यमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि में हो रही गड़बड़ी को जांच करने के निर्देश दिए। जिले के जिला सहकारी बैंक में किसानों के साथ हो रहे गड़बड़ी को भी जांच करने के लिए निर्देशित किया है।

# ग्रामीण मार्गों के चिन्हांकन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आज

**कोरिया,** 3 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के अंतर्गत जिले में नए ग्रामीण मार्गों के चयन एवं सत्यापन के लिए बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 4 जून 2025 को प्रातः 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, बैकुण्ठपुर में आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर कोरिया करेंगी।

जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत), सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई एवं एनएचएआई के कार्यपालन अभियंता तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

राज्य शासन द्वारा हाल ही में जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में कुल 9 विभागीय अधिका शामिल हैं, जिनमें जिला कलेक्टर अध्यक्ष तथा जिला परिवहन अधिकारी को सदस्य-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक का उद्देश्य जिले के ग्रामीण अंचलों में बेहतर एवं सुलभ परिवहन सुविधा सुनिश्चित करना है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे ग्रामीण मार्गों का चयन किया जाना है जहाँ आज भी सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं है या अत्यंत सीमित है।

### उर्वरक दुकान में मिली अनियमितता, दुकानदार को नोटिस जारी, जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए नमूने

अम्बिकापुर, 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर के निर्देश पर विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम उदारी में मेसर्स नवाज जनरल स्टोर संस्थान में कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा सोमवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उर्वरक दुकान में कई कमियां एवं अनियमितताएं पायीं गईं। इस दौरान विभिन्न उर्वरकों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। अनियमितताओं हेतु संबंधित प्रोपराइटर श्री शाहिद हुसैन को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके संस्थान पर वर्तमान में विक्रय प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही की गई। जांच में उप संचालक कृषि श्री पीतांबर सिंह दीवान, नायब तहसीलदार श्री मोइनुद्दीन खान,अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री अम्ब्रोस टोप्पो, सहायक संचालक कृषि अभिषेक झा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती बिबियाना बेक एवं सी.आर. पैंकरा, कृषि विकास अधिकारी श्री जे. आलम शामिल रहे।

# नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**एम सी बी चिरमिरी,** 3 जून (देशबन्धु)। थाना मनेंद्रगढ़ में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी बच्ची पीड़िता कक्षा पहली में पढती है जो दिनांक 01.06. 2025 के शाम 06.00 बजे इसके घर के पास कुछ दूरी पर रखे रेत पर अपनी बहन के साथ खेल रही थी जो नहीं मिल रही है।

रिपोर्ट पर धारा 137 (2) भा.न्या.सं. पंजीबद्ध कर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय श्री दीपक झा सरगुजा रेंज सरगुजा एवं पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह जिला एम.सी.बी, के निर्देशन एसडीओपी ए. टोप्पो मनेन्द्रगढ के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विशेष अलग-अलग टीम का गठन किया गया। सउनि मनीष तिवारी के टीम के द्वारा 11 घण्टे में अपहृत बालिका को ग्राम सिकटापारा झाडी जंगल परसा पेड़ के



पास से आरोपी जनक राजा उर्फ गदे पिता सुखु चेरवा उम्र 40 वर्ष निवासी सिन्चोरा स्कूलपारा प्रतापपुर रोड़ थाना राजपुर जिला बलरामपुर (छ0ग0) के कब्जे से बरामद किया गया पुछताछ करने पर अपहृत बालिका के साथ आरोपी के द्वारा बताया गया कि वो बच्ची को बहला फुसलाकर पीठ पर बैठा कर अपहरण कर ले गया और उससे दुष्कर्म करने की बात स्वीकार किया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध प्रकरण में धारा 65 (2), 87 भा.न्या.सं. व पॉस्को एक्ट की धारा 4 जोडी गई है। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता है।

# कृषि आउटरीच कार्यक्रम के तहत किसानों और महिलाओं को मिला करोड़ों का ऋण समर्थन

**एमसीबी,** 3 जून (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में 2 जून को एक विशेष कार्यक्रम कृषि आउटरीच का आयोजन भव्य रूप से किया गया। यह कार्यक्रम किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों तथा स्थानीय उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने और उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मंडल कार्यालय बिलासपुर से उप मंडल प्रमुख दिब्य रंजन नायक की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने बैंक की इस पहल की सराहना की और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु बैंकिंग संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम रितेश पाटीदार, जिला पंचायत से राजेश जैन, पंजाब नेशनल बैंक मनेन्द्रगढ़ के शाखा प्रबंधक ब्रज मोहन भारती, कृषि विभाग से धनेश्वर वाबले, उप शाखा प्रबंधक नवल किशोर साहू, उप प्रबंधक राजेश कुमार, विकास विक्रम, अनीस सीमा तिग्गा, प्रदीप देवांगन, दिनेश कुमार एवं दीपा दत्ता सहित कई अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पंजाब नेशनल बैंक द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत उल्लेखनीय स्वीकृतियाँ प्रदान की गईं। बैंक द्वारा पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री



सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना) के अंतर्गत 4 ऋण स्वीकृत किए गए जिनकी कुल राशि 26 लाख रही। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए 11 स्वयं सहायता समूहों को कुल 48 लाख के ऋण स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त 5 लखपति दीदी योजना के अंतर्गत कुल 4.5 लाख के ऋण प्रदान किए गये। जिससे महिलाओं के आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को कृषि कार्यों हेतु सशक्त करने के उद्देश्य से 1 केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) ऋण 3 लाख का भी स्वीकृत किया गया। ऋण स्वीकृति ही नहीं, बल्कि इस कार्यक्रम के दौरान भविष्य की संभावनाओं को भी मजबूती दी गई। बैंक द्वारा दो संभावित राइस मिल परियोजनाओं के लिए लगभग 22 करोड़ के ऋण सोर्स किए गये।

# कलेक्टर ने किया खाद-बीज वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण

अम्बिकापुर, 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर ने आज लुण्ड्रा विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित समिति बटवाही, ससौली एवं धौरपुर के खाद-बीज वितरण केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में उपलब्ध खाद-बीज की स्थिति, भंडारण व्यवस्था तथा वितरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली।



भोसकर ने इस खरीफ सीजन के लिए यूरिया, डीएपी, इफको, पोटाश, नैनो यूरिया, सुपर फास्फेट (दानेदार एवं पाउडर) जैसे उर्वरकों की आवक, अब तक हुई बिक्री और शेष स्टॉक की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटे और बड़े सभी किसानों को उनकी पात्रता अनुसार ही खाद-बीज का वितरण किया जाए, ताकि सभी किसानों को खाद-बीज सही समय पर प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद-बीज वितरण रजिस्टर, भंडारण व्यवस्था और स्टॉक पंजी की भी जांच की। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें समय पर और सही मात्रा में खाद-बीज मिल रहा है या नहीं। किसानों ने बताया कि उन्हें खाद-बीज उपलब्ध हो रहा है। कलेक्टर ने खाद-बीज की आवक और वितरण की नियमित एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री शतरंज सिंह, डीएमओ अरुण विश्वकर्मा, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी पीसी गुप्ता, कृषि विभाग उपसंचालक श्री पितांबर सिंह दीवान एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएचसी जीवन दीप समिति की साधारण सभा, एजेंडे की बैठक संपन्न

### 15 बिंदुओं पर व्यापक चर्चा के बाद बनी सहमति

**मनेंद्रगढ़,** 3 जून (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ के कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी में जीवन दीप समिति की साधारण सभा एवं एजेंडा की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में 17 बिंदुओं पर एजेंडा बैठक में समिति के सदस्यों के समक्ष रखा गया जिसमें दो को छोड़ सभी विषयों पर विचार विमर्श के बाद सहमति बनी और 15 बिंदुओं पर एजेंडा पास हो गया।



विदित हो कि सीएचसी मनेंद्रगढ़ में सन् 2022 - 23, 2023 - 24 और 2024 - 25 में ओपीडी, आयुष, आईपीडी, डिलेवरी, एनआरसी, ऑपरेशन तथा एक्सरे से होने वाले आय की भी जानकारी प्रस्तुत की गई। लगभग 3 घंटे चले इस बैठक में चिकित्सकों की ड्यूटी संबंधित चर्चा के साथ - साथ अस्पताल में सिटी स्कैन, खून जांच (ट्यूप), चिकित्सालय में बिजली समस्या अंतर्गत डायलिसिस यूनिट में नई वायरिंग व पॉवर हाउस मरम्मत अनुमानित लागत 35 लाख, चिकित्सालयीन एवं कार्यालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए आधार बेस एटेंडेंस, मानव संसाधन, स्टॉप नर्स, वार्ड आया, वार्ड ब्वॉय, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, ड्रेजर की नियुक्ति, जीवन दीप के कर्मचारियों का मानदेय कलेक्टर दर पर देने, आयुष्मान, चिकित्सालय के सभी डार्क स्थलों में सीसीटीवी कैमरा, चिकित्सालय में पुरानी टंकी को नया लगाने तथा पुरानी पाइप लाइन को हटाकर नई पाइपलाइन, सीजीएमएससी द्वारा कराए जा रहे कार्यों में बाथरूम, शौचालय के निकासी का व्यापक व्यवस्था को जल्द पूर्ण कराए जाने सहित चिकित्सालय के सभी दरवाजे, खिड़कियां बदलने तथा आय व्यय जैसे 17 विभिन्न विषय समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई थी जिस पर समिति सदस्यों के बीच व्यापक विचार विमर्श के बाद अहम निर्णय लिए है।

बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के उद्देश्य से निर्णय लिया गया कि ओपीडी में एक स्पेशलिस्टऔर एक मेडिकल ऑफिसर्स शाम 05 से 07 बजे तक बैठेंगे और जीवन दीप समिति के माध्यम से 15 से 20 स्टाप काम करने वाले रखे जाएंगे जिसमें स्टॉप नर्स, वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट और ड्रेसर शामिल है साथ ही अस्पताल की डार्क स्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने पर सहमति बनी है। साफ - सफाई एक बड़ा मुद्दा है जिस पर भी समीक्षा की गई जिसमें यह निर्णय लिया गया कचरा प्रतिदिन उठाया जाएगा। ताकि साफ सफाई की सुविधा बेहतर तरीके से सुनिश्चित हो सके। बैठक में खास रहा कि 60 साल से ऊपर वीपीएल कार्ड धारक उनका निशुल्क सभी प्रकार का जांच होगा खासतौर पर उनको रेफरल, एलएलसी और एक्सरे फिल्म वालों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा बाकि सामान्य रूप से डाक्टर और मरीज को मोबाइल में दे दिया जाएगा। सीएचएमओ अविनाश खरे, डीपीएम पुष्पेंद्र सोनी, एसडीएम सारथी, नगर पालिका मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर मनेंद्रगढ़ सहित मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉप, डॉ विकास पोद्दार, रामधुन जायसवाल, रवि अग्रवाल, संजीव कुमार सिंह, जयंती लाल यादव, गीता पासी,सहित समिति के सदस्य शामिल रहे।


## सार-संक्षेप

### 06 को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 06 जून 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक नायक मेटरनिटी एवं सर्जिकल सेंटर चांपा जॉजगीर द्वारा स्टॉफ नर्स के 12 पद, वार्ड अटेण्डेन्ट के 10 पद,एक्स-रे टेक्नीशियन के 3 पद, व लेब टेक्नीशियन के पद पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी। उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता निर्धारित किया गया है। स्टॉफ नर्स के लिए बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम, वार्ड अटेण्डेन्ट के लिए 10 वी, एक्स-रे टेक्नीशियन के लिए एक्स-रे, सीटी टेक्नीशियन, रेडियोग्राफी में डिप्लोमा, लैब टेक्नीशियन हेतु डीएमएलटी एवं वेतनमान स्टॉफ नर्स के लिये वेतनमान 10 हजार रुपए से 12 हजार रुपए, एक्स-रे टेक्नीशियन एवं लेब टेक्नीशियन के लिये 10 हजार रुपए से 11 हजार रुपए, वार्ड अटेण्डेन्ट के लिए 8 हजार रुपए निर्धारित की गई है। लेब टेक्नीशियन एवं वार्ड अटेण्डेन्ट के लिए 01-01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### राघवेंद्र सिंह को पार्टी ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, मध्यप्रदेश में बनाए गए कांग्रेस पर्यवेक्षक



जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। अकलतरा विधायक एवं जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह को कांग्रेस पार्टी ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संगठन महामंत्री के. सी. वेणुगोपाल द्वारा शनिवार देर रात जारी आदेश के माध्यम से की गई।

ज्ञात हो कि कांग्रेस पार्टी इस वर्ष को संगठन वर्ष के रूप में मना रही है, और इसी कड़ी में विभिन्न प्रदेशों में वरिष्ठ नेताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। राघवेंद्र कुमार सिंह की नियुक्ति को पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वे वर्तमान में अकलतरा के विधायक होने के साथ-साथ जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष भी हैं।

उनके नेतृत्व में संयुक्त जिला जांजगीर-चांपा में कांग्रेस पार्टी को विधानसभा चुनावों में सभी सीटों पर शानदार सफलता मिली थी। उनके संगठनात्मक अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में भारी उत्साह है और सभी ने श्री सिंह को शुभकामनाएं दी हैं।

### जनदर्शन में आये दिव्यांग शंभू को कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने दिलाई बैटरी चलित ट्राइसाइकिल



सारंगढ़, 03 जून (देशबन्धु)। सारंगढ़ जनपद के ग्राम परसदा बड़े पंचायत निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग शंभूलाल यादव द्वारा मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल की मांग का आवेदन दिया गया। दिव्यांग शंभू ने बताया कि वह राइस मिल में मजदूरी करता था, जहां एक दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल होने पर उसके दाएं पैर को काटना पड़ा। एक पैर नहीं होने की स्थिति में वह अब न तो कोई मजदूरी कर पा रहा हूं और ना ही कही आ जा पा रहा हूं। परिवार वालों की सहायता से जीवन यापन के लिए घर पर ही एक छोटी सी किराना दुकान का संचालन कर रहा हूं किंतु कोई साधन नहीं होने से किराना दुकान का सामान आदि लेने बाजार आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है। अपनी इसी परेशानी को कलेक्टर महोदय की बताया तो उन्होंने मदद का भरोसा दिलाया, किंतु आज ही आवेदन देने और आज ही मदद मिल जाएगी ऐसा मुझे विश्वास नहीं था। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के माध्यम से अपर कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन और डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार मारबल द्वारा दिव्यांग को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की चाबी वितरित की गई। ट्राइसाइकिल मिलने से दिव्यांग शंभू को आने जाने में होने वाला शारीरिक कष्ट कम हो जाएगा और उसकी छोटी किराना दुकान का विस्तार करने के साथ वह अपनी आजीविका को भी बढ़ा सकेगा। दिव्यांग शंभू ने इस मदद के लिए कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के प्रति आभार प्रकट किया है।

### मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ



सारंगढ़, 03 जून (देशबन्धु)। आज मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जनपद पंचायत सारंगढ क्षेत्र के ग्राम सालर में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें जिला पंचायत सीईओ बर्मन विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, बीएफटी,ग्राम संगठन की महिलाएं, उद्यानिकी विभाग एवं पीएचई के अधिकारी सहित 106 सदस्य उपस्थित रहे तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन की जानकारी के साथ ही गुड गवर्नेंस की जानकारी भी प्रशिक्षण में दी गई तथा अधिकारियों ने यह भी बताया कि यह क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण अलग अलग गांवों में जारी रहेगा।

# जांजगीर-चांपा पुलिस की डिजिटल छलांग

## अब तक थानों में अपराध संबंधी जानकारी 12 तख्तियों में दर्ज की जाती थी,अब थानों में होगी 13 वीं डिजिटल तख्ती की निगरानी



जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। जिले में अपराध पर लगाम कसने और स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने थानों और चौकियों में एक नई डिजिटल व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। अब तक थानों में अपराध संबंधी जानकारी 12 तख्तियों में दर्ज की जाती थी, लेकिन अब इस पारंपरिक प्रणाली में तकनीक का तड़का लगाते हुए 13वीं 'डिजिटल तख्ती' की शुरुआत की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि यह नई तख्ती न केवल अपराधियों की डिजिटल प्रोफाइलिंग को सशक्त बनाएगी, बल्कि राष्ट्रीय पोर्टल और ऐप के साथ थाना स्तर पर एकीकृत सूचना संकलन को भी सुनिश्चित करेगी। सात प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की निगरानी अनिवार्य पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अब हर थाना प्रभारी को निम्नलिखित सात प्रमुख डिजिटल टूल्स पर रोज़ाना कार्यवाही करनी होगी।

### सात प्रमुख डिजिटल टूल्स

1. सीसीटीएनएस- अपराध और अपराधियों की राष्ट्रीय ट्रैकिंग प्रणाली
2. आईसीजेएस-इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम
3. ई-साक्ष्य- डिजिटल साक्ष्य संकलन के लिए मोबाइल एप
4. साइबर क्राइम.जीओव्ही.इन.- साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल
5. नेटग्रिड- खुफिया जानकारी का एकीकृत डाटा नेटवर्क
6. नेफिस- राष्ट्रीय फिंगरप्रिंट पहचान प्रणाली
7. क्राइ-मेक- अपराध और अपराधियों की रीयल टाइम जानकारी साझा करने वाला मंच

### पुराने अपराधियों की पहचान और पुनरावृत्ति की संभावना को चिन्हित किया जा सकेगा

अब थानों में अपराधियों के फिंगरप्रिंट से लेकर डिजिटल बयान तक का रिकॉर्ड इस डिजिटल तख्ती के ज़रिए अब पुलिस अपराधियों के डिजिटल बयान, फिंगरप्रिंट्स और अन्य तकनीकी सबूतों का संधारण करेगी। इससे न केवल विवेचना की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, बल्कि पुराने अपराधियों की पहचान और पुनरावृत्ति की संभावना को भी समय रहते चिन्हित किया जा सकेगा।

### स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में मील का पत्थर

इस पर पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय जिला पुलिस की पहल को स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा है, जिससे न केवल कामकाज में जवाबदेही बढ़ेगी, बल्कि अपराध नियंत्रण के लिए एक ठोस डिजिटल बुनियाद भी तैयार होगी।

**विजय पाण्डेय**
**पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चांपा**

## पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी

**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। जिले में 07 एवं 08 जून को ईद-उल-जूहा पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने इस आशय के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश अनुसार तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी श्रीमती गरिमा ठाकुर मो0न0 9713655935 की ड्यूटी सिविल लाईन एवं सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लगाई गई है। इसी प्रकार अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी लखेश्वर प्रसाद किरण मो0न0 9406206222 की ड्यूटी सरकण्डा एवं कोनी थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी विभोर यादव मो0न0 7000582399 की ड्यूटी तोरवा एवं तारबाहर थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी राहुल शर्मा मो0न0 7898881523 की ड्यूटी सिरगिट्टी थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सुश्री नेहा विश्वकर्मा मो0न0 9131179578 की ड्यूटी पुलिस कंट्रोल रूम और महिला थाना क्षेत्र में लगाई गई है।

# हत्या के मामले में 04 आरोपी गिरफ्तार

## शिवरीनारायण क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर हुई हत्या



जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम बिलारी में संपत्ति विवाद को लेकर हुई हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित कुल चार आरोपियों को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि प्रार्थी किशोर कुमार कुर्रे निवासी ग्राम बिलारी ने 02 जून को थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जमीन बंटवारे को लेकर उनके बड़े बेटे वीरेंद्र कुर्रे, दूसरी पत्नी कांति उर्फ सुशीला, राकेश कुर्रे एवं उनके साथी रामशंकर तुरी द्वारा आपसी विवाद में उनके नाती नरेश कुर्रे (उम्र 30 वर्ष) पर जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। घायल अवस्था में नरेश को पहले पामगढ़ अस्पताल ले जाया गया, फिर हालत गंभीर होने पर सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम वीरेंद्र कुर्रे निवासी बिलारी, हाल मुकाम भटगांव थाना भटगांव, जिला सूरजपुर कांति उर्फ सुशीला कुर्रे निवासी बिलारी, हाल मुकाम भटगांव थाना भटगांव, जिला सूरजपुर राकेश कुमार कुर्रे निवासी बिलारी, हाल मुकाम भटगांव थाना भटगांव, जिला सूरजपुर रामशंकर तुरी निवासी सत्यानगर, थाना भैयाथान, जिला सूरजपुर आरोपियों ने जमीन विवाद एवं नॉमिनी के नाम को लेकर हुई बहस के दौरान मिलकर नरेश पर प्राणघातक हमला किया। हमले में लोहे का कत्तानुमा हथियार और बांस का डंडा प्रयोग किया गया। हमले में नरेश की पत्नी रानी कुर्रे व प्रार्थी का छोटा बेटा कृष्ण कुमार कुर्रे को भी चोटें आईं हैं। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किया और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार किया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त हथियार भी जब्त किए गए। आरोपियों को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा, सउनि जयनंदन मार्बल, सउनि प्रमोद महार, प्रआर. विजय निराला, तारिकेश पाण्डेय, जगदीश रतनाकर, आरक्षक राजेश कश्यप, बेदराम पटेल, विवेक सिंह, आनंदराम साडे, रामगोपाल भारती, शिव कश्यप, प्रवीण साहू, तेरस साहू, मणिशंकर कश्यप, महेंद्र राज, टुकेश्वर डनसेना, राजेश कौशिक, द्वारिका साहू, प्रतीक सिंह, महिला आरक्षक सरोजनी कटकवार, पूजा भारती एवं सैनिक जय कठौतिया का विशेष योगदान रहा।

# दाई-बबा दिवस का होगा आयोजन आज

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लगेगा विशेष हेल्थ मेला

जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। जिले के आम नागरिकों को समर्पित बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक और पहल करते हुए 04 जून को विशेष दाई-बबा दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले नियमित हेल्थ मेला के अंतर्गत किया जाएगा। जिले के सभी 159 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में यह आयोजन व्यापक स्तर पर संपन्न होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष दिवस का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की समुचित जांच एवं परामर्श उपलब्ध कराना है। आयोजन के दौरान बुजुर्गों की रक्तचाप, रक्तशर्करा, मोतियाबिंद, हड्डियों की मजबूती, मानसिक स्वास्थ्य एवं संज्ञानात्मक परीक्षण जैसी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त वृद्धावस्था पोषण एवं आयुष आधारित परामर्श भी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाएगा, जिससे बुजुर्ग नागरिक स्वस्थ एवं सशक्त जीवन जी सकें। प्रशासन द्वारा समस्त विकासखंडों में हेल्थ मेलों की रूपरेखा तय कर ली गई है एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# फर्जी तरीके से मोबाइल सिम जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## साइबर टीम जांजगीर एवं थाना अकलतरा की संयुक्त कार्यवाही



जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशन अकलतरा के पास दिनेश मोबाइल नाम से मोबाइल दुकान संचालित करने वाले दिनेश कुमार देवांगन (38 वर्ष), निवासी गोपिया पारा अकलतरा को फर्जी तरीके से मोबाइल सिम जारी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी द्वारा विभिन्न ग्राहकों के नाम पर ओटीपी के माध्यम से फर्जी सिम जारी किए जाने की जानकारी मिलने पर थाना अकलतरा में धारा 420 भादवि, 67(ष्ट) आईटी एक्ट एवं 42(3),(श्व) टेली कम्युनिकेशन एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की गई। साइबर सेल व अकलतरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 1 नग रेडमी मोबाइल एवं 2 नग फिंगर प्रिंट डिवाइस जब्त किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 03.06.25 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अंजाम दिया गया। साइबर टीम से सउनि विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, आरक्षक विवेक सिंह, शाहबाज अहमद, श्रीकांत सिंह, गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, हजारीलाल मेरसा एवं थाना अकलतरा से सउनि राजेन्द्र क्षत्रिय की भूमिका रही।

## रजत उर्फ गोलू दीवान को किया जिला बदर

जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। जिले में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जन्मेजय महोबे ने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के प्रस्ताव पर आदतन अपराधी रजत उर्फ गोलू दीवान को जिला बदर किया है।

जिला दंडाधिकारी श्री महोबे ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों एवं निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए रजत उर्फ गोलू दीवान, पिता हरिहर दीवान, साकिन बम्हनीडीह थाना बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर-चांपा को जांजगीर-चांपा जिला एवं सरहदी जिला सक्ती, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, बालौदा बाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 01 वर्ष की कालावधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले में वृहद वृक्षारोपण का होगा आयोजन

## 5 जून को जिला एवं विकासखंड स्तर पर होगा आयोजन



जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम विकासखंड नवागढ़ के ग्राम धुरकोट में आयोजित किया जाएगा। वहीं विकासखंड स्तरीय आयोजन नवागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जगमहंत, जनपद पंचायत पामगढ़ में ग्राम पंचायत भिलौनी, जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत कुदरी, जनपद पंचायत अकलतरा पोड़ीदल्हा, जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत कपिस्दा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में विस्तृत कार्ययोजना के तहत जिले में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण से बचाव के लिए वृक्षारोपण सबसे कारगर उपाय है।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायत प्रतिनिधियों और सभी शासकीय-अशासकीय संस्थानों से अनुरोध किया कि वे कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसकी देखभाल भी करें।

### नदी, नालों, तालाबों के किनारे होगा वृक्षारोपण

कलेक्टर श्री महोबे के निर्देशन में ब्लॉक प्लांटेशन, नदी, नालों, तालाबों के किनारे, अमृत सरोवर स्थल के समीप वृक्षारोपण किया जाएगा। नदी-नालों और तालाबों के किनारे पौधरोपण होने से जल संरक्षण और तटबंधों की मजबूती को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे न केवल जैव विविधता को संबल मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर वृद्धि और मृदा संरक्षण जैसे लाभ भी देखने को मिलेंगे। आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय कार्यालय परिसरों, विद्यालय परिसरों एवं अन्य सुरक्षित स्थानों पर व्यापक रूप से पौधे लगाए जाएंगे।

# 91 अतिशेष व्याख्याताओं की काउंसिलिंग की गई

## स्कूल चयन के पश्चात दिया गया पदस्थापना आदेश पत्र



जांजगीर, 03 जून (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार आज जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में जिले के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में पदस्थ अतिशेष व्याख्याताओं की काउंसिलिंग प्रक्रिया आयोजित की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार भारद्वाज ने बताया कि कुल 91 अतिशेष व्याख्याताओं की काउंसिलिंग की गई। प्रक्रिया की शुरुआत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्याख्याताओं की काउंसिलिंग से हुई। इसके पश्चात महिला एवं पुरुष व्याख्याताओं की काउंसिलिंग की गई। वरिष्ठता के आधार पर व्याख्याताओं को विद्यालय चयन का अवसर दिया गया और चयन के तत्काल पश्चात उन्हें उनके चयनित विद्यालय में पदस्थापना का आदेश पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि काउंसिलिंग की प्रक्रिया शासन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न की गई है। इस अवसर पर एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल, डीएमसी आरके तिवारी सहित सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षक साझा मंच ने जिले में चल रही युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को विसंगति पूर्ण व भेदभावपूर्ण बताते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया। मंच ने 4 जून को आयोजित होने वाली काउंसलिंग का बहिष्कार करने की घोषणा की है।

# शिक्षक साझा मंच ने युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध किया प्रदर्शन



सोमवार को दोपहर 2 बजे व्याख्याता संवर्ग की काउंसलिंग के दौरान शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारी काउंसलिंग स्थल पहुंचे और सभी शिक्षकों से इस प्रक्रिया में भाग न लेने की अपील की। अपील पर सहमति जताते हुए कई शिक्षकों ने काउंसलिंग का बहिष्कार कर दिया और ऑडिटोरियम के मुख्य द्वार पर दो घंटे तक धरना दिया। इस दौरान सरकार विरोधी नारे भी लगाए गए। मंच के प्रदेश सह संयोजक बसंत चतुर्वेदी, जिला संयोजक संतोष शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, विकास सिंह और रविन्द्र राठौर ने कहा कि वर्तमान युक्तियुक्तकरण सेटअप 2008 के तय मानकों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि 2008 के वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत ढांचे के अनुसार, प्राथमिक विद्यालयों में 60 छात्रों पर एक प्रधान पाठक व दो सहायक शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शालाओं में एक प्रधान पाठक व चार शिक्षक निर्धारित थे, जिसे आज नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि वाणिज्य और संस्कृत संकाय के पदों में कटौती न की जाए और पूरी प्रक्रिया को तत्काल स्थगित किया जाए।

मंच ने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लागू करने से पहले सभी शैक्षिक संगठनों से सुझाव लिए जाएं। शिक्षक साझा मंच ने 4 जून को पुनः विरोध प्रदर्शन करने और काउंसलिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। सभी शिक्षक और संघ पदाधिकारियों से 4 जून को सुबह 9.30 बजे विरोध स्थल पर पहुंचने की अपील की गई है। प्रदर्शन में बसंत चतुर्वेदी, संतोष शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, विकास सिंह, रविन्द्र राठौर, योगेंद्र शुक्ला, विनोद चौबे, विकेश केशरवानी, सैयद रफीक, संगीता सोनी, डिंपी देवांगन, शंकर यादव, राजीव नयन शुक्ला समेत अनेक शिक्षक शामिल हुए।

# देश विदेश

## द. कोरिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए हो रहा मतदान

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में मंगलवार को मतदान हो रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा देश में मार्शल लॉ लगाने और इसके बाद उनके खिलाफ महाभियोग चलाए जाने से मचे सियासी उठा-पटक के बाद यह चुनाव हो रहा है। राष्ट्रपति पद के चुवाव में पांच उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ कोरिया (डीपी) के उम्मीदवार ली जे-म्यांग और सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पीपुल पावर पार्टी (पीपीपी) के किम मून-सू के बीच है। हाल के जनमत सर्वेक्षणों में श्री ली को 45 प्रतिशत और श्री किम को 36 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। विजेता उम्मीदवार को पांच साल के कार्यकाल के लिए बुधवार को बिना शपथ दिलाई जाएगी।

# आतंकवाद के खिलाफ भारत को मिला ब्रिटिश नेताओं का समर्थन

■ लेबर इंडिया फ्रेंडशिप ग्रुप्स ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन



**लंदन,** 3 जून (एजेंसियां)। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में ब्रिटिश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, पार्टी नेताओं, थिंक टैंक्स और भारत मैत्री समूहों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। इनमें 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारत की आतंकवाद-विरोधी रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने सीमा-पार आतंकवाद के खिलाफ भारत-ब्रिटेन सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की और वैश्विक सुरक्षा, न्याय और रणनीतिक साझेदारी के लिए साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। ब्रिटिश संसद में यूके की नागरिकता और आव्रजन मंत्री सीमा मल्होत्रा के साथ बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने लेबर पार्टी के भारत-मैत्री समूहों, जैसे लेबर फ्रेंड्स ऑफ इंडिया, लेबर कन्वेंशन ऑफ इंडियन ऑर्गेनाइजेशंस, सिख फॉर लेबर और हिंदू फॉर लेबर से मुलाकात कर आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकजुट रुख को रखा। उन्होंने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई और इसे वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा बताया। साथ ही उन्होंने स्थायी शांति, सुरक्षा और मानवता के लिए मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।लेबर इंडिया फ्रेंडशिप ग्रुप्स ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया। उन्होंने सहमति जताई कि आतंकी ढांचे को नष्ट करना और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकना जरूरी है।

## ब्रिटिश संसद के स्पीकर ने आतंकवाद को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया

**लंदन।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिंडसे हॉयल ने माना है कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक गंभीर खतरा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यहां हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिंडसे हॉयल से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में श्री प्रसाद ने पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की, जहां अनिर्वाचित और अनियंत्रित सैन्य अधिकारी आतंकवाद को एक सरकारी उपकरण के रूप में उपयोग करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह दृष्टिकोण न केवल लोकतंत्र को कमजोर करता है, बल्कि लोकतांत्रिक समाज की नींव को भी नष्ट करता है। स्पीकर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है।

# गाजा में मानवीय सहायता केंद्र पर इजरायल के हमले से 19 लोगों की मौत

**गाजा,** 3 जून (एजेंसियां)। दक्षिणी गाजा पट्टी के मानवीय सहायता वितरण केंद्र में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर इजरायल कर सेना द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम 19 फिलिस्तीनी मारे गए। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी मिली है। सूत्रों के अनुसार पश्चिमी राफा में मानवीय सहायता वितरण का इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर इजरायल की सेना द्वारा की गयी गोलाबारी में 19 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मई के अंत से मानवीय सहायता वितरण केंद्रों पर इसी प्रकार के कई इजरायली हमले हुए हैं, जिनमें 75 लोग मारे जा चुके हैं जबकि 400 से अधिक घायल हुए हैं। अल जज़ीरा ने रिपोर्ट में कहा कि मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की।



**मई में संघर्ष में हुई उल्लेखनीय वृद्धि के बीच इज़रायल के अधिकारियों ने गाजा पट्टी के लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक नई योजना की घोषणा की : अल जज़ीरा**

## इज़रायल की सेना ने रामल्लाह के निकट फिलिस्तीनी युवक को मारी गोली

रामल्लाह। इजरायल की सेना ने एक फिलिस्तीनी युवक की गोली मार दी, जो कथित तौर पर पश्चिमी तट के शहर रामल्लाह के पास सेना पर पत्थर और मोलोटोव कॉकटेल फेंक रहा था। रामल्लाह स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नागरिक मामलों के प्राधिकरण ने हमें सोमवार को रामल्लाह के उत्तर में सिंजिल शहर में इजरायली सेना की गोलीबारी में 14 वर्षीय यूसुफ फुआद फुकाहा की मौत की सूचना दी। इस बीच फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने फुकाहा को उस समय गोली मार दी जब वह शहर के उत्तरी हिस्से में था। सूत्रों ने कहा कि बाद में इजरायली बलों ने पास के एक फिलिस्तीनी घर पर छापा मारा कर निगरानी कैमरे की फुटेज मिटा दी। इसी क्षेत्र में वह युवक मारा गया था। उधर इजरायली सेना ने एक बयान में कहा है कि उसके बलों ने एक फिलिस्तीनी की पहचान की थी जो सड़क पर पत्थर फेंकने और सैनिकों पर खतरनाक पदार्थ वाली बोतलें फेंक रहा था।

# कराची में पाक मलीर जिला जेल से 2 कैदी भाग निकले, 78 फिर से पकड़े गए

■ दो हजार से अधिक कैदियों को उनकी बैरकों से गिनती के लिए लाया गया था



**कैदियों को खुले मैदान में इकट्ठा होने देने का फ़ैसला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी : मुराद अली शाह**

**कराची,** 3 जून (एजेंसियां)। पाकिस्तान में कराची के मलीर जिला क्षेत्र में कम तीव्रता के भूकंप के कारण जेल अधिकारियों द्वारा अस्थायी आपातकालीन निकासी के दौरान 200 से अधिक कैदी जेल से भाग निकले।

भ्रम और अफरातफरी के बीच बचाव कार्य बड़े पैमाने पर जेलब्रेक में बदल गया और कई कैदियों को भागने का मौका मिल गया।सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम नबी मेमन के अनुसार निकासी प्रक्रिया के दौरान दो हजार से अधिक कैदियों को उनकी बैरकों से गिनती के लिए लाया गया था। लेकिन सुरक्षा उपाय जल्द ही पूरी तरह से अराजकता में बदल गए, क्योंकि सैकड़ों ने भागना शुरू कर दिया। जेल में तैनात फ्रंटियर कोर के जवानों ने उन्हें पीछे धकेलने के लिए बड़े पैमाने पर हवाई फायरिंग की, लेकिन उनमें से 213 भाग निकले।

अब तक केवल 78 भागने वालों को पकड़ा गया है, जिनमें से एक को फ्रंटियर कोर ने जेलब्रेक के दौरान मार गिराया, जबकि स्थिति और बिगड़ गई। तीन से ज़्यादा एफसी कर्मी भी बुरी तरह घायल हो गए। सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने जेल से बड़े पैमाने पर भागने की घटना के बाद कहा कि कैदियों को खुले मैदान में इकट्ठा होने देने का फ़ैसला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से कह कि मैं कोई भी निर्णयात्मक बात नहीं कहना चाहता, लेकिन मेरा शुरुआती विचार यह है कि उन्हें (मैदान में) बाहर जाने देना ग़लत था। एसएसपी मलीर ने बताया कि मलीर जिला जेल से 500 से 600 कैदियों ने भागने की कोशिश की। 100 से ज़्यादा कैदी भाग निकले और उनमें से 73 को फिर से पकड़ लिया गया, जबकि भागने वाले अन्य लोगों की तलाश जारी है। जेल अधीक्षक अरशद शाह के मुताबिक भूकंप के दौरान जेल की बैरक में 6,000 से ज़्यादा लोग मौजूद थे। घटना के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि निकासी के दौरान कुछ कैदी ताले तोड़कर भागने लगे और दीवारों पर चढ़ने लगे। यह घटना मैरी गेट के पास हुई, जहाँ 1,000 से ज़्यादा कैदी जमा थे। उन्होंने बताया कि जब कर्मचारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, तो एक कैदी ने अधिकारी से राइफल छीन ली और गोली चला दी। इससे फ्रंटियर कोर के जवान और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गए। कैदियों ने जेल कर्मचारियों पर पत्थरों और डंडों से हमला भी किया। सिंध के जेल मंत्री अली हसन ने मलीर जेल से कैदियों के भागने की घटना का संज्ञान लिया है और आईजी जेल और डीआईजी जेल से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि इलाके की घेराबंदी की जाए।

# बाइडेन की ओर से जारी किए गए क्षमादानों की जांच करेगा अमेरिकी न्याय विभाग

**वाशिंगटन,** 3 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी क्षमादान अटॉर्नी एड मार्टिन ने अपने कर्मचारियों को सूचित किया कि उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन की ओर से उनके प्रशासन के अंतिम दिनों में जारी किए गए क्षमादानों की जांच करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्याय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मार्टिन को पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के अंतिम दिनों में अपने परिवार के सदस्यों और मृत्युदंड के कैदियों को दी गई क्षमा की जांच करने का निर्देश दिया गया है। न्याय विभाग के क्षमा अटॉर्नी के रूप में कार्यरत मार्टिन ने एक ईमेल में खुलासा किया कि जांच इस बात पर केंद्रित है कि क्या बाइडेन अपने कार्यकाल के दौरान सक्षम थे और क्या उन्हें ऑटोपेन या अन्य तरीकों के माध्यम से दवाब बनाया गया था। ऑटोपेन एक ऐसा उपकरण है जो स्वचालित रूप से दस्तावेज पर हस्ताक्षर करता है और श्री ट्रम्प और उनके समर्थकों द्वारा अपुष्ट दावे किए गए हैं कि श्री बाइडेन द्वारा अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान इस उपकरण का उपयोग उनके कार्यों की वैधता पर सवाल उठाता है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या बाइडेन ने क्षमादान के लिए ऑटोपेन का उपयोग किया था। जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री मार्टिन यह जांच करने की योजना बना रहे हैं कि क्या यह क्षमादान श्री बाइडेन के शासनकाल के दौरान उनके अधिकार क्षेत्र में था या फिर कुछ लोग उनपर इसका दबाव बनाकर उनका शोषण कर रहे थे।



## सिडनी में ड्रग्स की तस्करी करने वाले 7 लोग गिरफ्तार

**सिडनी,** 3 जून (एजेंसियां)। सिडनी में ड्रग्स को इंपोर्ट करने वाले एक आपराधिक गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। न्यू साउथ वेल्स स्टेट पुलिस फोर्स और फेडरल लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसी के 41 ऑफिसर की मल्टी एजेंसी स्ट्राइक टीम ने दी है। इस टीम ने मंगलवार को बताया कि कथित तौर पर 300 किलोग्राम से ज्यादा ड्रग्स के इंपोर्ट के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक 42 वर्षीय शख्स और उसके सहयोगी बड़ी मात्रा में ड्रग्स और अवैध तंबाकू का इंपोर्ट कर रहे थे। इसकी जांच के लिए सितंबर 2023 में एक स्ट्राइक फोर्स की स्थापना की गई। एमएएसटी ने बताया कि ग्रुप ने कथित तौर पर ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर कंट्रोल्स को दरकिनार किया था। 42 वर्षीय शख्स ड्रग्स के इंपोर्ट को सुविधाजनक बनाने के लिए साउथ-वेस्ट सिडनी में एक माल ढुलाई करने वाली कंपनी की मदद ले रहा था। अगस्त 2024 में कनाडा से इंपोर्ट एक इंडस्ट्रियल कूलर में 280 किलोग्राम से ज्यादा लिक्विड मेथामफेटामाइन पाया गया, जिसके बाद सिंडिकेट के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

**समस्या** | *फिलीपींस ने की हेल्थ इमरजेंसी की घोषणा*

# युवाओं में बढ़े एचआईवी के 5 प्रतिशत मामले

**मनीला, 3 जून (एजेंसियां)। फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को देश में एचआईवी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने की सिफारिश की, क्योंकि युवाओं में एचआईवी के मामले 5 प्रतिशत बढ़ गए हैं। स्वास्थ्य सचिव टेओडोरो हर्बोसा ने एक वीडियो संदेश में बताया कि 15 से 25 साल के युवाओं में एचआईवी के मामलों में वृद्धि हुई है। इस साल जनवरी से मार्च तक हर दिन 57 नए मामले सामने आए, जो पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में सबसे ज्यादा हैं। डीओएच के अनुसार, पिछले 1 सालों में नए एचआईवी मामले दोगुने से भी ज्यादा हो गए हैं।**

■ पिछले 10 सालों में नए एचआईवी मामले दोगुने से भी ज्यादा हो गए हैं



साल 2014 में रोजाना 21 मामले थे, जो 2024 में बढ़कर 48 हो गए। जनवरी से अप्रैल 2025 तक हर दिन 56 मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल की तुलना में 44 प्रतिशत ज्यादा हैं। फिलीपींस में एचआईवी के मरीजों की उम्र कम होती जा रही है।

डेटा के मुताबिक, 2006 से सबसे ज्यादा मामले 25 से 34 साल की उम्र वालों में देखे गए हैं। एचआईवी का मुख्य कारण यौन संपर्क है, खासकर पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने वाले पुरुषों में यह ज्यादा देखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, एचआईवी एक वायरस है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है। इसका सबसे गंभीर रूप एड्स है। एचआईवी शरीर की श्वेत रक्त कोशिकाओं पर हमला करता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और टीबी, संक्रमण या कैंसर जैसी बीमारियां आसानी से हो सकती हैं। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के खून, स्तन के दूध आदि से फैलता है। यह किस, गले लगाने या खाना बांटने से नहीं फैलता। यह मां से बच्चे को भी हो सकता है। एंटी रेट्रोवाइरल थेरेपी से एचआईवी की रोकथाम और इलाज किया जा सकता है। अगर इलाज न हो तो एचआईवी कई साल बाद एड्स बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वयस्कों और किशोरों के एचआईवी रोग के लिए अपनी परिभाषा तय की है। साथ ही 5 साल से कम उम्र के एचआईवी पॉजिटिव बच्चों को भी एडवांस एचआईवी रोग की श्रेणी में रखा जाता है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 4 जून , 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 9**

### राशिफल

मेष - आज शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मानसिक रूप से भी प्रसन्न रहेंगे। अपनी रचनात्मकता से कुछ नया कर पाने की स्थिति में रहेंगे। आज आपका मन साहित्य और कला में लगेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

वृषभ - आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन और संपत्ति के कागजात पर ध्यान से हस्ताक्षर करें। दोपहर के बाद स्थिति में सुधार होगा।

मिथुन - आज का दिन सुख- शांतिपूर्वक गुजरेगा। भाइयों के साथ रखे मेल-जोल से आपको लाभ होगा। मित्रों और स्वजनों से भी आज मुलाकात होगी। दोपहर के बाद नकारात्मक विचारों से मन में किसी बात की चिंता हो सकती है।

कर्क - आज आप के लिए लाभ के कई अवसर मिलने वाले हैं। परिजनों का साथ मिलेगा। वाणी की सुंदर शैली से अपना काम आसानी से बना पाएंगे। दोपहर के बाद प्रवास या पर्यटन का कार्यक्रम बन सकता है।

सिंह - आज आप दृढ़शक्ति के साथ सभी काम कर पाएंगे। घर के बड़ों से आप को लाभ होगा। मैरीड कपल के बीच प्यार ज्यादा रहेगा। आज दोपहर बाद वाणी में उग्रता हो सकती है। पारिवारिक वातावरण में भी मेल-जोल रहेगा।

कन्या - मन को आज भावना के प्रवाह में न बहने दें। किसी बात की उलझन हो, तो आज उसे किसी भी तरह दूर करने का प्रयास करें। किसी के साथ उग्र चर्चा और झगड़े में न पड़ें।

तुला - नए काम आज शुरू ना करें। आज बहुत सोच-विचार में रहने वाले हैं। इससे मनोबल में कमी आएगी। मित्रों से आप को विशेष लाभ होगा। व्यापार में भी लाभ होगा, लेकिन दोपहर के बाद इमोशनल रहेंगे।

वृश्चिक - व्यापार में आज आपकी प्रतिभा की बहुत प्रशंसा होगी। काम बहुत सरलता से पूरे होंगे। स्थायी संपत्ति के मामलों के लिए समय अच्छा है। सरकारी काम से लाभ होगा। गृहस्थ जीवन में मधुरता रहेगी।

धनु - आज आप के स्वभाव में उग्रता रहेगी। साथ में स्वास्थ्य कुछ कमजोर भी रहेगा। धार्मिक यात्रा की भी संभावना है। व्यापार में विवाद होने की आशंका बनी रहेगी, परंतु दोपहर के बाद काम में कुछ सुधार होगा।

मकर - आज बीमारी पर खर्च अधिक होगा। आकस्मिक खर्च भी हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र बहस न हो जाएं, इसका ध्यान रखें। बाहर के खाने-पीने से आज परहेज करें। गलत कामों से आप दूर रहें।

कुंभ - आज व्यापार में भागीदारों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मनदु:ख के प्रसंग बनेंगे। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। घर का वातावरण शांतिमय रहेगा। दैनिक कार्य में कुछ विघ्न आ सकते हैं।

मीन - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। परिवार के सदस्यों के साथ आज मेल-जोल बने रहेंगे। दैनिक कामों में विलंब होंगे। ऑफिस में साथियों का सहयोग कम मिलेगा। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1896- हेनरी फॉर्ड ने अमेरिका के डेट्रॉइट शहर में अपना पहला मॉडल परीक्षण के लिए उतारा।
1919- अमेरिकी नौसेना ने कोस्टारिका पर हमला किया।
1928- चीन के राष्ट्रपति हांग जोलिन की जापानी एजेंट ने हत्या की।
1929- जॉर्ज ईस्टमेन ने पहली रंगीन फिल्म का नमूना पेश किया।
1936- हिंदी सिनेमा की जानी मानी अभिनेत्री नूतन का जन्म। उन्हें बंदिनी, सुजाता, अनाड़ी सहित अनेक फिल्मों में उनकी सदाबहार अदाकारी के लिए जाना जाता है।
1940- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की सेना ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में प्रवेश किया।
1944- अमेरिकी सेना ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रोम में प्रवेश किया।
1959- सी राजगोपालाचारी ने स्वतंत्र पार्टी बनाने की घोषणा की।
1964- मालदीव ने संविधान का निर्माण किया।
1970- ब्रिटेन से अलग होकर टोंगा एक स्वतंत्र देश बना।
1975- अमेरिकी अभिनेत्री एंजेलिना जोली का जन्म।
1982- इस्राइल ने दक्षिण लेबनान पर हमला किया।
1989- चीन की राजधानी बीजिंग में थ्येनआनमन चौक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर सैन्य कार्रवाई।
1991- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली गैर साम्यवादी सरकार यूरोपीय देश अल्बानिया में बनी।
1997- दूरसंचार उपग्रह 2डी कक्ष में पहुंचा।
2001- नेपाल नरेश दीपेन्द्र का अस्पताल में निधन। वीर बिक्रम शाह ने नेपाल के सम्राट का पद संभाला।
2003- डोमिनिक गणराज्य की 18 वर्षीय सुंदरी एमीलिया वेगा मिस यूनिवर्स-2003 बनीं।

## सुडोकू 6933

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 3 | 7 | | 4 |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | | |
| | 2 | | | 1 | | | | |
| | 1 | 8 | 6 | | 7 | 3 | 9 | |
| | | | | 8 | | | 5 | |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| 6 | | | 4 | | | | | |
| 9 | | 1 | 7 | 2 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6933

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. हानिकारक, अपकार करम वाला, अल्याणकारी
४. 'एजेंट'
६. रुकना, ठहरना चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरूता, भारीपन,गौरव, महत्व
१५. बंधुत्व
१७. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन. बगीचा
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन होकर नीचे की ओर झूलना, टंगना
२४. निर्माण संबंधी, सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**
१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपात (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी ऊंगली के ओर की बीच की ऊंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब भरोसा
१३.संपूर्ण, समाप्त (उर्दू)
१४. आकाष .नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८ लेखक, लिपिकार
१९. पूजा, उपासना
२०. लालसा, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6932

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | स्थि | २ क | ल | ३ श | ■ | ४ ग | ड़ | ५ ब | ड़ी |
| किं | ■ | म | ■ | ६ शि | क्षि | त | ■ | ल | ■ |
| ७ च | तु | र | ■ | व | ■ | ८ का | रा | वा | ९ स |
| न | ■ | तो | ■ | १० द | ला | ल | ■ | ■ | म |
| ■ | ११ भ | ड़ | १२ क | ना | ■ | ■ | १३ वि | ज | य |
| ■ | ला | ■ | ट | ■ | १४ क | दा | पि | ■ | पा |
| १५ भा | ई | १६ चा | रा | ■ | रू | ■ | १७ न | १८ के | ल |
| ग्य | ■ | टु | ■ | १९ मृ | णा | २० ल | ■ | व | ■ |
| २१ वा | टि | का | ■ | गां | ■ | २२ स | फ | ल | २३ ता |
| न | ■ | २४ र | वि | क | र | ■ | ■ | ■ | ली |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6933 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 3 |

## दुनिया को जानें

### 25 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग के युवा भारतीय 45 से 55 की उम्र में होना चाहते हैं रिटायर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय, खासकर 25 वर्ष या उससे कम आयु वर्ग के लोग जल्दी रिटायरमेंट लेना पसंद करते हैं। इस ग्रुप में से 43 प्रतिशत युवा 45 से 55 वर्ष की आयु के बीच रिटायर होना चाहते हैं। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। 56 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स ने 55 से 65 वर्ष की आयु के बीच रिटायर होने की योजना बनाई है, जो भारत में स्टैंटडर्ड रिटायरमेंट प्रैक्टिस के अनुरूप है। ग्रांट थॉर्नटन भारत की सर्वे-रिपोर्ट में कहा गया है कि 55 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स को 1 लाख रुपए से अधिक मासिक पेंशन की उम्मीद है। हालांकि, केवल 11 प्रतिशत का मानना है कि उनके मौजूदा निवेश इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार समर्थित योजनाएं सबसे पसंदीदा विकल्प बनी हुई हैं, जिसमें 39 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स ऐसी योजनाओं के पक्ष में हैं। युवा पार्टिसिपेंट्स को हाई-रिस्क, हाई-रिटर्न प्लान पसंद आते हैं। 25 वर्ष से कम उम्र के 31 प्रतिशत पार्टिसिपेंट्स ने इस तरह के विकल्पों में रुचि व्यक्त की है। यह निष्कर्ष युवा जनसांख्यिकी के बीच रिस्क लेने की बढ़ती महत्वकांक्षा को दिखाता है।

# खेल जगत

## गुकेश की जीत के लिए धनुष ने दी 'बहुत-बहुत बधाई'

**चेन्नई।** विश्व नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने और पूरे देश को गौरवान्वित करने के लिए विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश को देशभर से बधाई मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब अभिनेता धनुष ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह देश के लिए प्रेरणा हैं। गुकेश ने नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट में क्लासिकल फॉर्मेट में कार्लसन को हराकर बड़ी जीत हासिल की। यह जीत दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता में उनकी पहली जीत थी। गुकेश को बधाई देने के लिए अभिनेता धनुष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, 'वर्ल्ड के नंबर 1 खिलाड़ी को हराने और पूरे देश को गौरवान्वित करने के लिए डी गुकेश को बहुत-बहुत बधाई। आपका धैर्य सराहनीय है और सभी के लिए प्रेरणा है।



## इंग्लैंड लायंस के दूसरे मैच में उपलब्ध नहीं रहेंगे शुभमन गिल और साई सुदर्शन

- केएल राहुल और आकाशदीप के इंडिया के लिए खेलने की उम्मीद
- नायर और शतक जड़ पहले टेस्ट के लिए दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





**नई दिल्ली,** 3 जून (देशबन्धु)। भारत के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल और उनके साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज के लिए भारत की 18 सदस्यीय टीम में चुने गए आईपीएल 2025 में उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन उसकी धरती पर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 6 जून से शुरू हो रहे दूसरे अनधिकृत चार दिन के क्रिकेट टेस्ट में इंडिया ए के लिए नहीं खेलेंगे। हालांकि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चुने गए केएल राहुल इंडिया ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इस 6 से 9 जून तक खेले जाने वाले इस दूसरे अनधिकृत टेस्ट में खेलने की उम्मीद है। सूत्रों पर यकीन करें तो शुभमन गिल और साई सुदर्शन अब इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय मुख्य टेस्ट टीम के साथ 6 जून को इंग्लैंड रवाना होंगे। भारतीय टीम अपने इंग्लैंड दौरे का आगाज उसके खिलाफ 20 जून को लीड्स में पहला टेस्ट खेल कर करेगी।

इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेले गए ड्रॉ रहे पहले अनाधिकृत टेस्ट की पहली पारी में करुण नायर ने दोहरा शतक जड़ कर पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में स्थान पाने का दावा मजबूत किया है जबकि इसी मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल ने दोनों पारियों में सरफराज खान ने पहली पारी में तथा कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन , सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और नीतिश रेड्डी ने दूसरी पारी में अर्द्धशतक जड़े थे। इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे अनधिकृत टेस्ट के बाद भारतीय क्रिकेट टीम इंडिया ए के खिलाफ बेकेनहम में एक आपसी मैच खेलेगी और इसके बाद भारतीय टीम पहले टेस्ट के लिए लीड्स रवाना होगी।

जब इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में पांच टेस्ट की सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित की गई थी तब यह कहा गया था कि कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन इंडिया ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट के लिए टीम से जुड़ जाएंगे। इंडिया ए के खिलाफ पहले अनाधिकृत ड्रॉ रहे टेस्ट में कैंटरबरी में इंग्लैंड के लिए खेल चुके छह टेस्ट खिलाड़ी शामिल थे और और अब अनधिकृत टेस्ट के लिए क्रिस वोक्स भी इंग्लैंड लायंस टीम से जुड़ जाएंगे।

आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए मंगलवार को खेले फाइनल से पहले खिताब की होड़ से बाहर गुजरात टाइटंस के लिए पहले छह छह अर्द्धशतक जड़ साई सुदर्शन (15 मैच, 759 रन) रन बनाने में पहले स्थान पर रह अपन सिर ऑरेंज कैप सजाने में उनके सलामी जोड़ीदार कप्तान शुभमन गिल (15 मैच, 650 रन) रन बनाने में तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के लिए इंडिया ए को तेज गेंदबाज आकाशदीप भी उपलब्ध होंगे। आकाशदीप पीठ की चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद भारतीय टीम से बाहर थे लेकिन उन्हें फिट घोषित किया गया गया है। इंडिया ए के लिए पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनाधिकृत टेस्ट की पहली पारी में इंडिया के लिए मुकेश कुमार ने सबसे ज्यादा तीन, शार्दूल ठाकुर ने दो तथा अंशुल काम्बोज,नीतीश हर्ष दुबे, नीतिश रेड्डी व करुण नायर ने एक एक विकेट चटकाया था।

भारतीय टेस्ट में सीम गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में शामिल रेड्डी ने पहली पारी में 14.5 और शार्दुल ने 28 ओवर फेंके थे। अब इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट में शार्दुल और नीतिश रेड्डी खासतौर पर गेंद से बेहतर प्रदर्शन कर पहले टेस्ट के लिए भारतीय एकादश में स्थान पाने का मजबूत दावा पेश करना चाहेंगे। वहीं अब जब इंग्लैंड लायंस द्वारा इंडिया ए के खिलाफ की टीम में दूसरे अनधिकृत टेस्ट में बॉक्स को शामिल किए जाने की उम्मीद है तो करुण नायर इसमें भी शतकीय पारी खेल अपना पहला टेस्ट के लिए भारत की एकादश में जगह पाने का मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे। वहीं केएल राहुल भी इस अनाधिकृत टेस्ट में इंडिया ए के लिए खेलने उतर खुद को इंग्लैंड के नाम मौसम के मुताबिक ढालने की कोशिश करेंगे।

## कोहली-रोहित को शानदार विदाई देने की योजना बना रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया



**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। रोहित शर्मा और विराट कोहली पिछले 12 महीनों के भीतर टेस्ट और टी20आई से संन्यास ले चुके हैं। वह अब भारत के लिए केवल वनडे फॉर्मेट खेलते नजर आएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार खेलने पर एक यादगार विदाई दी जाएगी। भारत को 19-25 अक्टूबर तक पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इसके बाद 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच टी20आई मैच खेले जाएंगे। महिला टीम भी डब्ल्यूपीएल-2026 खत्म होने के बाद मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली है। टॉड ग्रीनबर्ग ने मंगलवार को एक वर्चुअल बातचीत में आईएएनएस के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि यह भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों के जरिए हाइलाइट किया गया क्रिकेट का एक बड़ा समर सीजन है। इसके साथ ही एशेज भी है। लगभग दो दशकों में पहली बार, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पूरे देश में हर एक शहर की राजधानी और क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेगा। ये आश्चर्यजनक है, जब आप इसके साथ होने वाली लॉजिस्टिक

■ भारत को 19-25 अक्टूबर तक पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है

एक्सरसाइज के बारे में सोचते हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अपनी प्री-सेल विंडो खोलते हुए आधिकारिक तौर पर एक दिन में सर्वाधिक टिकट बेचने की घोषणा की है। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई फैंस और विदेशी दर्शकों को निश्चित रूप से उम्मीद होगी कि वे भारत की पुरुष और महिला टीम के दौरे के अलावा एशेज के दौरान पैसा वसूल कर पाएंगे, खास तौर पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दर्शकों की संख्या और टिकट बिक्री के नए आयाम छूने के बाद। ग्रीनबर्ग ने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में टिकट बिक्री के कुछ रिकॉर्ड तोड़ने वाले आंकड़े देखे थे। मुझे उम्मीद है कि हम गर्मियों में कई टिकट्स बिकते हुए देखेंगे, जो वास्तव में अगस्त से शुरू होकर मार्च तक चलेगा। इसलिए इस बार की गर्मी ऐसी हो सकती है, जैसा हमने पहले कभी नहीं देखा होगा, क्योंकि हमारे पास इतना ज्यादा कंटेंट है ग्रीनबर्ग इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के प्रमुख रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप आने वाले खिलाड़ियों की क्वालिटी के बारे में सोचते हैं, खासकर भारत से, तो यह आखिरी बार हो सकता है, जब हम विराट कोहली या रोहित शर्मा को अपने देश में खेलते हुए देखें।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट की केन्द्रीय अनुबंध सूची में चार नए चेहरे

**वेलिंग्टन,** 3 जून (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने विकेटकीपर बल्लेबाज मिशेल हे, ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास, तेज गेंदबाज जैक फॉल्क्स और लेग स्पिनर आदित्य अशोक चार नए चेहरों को इस बार केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल किया हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा जारी 20 राष्ट्रीय खिलाड़ियों के केन्द्रीय अनुबंध में ईश सोढ़ी, एजाज पटेल, टिम साउथी और जोश क्लार्कसन को इस वर्ष अनुबंध की पेशकश नहीं की गई। इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केन विलियमसन, डेवोन कॉन्वे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फग्यूसन ने केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है। उनके आकस्मिक खेल अनुबंधों पर चर्चा जारी है। नए चेहरों में मिशेल हे ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ



एकदिवासीय सीरीज के दौरान नाबाद 99 रन बनाए थे और अब्बास ने इसी श्रृंखला के दौरान 24 गेंदों पर सबसे तेज अपना पहला एकदिवसीय में अर्द्धशतक बनाया था। फॉल्क्स ने दस टी-20 मैच खेले हैं और पिछले वर्ष श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एकदिवसीय में पदार्पण किया था। अशोक ने 2023 में तीन अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, लेकिन मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ टीम का हिस्सा थे और हाल ही में न्यूजीलैंड ए के बंगलादेश दौरे पर उन्होंने चार दिवसीय मैच में 54 रन देकर पांच विकेट लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। न्यूजलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वेनिंक ने नए केन्द्रीय अनुबंध को लेकर कहा कि मिच, मुहम्मद, आदि और जैक के साथ अनुबंध हमारे साथ आने वाली अविश्वसनीय प्रतिभा को दर्शाते हैं। इन खिलाड़ियों ने दिखाया है कि वे उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के केन्द्रीय अनुबंध की नयी सूची इस प्रकार है:- मुहम्मद अब्बास, आदित्य अशोक, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मिच हे, मैट हेनरी, माइकल ब्रेसवेल, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विलियम 'ओ' रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ और विल यंग।

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधु ने नोजोमी ओकुहारा को हराया, लक्ष्य सेन बाहर

**जकार्ता,** 3 जून (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं, लक्ष्य सेन मंगलवार को पहले दौर के कड़े मुकाबले में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने एक घंटे 19 मिनट तक चले महिला सिंगल्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को 22-20, 21-23, 21-15 से मात दी। पीवी सिंधु और नोजोमी ओकुहारा के बीच कड़ी टक्कर हुई। इस दौरान कई गेम और मैच प्वाइंट शामिल थे। शुरुआती गेम में भारतीय शटलर ने दमखम दिखाया। सिंधु ने एक गेम प्वाइंट बचाया और आक्रामक शॉट लगाकर 22-20 से मैच अपने नाम किया। दूसरे गेम में सिंधु ने शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन इंटरवल तक वह 7-11 से पीछे चल रही थीं। इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी की और पावरफुल क्रॉस-कोर्ट स्मैश के साथ दो मैच प्वाइंट जुटाए, लेकिन बार-बार की गई सिंधु की गलतियों ने




■ सिंधु ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करने के साथ दूसरे राउंड में अपनी जगह को पक्का कर लिया है

ओकुहारा को 20-20 से बराबरी पर ला दिया और जापानी शटलर ने आखिरकार गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने गैर-जरूरी जोखिम से बचते हुए सतर्क रुख अपनाया। सिंधु ब्रेक के समय 11-9 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने अपनी लय हासिल की, लगातार जीत हासिल करते हुए 20-12 से आगे निकल गईं। उन्होंने आठ मैच प्वाइंट जुटाए और पांचवें को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित करते हुए राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। मैच के बाद सिंधु ने 14 साल में ओकुहारा के साथ अपने पिछले मुकाबलों को याद किया।

## सार संक्षेप

### खो-खो के वैश्विक विकास को सशक्त बना रहा है केकेएफआई

**गुरुग्राम।** खो-खो के वैश्विक विकास को सशक्त बनाने और इसके वैज्ञानिक व तकनीकी आधार को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने अंतर्राष्ट्रीय खो-खो महासंघ (आईकेकेएफ) के तत्वावधान में विश्वभर के कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए एडवांस्ड लेवल III-ए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया है। यह कोर्स 2 जून को श्री गुरु गोबिंद सिंह टर्सेंटेनरी (एसजीटी) विश्वविद्यालय, बुढेड़ा में शुरु हुआ है और 15 जून तक चलेगा। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीलंका, बांग्लादेश, ईरान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कोरिया और मलेशिया जैसे सात देशों के लगभग 2 अंतरराष्ट्रीय कोच और अधिकारी भाग ले रहे हैं, जिनके साथ भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 5 कोच और 65 तकनीकी अधिकारी भी शामिल हैं। कोचों के प्रशिक्षण सत्र 2 जून से 11 जून तक आयोजित किए जा रहे हैं, इसके बाद 12 जून से 15 जून तक तकनीकी अधिकारियों के लिए सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### रोड्रिग्स 'मई प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामित

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में नामित किया हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मई महीने के पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकन की घोषणा की है। आईसीसी ने महिला वर्ग में पिछले महीने में सफेद गेंद प्रारुप में बेहतरीन बल्लेबाजी करने वाली भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स, वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को 'मई माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' के चयन को लेकर नामित किया हैं। पुरुष वर्ग में स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और अमेरिका के मिलिंद कुमार ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की दावेदारी की है।

## मंधाना मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित



**दुबई,** 3 जून (एजेंसियां)। भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को पिछले महीने श्रीलंका में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित किया गया है। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को भी सीमित ओवरों के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग में नामित किया गया है। पुरुष वर्ग में, स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के मिलिंद कुमार और संयुक्त अरब अमीरात के सलामी बल्लेबाज मुहम्मद वसीम को सफेद गेंद के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद नामित किया गया है।

रॉड्रिग्स ने श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला के तीन मैचों में 204 रन बनाए, जिसमें मेजबान टीम के खिलाफ फाइनल में उपयोगी 44 रन शामिल हैं। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1]01 गेंदों में 123 रन की पारी खेली, क्योंकि उन्होंने भारत को तीन टीमों के टूर्नामेंट में जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज की कप्तान मैथ्यूज, जो वर्तमान में टी20 में नंबर 1 ऑलराउंडर और वनडे में दूसरे स्थान पर हैं।

## 5 जुलाई को होगा नीरज चोपड़ा क्लासिक 225 का आयोजन

**बेंगलुरु,** 3 जून (एजेंसियां)। नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन अब 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होगा। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी घोषणा की है। इससे पहले यह आयोजन 24 मई को होना था, लेकिन भारत-पाकिस्तान विवाद के चलते सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए और राष्ट्र के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इसे स्थगित कर दिया गया था। भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का ऐतिहासिक आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा मंजूरी दी गई है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के चीफ कमर्शियल ऑफिसर करण यादव ने कहा कि नीरज



नीरज चोपड़ा क्लासिक को इतनी जल्दी वापस लाने के लिए बड़े सामूहिक प्रयासों की जरूरत पड़ी है : **करण यादव**

चोपड़ा क्लासिक को इतनी जल्दी वापस लाने के लिए बड़े सामूहिक प्रयासों की जरूरत पड़ी है। हमें 5 जुलाई को इसकी वापसी की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। हमारी टीमों ने काफी मेहनत की है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, कर्नाटक ओलंपिक एसोसिएशन, कर्नाटक सरकार और हमारे सहयोगियों के अटूट समर्थन ने इसे मुमकिन बनाया है। इस आयोजन के इर्द-गिर्द मौजूद उत्साह पहले से कहीं ज्यादा है। हम भाला फेंक का ऐसा जश्न मनाने के लिए तैयार हैं, जो पहले से ज्यादा बेहतर और भी यादगार होगा। वर्ल्ड एथलेटिक्स से स्वीकृत गोल्ड इवेंट के रूप में नीरज चोपड़ा क्लासिक, ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर भारत की स्थिति को ऊपर लाता है। इसमें एलीट जैवलिन थ्रोअर्स की शानदार लाइन-अप शामिल होगी, जिसमें टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर, एंडरसन पीटर्स समेत कई ओलंपिक मेडलिस्ट हिस्सा लेंगे।

## प्रदीप नरवाल ने कबड्डी से लिया संन्यास

**मुम्बई,** 3 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुंबई में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 की नीलामी में किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर प्रदीप नरवाल ने कबड्डी खेल से संन्यास ले लिया है। परदीप ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम लाइव में कहा कि सच कहूं तो उस वक्त मुझे कुछ महसूस नहीं हुआ। मैंने सोचा था कि कोई न कोई टीम जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि जब मैं पटना के लिए खेलता था, तब मैं 200-300 प्वाइंट्स बनाता था। अब तो 111 या 122 भी कम लगते हैं। मैं हर मैच में 15-16 प्वाइंट्स बनाना चाहता था, सिर्फ तीन-चार नहीं। परदीप ने कहा कि वह संन्यास लेन के बाद कोचिंग में हाथ आजमाएंगे। परदीप को प्रो कबड्डी के इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने कबड्डी को देशभर में लोकप्रिय बनाने में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने पटना पाइरेट्स को लगातार तीन सीजन (सीजन तीन से पांच तक) में चैंपियन बनाया।



## बुब्लिक ने ड्रेपर को हराया, पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**पेरिस,** 3 जून (एजेंसियां)। कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्रैंड स्लैम स्तर पर पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। जैक ड्रेपर को चार सेटों में हराकर अंतिम आठ में अपना स्थान पक्का किया।

अपने जूनियर दिनों से क्ले-कोर्ट मेजर में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए बुब्लिक ने ड्रेपर के खिलाफ 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 की जीत के साथ सप्ताह के अपने दूसरे शीर्ष 10 शिकार को हराया। बुब्लिक, जिन्होंने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराने के लिए दो सेट से वापसी की, खेल के इतिहास में एकल ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले कजाकिस्तान के पहले व्यक्ति बन गए। कोर्ट सुजैन-लेंगलेन की भीड़ के एक मिनट तक खड़े होकर तालियां बजाने के बाद, भावुक बुब्लिक ने कोर्ट पर दिए गए साक्षात्कार में कहा कि कभी-कभी जीवन में केवल एक ही मौका होता है, और मुझे लगता था कि यह मेरा मौका है, और मैं इसे हाथ से जाने नहीं दे सकता। यहां खड़े होकर, यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल है, बस। एटीपी रैंकिंग में 62वें स्थान पर, बुब्लिक, रौला गैरो में दो शीर्ष 10 जीत हासिल करने वाले सबसे कम रैंक वाले व्यक्ति हैं, जब से 100वें स्थान पर काबिज आंद्रेई मेदवेदेव ने पीट सम्प्रास और गुस्तावो कुर्टेन को हराकर 1999 के फाइनल में प्रवेश किया था। 27 वर्षीय बुब्लिक, जिन्होंने पिछले मई में करियर का सर्वोच्च विश्व नंबर 17 हासिल किया था, अपनी चार पेरिस जीत के बाद शीर्ष 40 के कगार पर पहुंच गए हैं। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, एटीपी लाइव रैंकिंग में इस सप्ताह नंबर 4 पर पहुंचने वाले ड्रेपर के खिलाफ, बुब्लिक ने अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 79 प्रतिशत अंक जीते और छह में से पांच ब्रेक पॉइंट्स को कन्वर्ट किया। ब्रिटिश नंबर 1 के साथ तीन लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत थी। बुब्लिक 2023 में विंबलडन में एक बार पहले भी एक मेजर में चौथे राउंड तक पहुंचे थे।

बुब्लिक, जिन्होंने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराने के लिए दो सेट से वापसी की

## जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में नोरी को हराकर 100वीं जीत हासिल की

**पेरिस,** 3 जून (एजेंसियां)। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में ब्रिटेन के कैमरून नोरी को एकल वर्ग में हराकर अपनी 100वीं जीत हासिल की है। खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल में 38 वर्षीय जोकोविच ने ब्रिटेन के नोरी पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और लगातार 16वें साल रोलांड गैरोस के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि यह बहुत सुंदर संख्या है, लेकिन 101 जीत बेहतर लगती है। मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है। मैं इस खेल में इतिहास रचकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जिसने मुझे मेरे जीवन में सब कुछ दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी के कारण मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा। महिला वर्ग में 22 वर्षीय फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड लोइस बोइसन ने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 3-6, 6-4, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की।

मैं एक और जीत की तलाश जारी रखूंगा, जाहिर है कि मेरे लिए यह यहीं खत्म नहीं हुआ है : **नोवाक जोकोविच**



# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| ग्रासिम | 1.12 प्रतिशत |
| बजाज ऑटो | 0.58 प्रतिशत |
| शिपला | 0.20 प्रतिशत |
| हिन्डाल्को | 0.14 प्रतिशत |
| डॉ रेड्डी लैब | 0.05 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 2.42 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.74 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.69 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.62 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.53 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,000 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,460 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6000-6100 |
| दाल चना | 7000-7100 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 9000-9100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## डीआरआई बड़े तस्करी नेटवर्क को तोड़ने और मादक पदार्थों के व्यापार पर अंकुश लगाए : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) से तेजी से जटिल होते भू-राजनीतिक वातावरण और सुरक्षा खतरों के बीच तस्करी नेटवर्क और मादक पदार्थों के व्यापार से निपटने के लिए टेक्नोलॉजी-ड्रिवन अप्रोच अपनाने को कहा। डीआरआई के नए मुख्यालय का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सतही स्तर के प्रवर्तन से आगे जाकर गहरे प्रणालीगत खतरों को सामने लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए, जो केवल ऊपरी जब्ती तक ही सीमित नहीं होना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा, 'अगर आप छोटी मछलियां पकड़ते हैं तो यह अच्छा नहीं है। बड़ी तस्करी की चेन को ट्रैक करके उस पर कार्रवाई करनी होगी। हमें उन नापाक चेन को खत्म



सतही स्तर के प्रवर्तन से आगे जाकर गहरे प्रणालीगत खतरों को सामने लाने की आवश्यकता है। सम्पूर्ण तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त करना किसी भी जांच का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए: **निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**

करना होगा।' सीतारमण ने मादक पदार्थों को सबसे गंभीर राष्ट्रीय खतरा बताया और स्कूलों और कॉलेजों को मादक पदार्थ तस्करों के निशाने पर आने से रोकने के लिए राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ तत्काल समन्वय का आह्वान किया। वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' मंत्र को वह भावना बताया जिसके साथ प्रवर्तन एजेंसियां आगे बढ़ती हैं।

उन्होंने प्रवर्तन ढांचे में आधुनिक टेक्नोलॉजी के गहन और तेज एकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने डेटा-संचालित, खुफिया-संचालित कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा, 'एआई के बारे में बहुत सारी बातें हो रही हैं, लेकिन अब मैं एआई का उपयोग करके ठोस परिणाम देखना चाहती हूं।' वित्त मंत्री ने प्रवर्तन एजेंसियों के लिए तीन मार्गदर्शक सिद्धांत बताए, जिसमें नियमों को निष्पक्ष रूप से लागू करना, व्यापार प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखना और प्रवर्तन को उच्च प्रभाव वाला बनाना शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'अधिक आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे डेटा एनालिटिक्स और इसी तरह की अन्य चीजों के उपयोग को सिस्टम में गहराई से और अच्छी तरह से एकीकृत करने की आवश्यकता है।'

### नीति आयोग ने राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए वर्कशॉप की आयोजित

*नई दिल्ली। नीति आयोग ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए देहरादून में स्टेट सपोर्ट मिशन (एसएसएम) के अंतर्गत एक दिवसीय रिजनल वर्कशॉप आयोजित की गई। इस वर्कशॉप का आयोजन नीति आयोग ने उत्तराखंड सरकार के स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफोर्मिंग उत्तराखंड (सेतु) आयोग के सहयोग से किया था। नीति आयोग की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'सेंट्रल सेक्टर स्कीम के तहत स्टेट इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफोर्मेशन (एसआईटी) के माध्यम से नीति आयोग और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के बीच स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए यह सीरीज की पहली वर्कशॉप है।' इस वर्कशॉप का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसएसएम पहलों पर अपने अनुभव साझा करने और एक-दूसरे से सीखने के लिए एक साथ एक मंच पर लाना है।*

## भारत और फ्रांस को द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए करना चाहिए काम: पीयूष गोयल

**पेरिस,** 3 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और फ्रांस को द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए, क्योंकि दोनों देशों के बीच व्यापार को मौजूदा 15 अरब डॉलर के स्तर से बढ़ाने की पर्याप्त गुंजाइश है। भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों को उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों में गहन सहयोग की दिशा में काम करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, 'हम केवल 15 अरब डॉलर से संतुष्ट नहीं हो सकते। क्योंकि इसकी गुंजाइश कहीं ज्यादा है।' उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यटन, मैन्युफैक्चरिंग और वैश्विक क्षमता केंद्रों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए सीईओ फोरम के तहत निजी क्षेत्र में संयुक्त कार्य समूह बनाने का सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह भी घोषणा की कि भारत और फ्रांस व्यापार और नियामक बाधाओं को दूर करने में व्यवसायों की मदद करने के लिए राजदूत स्तर पर एक



'हम केवल 15 अरब डॉलर से संतुष्ट नहीं हो सकते। क्योंकि इसकी गुंजाइश कहीं ज्यादा है : **पीयूष गोयल**

फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म को एक्टिव करेंगे। उन्होंने कहा, 'इससे हमें व्यापार के नए क्षेत्र खोजने और विनियमन के दायरे को पार करने में एक-दूसरे का समर्थन करने में मदद मिलेगी।' उन्होंने बताया कि भारतीय व्यवसाय अक्सर यूरोपीय संघ के जटिल नियामक वातावरण से भ्रमित होते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, 'यह एक उलझन है, खासकर तब जब प्रत्येक यूरोपीय संघ के सदस्य देश के अपने नियम हैं।' केंद्रीय मंत्री ने फिर से पुष्टि की कि भारत और यूरोपीय संघ 2025 के अंत से पहले एक व्यापक व्यापार समझौते को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ भी बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों और भारतीय शिपिंग सेक्टर में बड़े अवसरों पर चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने पेरिस में ब्रिटेन के कारोबार एवं व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स और सऊदी अरब के वाणिज्य मंत्री डॉ. माजिद बिन अब्दुल्ला अल-कसाबी के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी योजना बनाई है। पीयूष गोयल फ्रांस और इटली की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जो प्रमुख यूरोपीय भागीदारों के साथ रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, केंद्रीय मंत्री गोयल की यात्रा एक मजबूत और समावेशी वैश्विक विकास के लिए एक साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।

## ओपनएआई ने भारत में अपने 'एआई फॉर इम्पैक्ट एक्सेलेरेटर प्रोग्राम' के अलगे चरण की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। चैटजीपीटी निर्माता ओपनएआई ने मंगलवार को भारत में अपने ग्लोबल 'एआई फॉर इम्पैक्ट एक्सेलेरेटर प्रोग्राम' के अगले चरण की घोषणा की। इस पहल के हिस्से के रूप में, 11 गैर-लाभकारी संगठनों को नए एपीआई क्रेडिट प्राप्त होंगे, जिससे इस पहल के तहत तकनीकी अनुदान का कुल मूल्य 1,50,000 डॉलर हो जाएगा। ओपनएआई एपीआई क्रेडिट एक प्रीपेड पेमेंट मेथड के रूप में काम करता है, जिसका अर्थ है कि क्रेडिट कार्ड के माध्यम से मासिक बिलिंग पर निर्भर रहने के बजाय, यूजर्स एडवांस में क्रेडिट खरीद सकते हैं और जरूरत के अनुसार उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। यह प्रयास अब व्यापक 'ओपनएआई एकेडमी' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एआई को अधिक सुलभ, उपयोगी और वास्तविक चुनौतियों को हल करने में सक्षम बनाना है।

कंपनी के अनुसार, पिछले एक साल में, इस कार्यक्रम के माध्यम से समर्थित भारतीय गैर-लाभकारी संगठनों ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, विकलांगता समावेशन और लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एआई टूल विकसित और डिप्लॉय किए हैं। यह कार्यक्रम एजेंसी फंड, टेक4डीईवी और टर्न डॉट आईओ के साथ साझेदारी में चलाया जा रहा है।

## सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रुपए हुई, चांदी एक लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 187 रुपए बढ़कर 96,867 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार को 96,680 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,730 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,559 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,650 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,510 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



सोने के साथ चांदी की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 2,669 रुपए बढ़कर 1,00,460 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 97,761 रुपए प्रति किलो थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि 2000 रुपए की रैली के बाद गोल्ड का प्रदर्शन एमसीएक्स पर 97,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर करीब सपाट रहा। अमेरिकी में अहम आर्थिक आंकड़ों से पहले सोना कंसोलिडेशन फेस में है। उन्होंने आगे कहा कि सोने आने वाले समय में 95,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से लेकर 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम की रेंज में रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। सोना 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,384 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.67 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 34.46 डॉलर प्रति औंस पर था। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,705 रुपए या 27.18 प्रतिशत बढ़कर 96,867 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 14,443 रुपए या 16.17 प्रतिशत बढ़कर 1,00,460 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। इसके अतिरिक्त रुपए में आज 16 पैसे की गिरावट हुई, जिसके कारण डॉलर के मुकाबले घरेलू मुद्रा 85.53 पर बंद हुई।

## सार संक्षेप

### लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रभावित ग्राहकों के लिए उठाए विशेष कदम

**नई दिल्ली।** लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस ने हाल ही में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा पार हुई गोलाबारी में वाहनों को हुए नुकसान में अपने ग्राहकों को तत्काल सहायता प्रदान करते हुए एक्स-ग्रेसिया क्लेम निपटान की पहल की। कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि यह कंपनी इस तरह की परिस्थितियों में ग्राउंड पर जाकर सहायता प्रदान करने और मानक मोटर बीमा पॉलिसियों के तहत शामिल न किए गए दावों को निपटाने वाली पहली बीमा कंपनियों में से एक बन गई है। आमतौर पर उद्योग मानकों के अनुसार युद्ध, हमले और विदेशी शत्रुओं की गतिविधियों से होने वाली क्षति को बीमा पॉलिसियों में कवर नहीं किया जाता है। हालांकि, 'लोग पहले' की भावना से प्रेरित होकर, लिबर्टी ने अपनी नीति शर्तों से परे जाकर यह कदम उठाया और असमर्थ परिस्थितियों में ग्राहकों के साथ खड़ा होने का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### आ गई टाटा की हैरियर ईवी एसयूवी, आमंत्रण मूल्य 21.49 लाख रुपए से शुरू

**मुंबई।** वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स ने मंगलवार को अपनी बहुप्रतीक्षित हैरियर डॉटईवी लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी मुंबई में शुरुआती एक्स शोरूम आमंत्रण कीमत 21.49 लाख रुपए है। कीमत में चार्जर और इंस्टॉलेशन लागत शामिल नहीं है। चार्जर विकल्प चार्जएब पर उपलब्ध होंगे। कंपनी ने यहां कहा कि इसे दो बैटरी विकल्पों 65 किलोवॉट और 75 किलोवॉट में लांच किया गया है और सी75 अनुमानित वास्तविक रेंज 48 से 55 किलोमीटर है। यह 6.3 सेकेंड में 1 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पकड़ने में सक्षम है। 1.5 सी पर 15 मिनट की फास्ट चार्जिंग से 25 किलोमीटर तक की दूरी तय की जा सकती है। कंपनी ने कहा कि हैरियर डॉटईवी एक नई मानसिकता की शुरुआत करती है। यह एक एसयूवी है, जो रोमांच और मौज-मस्ती के बीच चयन करने के लिए मजबूर नहीं करती बल्कि यह दोनों प्रदान करती है।

### आईसीईए ने टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग-व्यापी पहल की शुरू

**नई दिल्ली।** इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने मंगलवार को भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन को सहयोगात्मक रूप से बढ़ावा देते हुए एक यूनिक उद्योग-व्यापी पहल की घोषणा की। यह कार्यक्रम कंपनियों को एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एनर्जी एफिसिएंसी, मटीरियल साइंस जैसे डोमेन में ट्रांसफोर्मेटिव इनोवेशन से जोड़ेगा। आईसीईए ने वेंचर कैपिटल फंड कैरेट कैपिटल के सहयोग से एक टेक्नोलॉजी इनोवेशन एक्सेस प्रोग्राम 'वेंचर एक्सेस लैब्स' लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माण कंपनियों को दुनिया भर से कटिंग एज टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की खोज, क्यूरेट और अडॉप्शन में सक्षम बना कर सशक्त बनाना है।

## चौतरफा मुनाफावसूली, शेयर बाजार में भूचाल

**मुंबई,** 3 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत निर्णय का इंतजार कर रहे निवेशकों की वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिका के बढ़ते राजकोषीय जोखिमों को लेकर चिंता के चलते निवेश धारणा कमजोर पड़ने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 636.24 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत का गोता लगाकर सात कारोबार सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 80,737.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत लुढ़ककर 24542.50 अंक रह गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.52 प्रतिशत टूटकर 45,159.96 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 52,563.44 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4144 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2266 में गिरावट जबकि 1731 में तेजी रही वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2999 कंपनियों के शेयरों में से 1696 में बिकवाली जबकि 1224 में लिवाली हुई वहीं 79 में टिकाव रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, मिश्रित वैश्विक संकेतों, भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के चलते अस्थिरता भरे मुद्रा बाजार के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहा और नकारात्मक दायरे में बंद हुआ। बाजार पर व्यापक मुनाफावसूली का असर देखा



गया। हालांकि रियल एस्टेट समूह को आरबीआई की संभावित ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से समर्थन मिला, जिससे यह समूह अन्य क्षेत्रों की तुलना में मजबूत बना रहा। इस दौरान, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में अपेक्षाकृत सीमित समेकन देखने को मिला, जिसका मुख्य कारण बेहतर आय वृद्धि की संभावनाएं और प्रीमियम मूल्यांकन में आई नरमी है। इसके विपरीत, लार्ज कैप शेयरों में निवेशकों द्वारा अधिक मुनाफावसूली दर्ज की गई।

बीएसई में कमोडिटीज और रियल्टी में 1.24 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे सीडी 0.36, ऊर्जा 0.88, एफएमसीजी 0.40, वित्तीय सेवाएं 0.80, हेल्थकेयर 0.21, इंडस्ट्रियल्स 0.59, आईटी 0.67, दूरसंचार 0.36, यूटिलिटीज 1.42, ऑटो 0.27, बैंकिंग 0.89, कैपिटल गुड्स 0.87, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.56, धातु 0.26, तेल एवं गैस 0.95, पावर 1.50, टेक 0.68, सर्विसेज 0.35 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.67 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13 और जापान का निक्केई 0.06 प्रतिशत गिर गया। वहीं, जर्मनी का डैक्स 0.12, हांगकांग का हैंगसेंग 1.53 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 प्रतिशत उछल गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 119 अंक की तेजी के साथ 81,492.50 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 81,774.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके बाद ऊंचे भाव पर शुरू हुई मुनाफावसूली से यह दोपहर बाद 80,575.09 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,373.75 अंक के मुकाबले 0.78 प्रतिशत की गिरावट लेकर 80,737.51 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा में 0.69 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य कंपनियों में गिरावट रही। इससे अडानी पोर्ट्स 2.42, बजाज फिनसर्व 1.74, बजाज फाइनेंस 1.69, पावरग्रिड 1.62, इटरनल 1.53, इंडसइंड बैंक 1.51, मारुति 1.33, एनटीपीसी 1.32, टीसीएस 1.30, अल्ट्रासिम्को 1.26, एक्सिस बैंक 1.13, टाटा मोटर्स 1.10, टाटा स्टील 1.10, एलटी 1.03, कोटक बैंक 0.92, आईसीआईसीआई बैंक ने 0.90 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

इसी तरह हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.88, इंफोसिस 0.76, भारती एयरटेल 0.68, आईटीसी 0.61, नेस्ले इंडिया 0.61, रिलायंस 0.60, एशियन पेंट 0.50, एसबीआई 0.45, सन फार्मा 0.43, एचडीएफसी बैंक 0.39, टाइटन 0.30, टेक महिंद्रा 0.28 और एचसीएल टेक के शेयर 0.09 प्रतिशत गिरे।

## तुर्की की कंपनी सेलेबी का मध्यस्थता आवेदन भारत में खारिज

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी का भारत में मध्यस्थता आवेदन खारिज हो गया है। यह जानकारी तुर्की की प्रवर्तक कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई। सेलेबी ने अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा कंपनी से करार रद्द किए जाने के बाद मध्यस्थता आवेदन अहमदाबाद की वाणिज्यिक अदालत में दायर किया था। जब भी दो कंपनियों के बीच कोई विवाद हो जाता है, तो उसे सुलझाने के लिए मध्यस्थता आवेदन को वाणिज्यिक अदालत में एक पक्ष के द्वारा दायर किया जाता है। सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 61 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सेलेबी एयरपोर्ट होल्डिंग ने कहा, 'अहमदाबाद वाणिज्यिक अदालत में अदाणी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के विरुद्ध 27 मई को दायर मध्यस्थता आवेदन को 02 जून को खारिज कर दिया गया था।' कंपनी ने कहा कि इस मुद्दे के खिलाफ अब वह सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेगी। पहलगाम आतंकवादी हमलों और 26 पर्यटकों की हत्या का बदला लेने के लिए भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की द्वारा पाकिस्तान को दिए गए समर्थन के मद्देनजर भारत सरकार ने भारतीय हवाई अड्डों पर तुर्की की ग्राउंड-हैंडलिंग कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी है।



■ 27 मई को दायर मध्यस्थता आवेदन को 02 जून को खारिज कर दिया गया

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दालें महंगी

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि उठाव बढ़ने से दालें महंगी हो गईं वहीं अन्य जिंसों में भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 50 रिंगिट की बढ़ोतरी लेकर 3938 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट उतरकर 46.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 660 रुपए, मूंगफली तेल 110 रुपए और पाम ऑयल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि सूरजमुखी तेल 1099 रुपए, सोया रिफाइंड 880 रुपए और वनस्पति तेल 256 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गया।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## 2225 के अंत तक आरबीआई से रेपो दर में 1 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद : नोमुरा

**नई दिल्ली,** 3 जून (एजेंसियां)। नोमुरा की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से 2025 के अंत तक रेपो रेट में 100 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है, इस कटौती के बाद रेपो रेट 6 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो जाएगी। नोमुरा की 'एशिया एच2 आउटलुक' रिपोर्ट में ग्लोबल ब्रोकरेज ने सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के अनुमान की तुलना में 6.2 प्रतिशत और मुद्रास्फीति आरबीआई के 4 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में 3.3 प्रतिशत, दोनों के खराब प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी है। नोमुरा ने कहा है कि यही कारण है कि ब्रोकरेज को उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक



■ कटौती के बाद रेपो रेट 6 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो जाएगी

रेपो दर सहित नीतिगत दरों में अतिरिक्त कटौती करेगा। शुक्रवार को आरबीआई के रेपो रेट के फैसले से पहले ब्रोकरेज को उम्मीद है कि आरबीआई जून, अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर 2025 में 25 आधार अंकों की दर कटौती कर सकता है। नोट में कहा गया है, 'हम उम्मीद करते हैं कि सरकार राजकोषीय अनुशासन बनाए रखेगी, जबकि मौद्रिक नीति मुख्य भूमिका निभाएगी।' नोमुरा ने कहा है कि आरबीआई से विदेशी मुद्रा में, विशेष रूप से यूएसडी/आईएनआर के मामले में, अधिक फ्लेक्सिबल होने की उम्मीद है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 4-6 जून को होने वाली है।

### रेपो रेट में एक और कटौती से किफायती रियल एस्टेट में आएगी तेजी : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** उद्योग विशेषज्ञों ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में ब्याज दरों में कटौती का असर कम उधारी लागत पर पड़ना, आवासीय रियल एस्टेट की मांग को बनाए रखने के लिए जरूरी है। खास तौर पर किफायती हाउसिंग सेगमेंट में, जो कि ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील है। मौजूदा सौम्य मुद्रास्फीति के माहौल और वित्त वर्ष 2025 में दर्ज 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को देखते हुए, रिजर्व बैंक इस शुक्रवार (6 जून) को 25-बीपीएस रेपो दर में कटौती कर सकता है।

# छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं-मुख्यमंत्री

## सीएम ने मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 विजेता दामिनी देवांगन को किया सम्मानित

### डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ देवांगन समाज का महाकुम्भ





**बिलासपुर**, 3 जून (देशबन्धु)। पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में आयोजित प्रदेश देवांगन समाज के महाकुंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विशिष्ट उपलब्धियों के लिए समाज के प्रतिभाशाली सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बिलासपुर निवासी और हाल ही में मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतने वाली दामिनी देवांगन को मुख्यमंत्री ने शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। दामिनी ने गोवा स्थित कैंडोलिम बीच होटल सोनेस्त में आयोजित नेशनल टैलेंट ब्यूटी पेजेंट शो में यह गौरव हासिल किया, जिसमें देशभर से आई प्रतिभाओं ने भाग लिया था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल बिलासपुर, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में हर्ष और गौरव की लहर है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने में देवांगन समाज समेत प्रदेश के सभी समाजों का सामूहिक योगदान बहुत जरूरी है। लोगों ने विश्वास और उम्मीदों के साथ प्रदेश में हमारी सरकार बनाई। हम भी लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में समाज के जनप्रतिनिधि, उत्कृष्ट बुनकर, होनहार छात्र, व्यापारी व चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। इसमें मुझे एक संगठित और प्रगतिशील समाज की झलक दिखी। मुख्यमंत्री ने देवांगन समाज की लिखित नियमावली का विमोचन किया। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि बुनकरों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री ने काम संभालते ही मजदूरी में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी थी। कार्यक्रम में विधायक किरण सिंहदेव, पुरंदर मिश्रा, शिवरतन शर्मा व मोतीलाल साहू और प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन मौजूद रहे।

### समाज की मांग- हर जिले में खोला जाए देवांगन छात्रावास

समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री साय से युवाओं की शिक्षा के लिए हर जिले में सर्वसुविधायुक्त देवांगन छात्रावास बनवाने की मांग की। इसके अलावा बुनकरी के लिए प्रशिक्षण व मशीनरी, दीपचंद देवांगन के नाम पर सर्वश्रेष्ठ बुनकर का राज्य पुरस्कार देने, 7 अगस्त बुनकर दिवस और बसंत पंचमी पर मां परमेश्वरी जयंती का उल्लेख सरकारी कैलेंडर में करने की भी मांग की गई।

# लकड़ी तस्करों ने डिप्टी रेंजर पर कुल्हाड़ी और रॉड से किया हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती





**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले के कोटा परियोजना मंडल के सेमरिया बीट से बड़ी खबर सामने आई है, जहाँ लकड़ी तस्करों ने वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। डिप्टी रेंजर अरविंद बंजारे पर तस्करों ने कुल्हाड़ी, लोहे की रॉड और लाठियों से हमला किया। बुरी तरह घायल डिप्टी रेंजर को पहले कोटा अस्पताल और फिर गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है।

घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है, जब वन विकास निगम की टीम को सेमरिया बीट में अवैध सागौन कटाई की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुँच कर घेराबंदी की, लेकिन तभी करीब 8 से 10 की संख्या में मौजूद तस्करों ने अचानक हमला बोल दिया। डिप्टी रेंजर बंजारे ने आखिरी दम तक विरोध किया और तस्करों को लकड़ी और वाहन ले जाने नहीं दिया। उनकी इस बहादुरी की निगम अफसरों ने सराहना की है। हमले के बाद तस्कर मौके से फरार हो गए। लेकिन टीम ने ट्रैक्टर, एक पिकअप वाहन और 17 सागौन लट्ठों को जब्त किया है। मंडल प्रबंधक सत्यदेव शर्मा ने बताया कि हमारे डिप्टी रेंजर ने बहादुरी से मुकाबला किया। तस्करों की पहचान की जा रही है, और सभी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

जब्त वाहन नंबर सीजी-07-एडीडब्ल्यू-4478 के आधार पर पुलिस तस्करों की तलाश में जुटी है। वन विभाग की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सेमरिया की यह घटना न केवल वन कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल उठाती है, बल्कि जंगलों में चल रही तस्करी की जमीनी हकीकत भी सामने लाती है। अब देखना है कि पुलिस और विभाग मिलकर तस्करों को कब तक सलाखों के पीछे पहुँचाते हैं।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई, 249 दुकानदारों पर कोटपा एक्ट के तहत जुर्माना

### स्वास्थ्य मंत्री ने कहा अमानक औषधियां बेचने या वितरित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी

**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों से एकत्र किए गए औषधि नमूनों की जांच में पांच दवाएं अमानक पायी गई हैं।

विभागीय जानकारी के अनुसार बिलासपुर रायपुर, , दुर्ग, सक्ति, राजनांदगांव, कोंडागांव, सूरजपुर सहित अन्य जिलों से कुल 34 औषधि नमूनों को एकत्र कर राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। मई 2025 में जांच उपरांत इनमें से 03 दवाएं गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरीं।

### अमानक घोषित दवाएं

विल्डमेड टैबलेट (बैच नं. व्हीजीटी 242068ए) निर्माता- वृंदावन ग्लोबल, सोलन (हि.प्र.)। रिफलीवे एम टैबलेट (बैच नं. एचजी 24080598) निर्माता-आई हील फार्मास्युटिकल्स, बद्दी (हि.प्र.)। डोंलोकैर डी एस सस्पेंशन (बैच नं. डीसीएन-002) निर्माता-क्विक्सोटिक फार्मा, मोहाली (पंजाब)।

इन दवाओं का उपयोग मधुमेह, बुखार व संक्रमण जैसे रोगों के उपचार में किया जाता है। विभाग द्वारा संबंधित उत्पादकों एवं वितरकों



के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, जनस्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अमानक औषधियां बेचने या वितरित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार प्रदेश में उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है। सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे केवल मान्यता प्राप्त व प्रमाणित दवाएं ही विक्रय करें।

### नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर कार्रवाई

राज्यभर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए औषधि निरीक्षकों की टीमों द्वारा मेडिकल स्टोर्स पर लगातार छापेमारी की जा रही है। शासन के निर्देश पर सभी मेडिकल प्रतिष्ठानों को सीसीटीवी कैमरे से युक्त किए जाने की दिशा में भी तेजी से कार्य जारी है।

### तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष अभियान

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राज्य में विशेष अभियान चलाया गया। औषधि निरीक्षकों द्वारा कोटपा अधिनियम, 2003 की धारा 4 व 6 के तहत शिक्षण संस्थानों के समीप पान दुकानों और सार्वजनिक स्थलों पर 249 चालान जारी किए गए। प्रत्येक पर ?100 की दर से जुर्माना लगाया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे दवाओं की खरीद करते समय गुणवत्ता और वैधता की जांच अवश्य करें तथा संदिग्ध औषधियों की सूचना विभाग को दें।

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर राजनीति शुरू, कांग्रेस ने विरोध में खोला मोर्चा

- **जिला मुयालयों में प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस प्रदेश भर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों के दतरों का घेराव करेगी**

**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण को लेकर प्रदेश भर में हड़कंप मच हुआ है । मुंगेली में तो पुलिस बल की मौजूदगी में युक्तियुक्तकरण की तमाम तरह की जांच प्रक्रिया में को सुनवाई हुई जिसमें शिक्षकों के नेताओं को अंदर नहीं जाने दिया गया। यह मामला अब राजनैतिक रूप लेते जा रहा है । युक्तियुक्त करण से प्रभावित हो रहे हजारों शिक्षकों के विरोध को देखते हुए कांग्रेस ने भी खिलाफ में मोर्चा खोल दिया है। अब इसके खिलाफ कांग्रेस जिला मुख्यालयों ने प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार की नीति के खिलाफ हल्ला बोलेगी । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार के इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम प्रदेश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस 5, 6 और 7 जून को प्रदेश के सभी जिलों में प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार के फैसले का विरोध दर्ज कराएगी। इसके माध्यम से जनता को बताया जाएगा कि कैसे युक्तियुक्तकरण की आड़ में सरकार ने 10463 स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर ली है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच पर सीधा असर पड़ेगा।

### बीईओ और डीईओ दफ्तरों का होगा घेराव

आंदोलन के अगले चरण में कांग्रेस 9, 10 और 11 जून को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों का घेराव करेगी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों तक यात्रा निकाल कर प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान 3 से 5 किलोमीटर की जन-जागरूकता यात्रा भी निकाली जाएगी जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और आमजन शामिल रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज स्वयं इस आंदोलन की अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई शिक्षा के अधिकार की है, और कांग्रेस बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देगी। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि इस जन आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### कांग्रेस का आरोप: शिक्षक हो जाएंगे बेरोजगार

कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी सरकार की इस नीति से न केवल शिक्षक बेरोजगार होंगे, बल्कि दूर-दराज़ के गांवों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। उनका यह भी कहना है कि स्कूलों का समापन नहीं बल्कि संसाधनों और शिक्षकों की संख्या में बढ़ोतरी की आवश्यकता है।

### कांग्रेस के आरोपों से किया इनकार



उप मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के आरोपों से इनकार करते हुए कहा-यह युक्तियुक्तकरण है, न कि स्कूल बंद करना।दो स्कूलों को एक किया जा रहा है ताकि संसाधन और शिक्षक दोनों का समुचित उपयोग हो सके। जहां शिक्षकों की अधिकता है, वहां से उन्हें कम स्टाफ वाले स्कूलों में भेजा जा रहा है।उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी, न कि गिरेगी।

# संरक्षा के सजग प्रहरी को जीएम तरुण प्रकाश ने सम्मानित किया



**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। रेल परिचालन में संरक्षा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । सजगता एवं बेहतर संरक्षा कार्य में सहभागिता निभाने वाले रेल संरक्षा के सजग प्रहरी कर्मचारियों का सम्मान महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा हर माह आयोजित संरक्षा बैठक के दौरान किया जाता है । इसी कड़ी में आज दिनांक 03 जून, 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत संरक्षा कोटि के 01 कर्मचारी को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय संरक्षा सबंधी कार्य निष्पादन के लिए महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश के द्वारा सम्मानित किया गया ।

बिलासपुर रेल मण्डल के यातायात सहायक-भगवती प्रसाद झारिया/ट्रैक मेंटेनर-1/लोहरा/बिलासपुर ने 09/05/2025 को एमआर-एलओए खण्ड के मध्य कार्य के दौरान देखा कि अप लाइन में जाने वाली एक गाड़ी संख्या एन/एसटीपीबी में इंजन से सातवीं वैगन के आगे वाली ट्रॉली में हॉट एक्सल के कारण आग लगी हुई है ।इन्होने तुरंत इसकी सूचना उस गाड़ी के ट्रेन मैनेजर को दी । तत्पश्चात, गाड़ी को रोक कर बालू - रेत से आग को बुझाया गया फिर आगे की कार्यवाही कर ट्रेन को सुरक्षित रवाना किया गया। संरक्षा कोटि के कर्मचारी को सम्मानित किए जाने के अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी अन्य विभागाध्यक्ष सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सिरगिटटी थाना क्षेत्र में आशांति फैलाने वालों को पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत किया गिरफ्तार



**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। आने-जाने वाले राहगिरो को चाकू दिखा कर डरा धमका रहा था। धारदार चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार। पुलिस आर्म्स एक्ट के तहत की कार्यवाही। कब्जे से 01 नग धारदार चाकू जप्त।

थाना सिरगिटटी से मिली जानकारी के अनुसार मामला इस प्रकार है कि आज दिनांक 03.06.2025 को सरप्राइज चेकिंग व पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि गोखले नाला पुल बन्नाक चौक के पास एक व्यक्ति के हाथ मे धारदार चाकू रख कर आने जाने वालो को डरा धमका रहा है तथा जोर जोर से चिल्ला रहा है घटना की सूचना मिलते ही तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह को अवगत कराया गया तथा आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक (सिविल लाईन) निमितेश सिंह के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर थाना प्रभारी सिरगिट्टी किशोर केवट द्वारा टीम गठित कर गोखले नाला पुल बन्नाक चौक के पास तिफरा पहुचे पुलिस को आता देख आरोपी अपने हाथ मे चाकू लेकर भागने के फिराक मे था सिरगिटटी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी के पकडकर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार चाकू जप्त किया गया आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 300/2025 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है।

# आयुक्त, रेलवे सेफ्टी मिश्रा ने जामगा-कोतरलिया विद्युतीकृत नई चौथी लाइन का किया निरीक्षण



**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास तथा ट्रेनों के गतिशील परिचालन हेतु मंडल में नई रेललाइन, दोहरी लाइन तीसरी लाइन एवं चौथी लाइन का कार्य व्यापक स्तर पर कराये जा रहे हैं । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा स्टेशनों के मध्य 206 किमी विद्युतीकृत चौथीलाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत जामगा-कोतरलिया स्टेशनों के मध्य 8.402 किमी विद्युतीकृत नई चौथी लाइन के निर्माण उपरांत इंटरलाकिंग सहित सम्पूर्ण कार्य पूरा होने के पश्चात् एसई सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी श्री बी.के.मिश्रा द्वारा आज इस नई चौथी लाइन का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण कोतरलिया स्टेशन से प्रारंभ हुई। आयुक्त द्वारा स्टेशन केबिन पैनल रूम तथा यार्ड का निरीक्षण किया गया तथा अधिकारियों से चर्चा की। इसके पश्चात उन्होने निरीक्षण टीम के साथ इस चौथी नई लाइन का जामगा स्टेशन तक मोटर ट्राली निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, ओएचई लाइन, ब्रिज, सिग्नलिंग उपकरण के साथ ही साथ परिचालन एवं संरक्षा से जुडे सभी पहलुओं का गहन अध्ययन तथा निरीक्षण किये तथा अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इसके पश्चात जामगा स्टेशन से कोतरलिया स्टेशन तक आब्जर्वेशन कार से स्पीड ट्रायल किया गया ।आयुक्त, रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद इस नई चौथी लाइन पर निर्बाध रूप से सवारी एवं मालगाडियों का परिचालन प्रारम्भ होगा जिससे परिचालन में गतिशीलता आएगी।

उनके साथ गए निरीक्षण टीम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) आलोक तिवारी, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राजमल खोईवाल सहित निर्माण विभाग, मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अधिकारीगण शामिल थे।

# किसान पंजीयन कार्य में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

### खाद-बीज एवं पौधरोपण की तैयारी की समीक्षा

**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों की टीएल बैठक लेकर लंबित मामलों सहित खेती-किसानी, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अरपा नदी के रूप में प्रकृति ने बिलासपुर को अनुपम उपहार दिया है। इसके दोनों किनारों पर सघन रूप से पौधे लगाकर इसकी सुन्दरता को और बढ़ाएं। उन्होंने खनिज, जलसंसाधन और नगर निगम बिलासपुर को जनभागीदारी के साथ इस कार्य को पूर्ण कराने का दायित्व सौंपा। कलेक्टर ने विभिन्न प्राधिकरण मदों के अंतर्गत कार्यों की जल्द स्वीकृति एवं पूर्व में स्वीकृति किये गये कार्यों की निर्माण गति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में एक पेड़ माँ के नाम अभियान-2 के तहत वृक्षारोपण तैयारी की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की तैयारी करें। उद्यान विभाग एवं वन विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में नर्सरी में पौधे उपलब्ध हैं। सभी उद्योगों एवं खनन क्षेत्रों में पौधे लगने चाहिए। बिहान महिला




समूह की दीदियां भी पौधे लगाने की इच्छुक हैं। उन्हें फलदार पौधे दिए जाएं ताकि आगे चलकर उन्हें इनका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने एक चक में ब्लॉक वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन पर जोर दिया ताकि बड़े क्षेत्र में हरियाली दिखे और लोग पर्यटन का भी आनंद उठा सकें। मुख्यमंत्री वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत किसानों को भी अपनी निजी भूमि में वृक्ष लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। तीन साल तक इसकी देख-रेख के लिए आकर्षक अनुदान भी वन विभाग द्वारा दिया जाता है। कलेक्टर ने कृषि विभाग को इस योजना के बारे में किसानों को जानकारी देकर लाभ दिलाने को कहा है।

कलेक्टर ने एग्रीस्टेक योजना के तहत किसान पंजीचन की अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। राज्य में मात्र 43 प्रतिशत उपलब्धि के साथ 27 वें नम्बर पर खड़ा है। कलेक्टर ने कृषि और राजस्व विभाग को मिलकर विशेष शिविर आयोजित कर शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएमओ पोर्टल, पीजीएन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त पत्रों के निराकरण की ताजा प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने हाई कोर्ट के प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि हाई कोर्ट के प्रकरणों का जवाब समय-सीमा में जाये, इसे सुनिश्चित किया जाये। किसी भी हालत में लंबित न हो। कलेक्टर ने कहा कि उच्च कार्यालयों से प्राप्त पत्रों का समय-सीमा में निराकरण को भी सीआर मतांकन का आधार बनाया जायेगा। उन्होंने सांसद एवं विधायक निधि के कार्यों की भी समीक्षा की और 15 दिनों में सभी प्राक्कलन प्रस्तुत करने के निर्देश निर्माण एजेन्सियों को दिए। उन्होंने मानसून के आगमन को ध्यान में रखते हुए खेती-किसानी से जुड़े खाद-बीज उपलब्धता की भी जानकारी ली। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, एडीएम शिवकुमार बनर्जी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# खनिजो के अवैध उतखनन परिवहन पर 7 वाहन जब्त

**बिलासपुर,** 3 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 03 जून को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा रतनपुर, लखराम, अकलतरी, सरवनदेवरी, गढ़वट एंव चोरहादेवरी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया जहाँ चोरहादेवरी,गढ़वट व सरवन देवरी क्षेत्र अंतर्गत खारंग नदी क्षेत्र से रेत का अवैध उतखनन कर परिवहन करते पाये गए 06 ट्रेक्टर वाहन एंव ईट का परिवहन करते 01 ट्रैक्टर वाहन कुल 07 वाहनों को खनिज नियमों के तहत जप्त कर पुलिस थाना रतनपुर को सुरक्षार्थ किया गया। खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही जारी है।

**NECC**

| 04.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 525 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |
| डिलीवरी | 540 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771